Postal Regn No./C.G./RYP DN/48/2022-24

website- www.dvpnews.in

रायपुर (छ.ग.) एवं झांसी (उ.प्र.) से एक साथ प्रकाशित राष्ट्रीय हिन्दी पत्र

दैनिक विश्व परिवार

● अंक : 197 ● वर्ष : 12 ● रायपुर, शनिवार 25 जनवरी 2025 ● पृष्ठ : 08 ● मूल्य : 3 रूपए ● संस्थापक : कीर्तिशेष- श्री कैलाश चन्द्र जैन

सुविचार

तप और त्याग की भावना करने से धन अपने आप बढ़ता है।

Wealth automatically increascs if the feeling of penance and abstinence exists.

आचार्य श्री विद्यासागर जी महाराज

संक्षिप्त समाचार

निर्वाचन कार्य में लापरवाही, प्राचार्य पर गिरी गाज, कलेक्टर ने किया निलंबित

रायपुर (विसं)। शहीद वीर नारायण सिंह महाविद्यालय बिलाईगढ़ के प्राचार्य उमाशंकर मिश्र की ड्यूटी नगर पंचायत भटगांव में सहायक रिटर्निंग ऑफिसर के पद में लगाई थी, लेकिन वह लगातार अनुपस्थित रहे। मामले में कार्रवाई करते हुए जिला निर्वाचन अधिकारी धर्मेश कुमार साहू ने प्राचार्य को निलंबित कर दिया है।

शंकर नगर ओव्हर ब्रिज में लग रहा लंबा जाम आवाजाही प्रभावित

रायपुर (विसं)। शंकर नगर ओव्हर ब्रिज के पास चालू हुआ सिग्नल लोगों के लिए राहत कम मुसीबत का कारण अधिक बना है। जब से सिग्नल सिस्टम शुरू हुआ है तब से ओव्हरब्रिज के चारों ओर लंबा यातायात जाम सुबह शाम लग रहा है। शांति नगर निवासी शैलेंद्र मिश्रा ने यातायात व्यवस्था सुगम बनाने के लिए पुलिस अधीक्षक रायपुर से मांग की है। ज्ञातव्य है कि भगत सिंह चौक से टीवी टॉवर रोड वाले ओव्हरब्रिज से विधानसभा की ओर जाने वाले व्हीआईपी गाड़ियों का काफिला भी उक्त अवधि में आता जाता है जिसकी वजह से यातायात व्यवस्था और ज्यादा बिगड़ती है। शंकर नगर क्षेत्र से अनेक कालोनियों के रास्ते जुड़े हुए है जिसके चलते इन दिनों शंकर नगर शहर के मध्य क्षेत्र में शुमार हो गया है।

महाराष्ट्र के भंडारा में ऑर्डिनेंस फैक्ट्री में भीषण विस्फोट, 8 लोगों की मौत

रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह समेत कई नेताओं ने जताया दुख

भंडारा/महाराष्ट्र (आरएनएस)। महाराष्ट्र में भंडारा के जवाहर नगर में एक ऑर्डिनेंस फैक्ट्री के आरके ब्रांच सेक्शन में शुक्रवार को अचानक विस्फोट हो गया। हादसे में आठ कर्मचारियों के मरने की आशंका जताई जा रही है और कई लोगों के घायल होने की खबर है। धमाके की आवाज इतनी तेज थी कि पूरे इलाके में हड़कंप मच गया। इसकी आवाज 5 किलोमीटर दूर तक सुनी दी। विस्फोट की सूचना पर तत्काल बचाव और चिकित्सा दल को तुरंत घटनास्थल पर भेजा गया है।

जिला कलेक्टर संजय कोलटे ने बताया कि महाराष्ट्र के भंडारा जिले में स्थित ऑर्डिनेंस फैक्ट्री में सुबह करीब 10:30 बजे विस्फोट हुआ। बचाव और चिकित्सा कर्मचारी विस्फोट स्थल पर जीवित बचे लोगों की तलाश कर रहे हैं तथा दमकलकर्मी स्थिति पर काबू पाने में लगे हुए हैं। जिला कलेक्टर ने बताया कि विस्फोट के कारण छत ढह गई और कम से कम 12 लोग उसके नीचे दब गए। उनमें से दो को लोगों बचा लिया गया है और मलबा हटाने के लिए खुदाई करने वाली मशीन का इस्तेमाल किया जा रहा है। अधिकारियों के मुताबिक, शुक्रवार सुबह ऑर्डिनेंस फैक्ट्री में विस्फोट की दुर्घटना हुई। बचे लोगों की तलाश के लिए बचाव और चिकित्सा दल तैनात हैं और बचाव कार्य जारी है। मीडिया रिपोर्ट के अनुसार, धमाका इतना जोरदार था कि

महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने भंडारा स्थित आयुध फैक्ट्री में हुए विस्फोट पर लिखा, भंडारा जिले में एक आयुध कारखाने में विस्फोट के कारण छत गिरने से 13 से 14 श्रमिक फंस गए हैं। उनमें से 5 को सुरक्षित निकाल लिया गया है। जिला कलेक्टर और पुलिस अधीक्षक घटनास्थल पर हैं और हर तरह की सहायता की जा रही है। बचाव कार्य के लिए एसडीआरएफ और नागपुर नगर निगम की टीमों को भी बुलाया गया है और वे जल्द ही पहुंच जाएंगी। जिला प्रशासन रक्षा बलों के साथ समन्वय में बचाव कार्य में लगा हुआ है। चिकित्सा सहायता के लिए भी टीमों को तैयार रखा गया है।

इस घटना पर रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह का भी बयान सामने आया है। उन्होंने हादसे पर दुख जताते हुए सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर लिखा, महाराष्ट्र के भंडारा स्थित आयुध कारखाने में हुए विस्फोट के बारे में जानकर गहरा दुख हुआ। शोक संतप्त परिवारों के प्रति मेरी संवेदनाएं। मैं घायलों के शीघ्र स्वस्थ होने की प्रार्थना करता हूं। बचाव दल घटनास्थल पर तैनात हैं। प्रभावित लोगों को सहायता प्रदान करने के लिए सभी प्रयास किए जा रहे हैं।

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने एनसीसी कैडेट्स, एनएसएस स्वयंसेवकों और आदिवासी अतिथियों से की चर्चा, राष्ट्र निर्माण में भागीदारी की अपील

नई दिल्ली (एजेंसी)। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शनिवार को लोक कल्याण मार्ग स्थित अपने आवास पर आगामी गणतंत्र दिवस परेड में भाग लेने वाले एनसीसी कैडेट्स, एनसीसी स्वयंसेवकों, आदिवासी अतिथियों और झांकी कलाकारों से संवाद किया। इस संवाद के बाद भारत की समृद्ध संस्कृति और विविधता का प्रदर्शन करने वाली सांस्कृतिक प्रस्तुतियां भी आयोजित की गईं।

इस अवसर पर प्रधानमंत्री मोदी ने पारंपरिक तरीकों से हटकर एक अभिनव तरीके से प्रतिभागियों से संवाद किया। उन्होंने एक स्वतंत्र और अनौपचारिक तरीके से एक-एक करके सभी से बातचीत की। इस संवाद में पीएम मोदी ने राष्ट्रीय एकता और विविधता के महत्व पर जोर दिया और सभी प्रतिभागियों से अपील की कि वह विभिन्न राज्यों के लोगों से बातचीत करें, ताकि 'एक भारत श्रेष्ठ भारत' की भावना को सुदृढ़ किया जा सके। उन्होंने बताया कि ऐसे संवादों से आपसी समझ और एकता बढ़ती है, जो राष्ट्र की प्रगति के लिए आवश्यक है।

प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि जिम्मेदार नागरिक के रूप में अपने कर्तव्यों को निभाना, विकसित भारत के लक्ष्य को हासिल करने की कुंजी है। उन्होंने युवाओं से अपील की कि वह 'माई भारत पोर्टल' पर पंजीकरण कर राष्ट्र निर्माण के लिए सक्रिय रूप से कार्य करें। साथ ही उन्होंने अच्छी आदतों को अपनाने की बात की, जैसे कि अनुशासन, समय की पाबंदी, जल्दी उठना और डायरी लेखन। इस दौरान प्रधानमंत्री मोदी ने सरकार की कुछ महत्वपूर्ण योजनाओं पर भी चर्चा की, जिनका उद्देश्य लोगों के जीवन स्तर में सुधार लाना है। उन्होंने महिलाओं को सशक्त बनाने सरकार की तीन करोड़ लखपति दीदी पहल का उल्लेख किया, जिसमें एक प्रतिभागी ने अपनी मां की कहानी साझा की, जिनके उत्पादों का निर्यात इस योजना के कारण संभव हुआ। प्रधानमंत्री ने बताया कि भारत में सस्ती डेटा दरों ने डिजिटल इंडिया को सशक्त बनाया है और इसने लोगों को एक दूसरे से जुड़े रहने और नए अवसरों को प्राप्त करने में मदद की है।

36 लाख के ईनामी 8 माओवादी के साथ 14 नक्सली गिरफ्तार

बीजापुर-रायपुर (आरएनएस)। थाना उसूर क्षेत्रान्तर्गत अलग अलग कार्यवाहियों में टेकमेटला, नड़पल्ली, मल्लेमपेंटा के जंगलों से 36 लाख के ईनामी 08 माओवादियों साहित कुल 14 माओवादी गिरफ्तार, मेमोरण्डम के आधार पर स्पाईक और जमीन खोदने का औजार बरामद किया गया है। उक्त कार्यवाही में डीआरजी बीजापुर, थाना उसूर, कोबरा 205, 210, केरिपु 196 एवं 229 की संयुक्त पार्टी शामिल थी। माओवादी विरोधी अभियान के तहत् डीआरजी बीजापुर, थाना उसूर, कोबरा 205, 210, केरिपु 196 एवं 229 वाहिनी की संयुक्त टीम माओवादी विरोधी अभियान पर टेकमेटला, नड़पल्ली, मल्लेमपेंटा की ओर निकली थी। अभियान के दौरान मल्लेमपेंटा एवं नड़पल्ली के जंगल से 14 हार्डकोर माओवादियों को पकड़ा गया।

डंप हथियारों का जखीरा बरामद : सुकमा जिले में कोबरा और सीआरपीएफ के जवानों ने छापेमारी की है. दुब्रेड़ और मेटागुड़ा के बीच जंगल में नक्सलियों का डंप यार्ड और भारी मात्रा में नक्सल सामग्री और उपकरण बरामद किया गया है।

आम आदमी पार्टी ने जारी की उम्मीद्वारों की दूसरी सूची

रायपुर (विसं)। नगरीय निकाय चुनाव में प्रत्याशी चयन को लेकर आम आदमी पार्टी ने अपनी दूसरी लिस्ट जारी कर दी है। आप ने बिलासपुर महापौर समेत अन्य जगहों के लिए उम्मीदवारों की सूची जारी की है। एक ओर जहां बीजेपी और कांग्रेस दोनों ही पार्टियां उम्मीदवारों के चयन को लेकर बैठकों का आयोजन कर रही है वहीं आप ने अपनी दूसरी लिस्ट जारी कर दी है।

रेलवे की अनोखी पहल, प्लेटफॉर्म-6 पर रेल कोच को बना दिया रेस्टोरेंट

प्रयागराज (आरएनएस)। उत्तर प्रदेश के प्रयागराज रेलवे स्टेशन पर यात्रियों के लिए एक नई और अनोखी पहल की शुरुआत की गई है। रेलवे ने प्लेटफॉर्म नंबर-6 सिविल लाइंस पर एक रेल कोच को रेस्टोरेंट में तब्दील कर दिया है, जिसमें यात्री आकर शुद्ध शाकाहारी भोजन का आनंद ले सकते हैं। यह पहल यात्रियों के लिए न सिर्फ एक नया अनुभव है, बल्कि रेलवे की ओर से एक शानदार प्रयास भी है, ताकि लोगों को गुणवत्तापूर्ण और स्वच्छ भोजन मिल सके।

रेलवे ने इस विशेष रेल कोच के अंदर पूरी तरह से शाकाहारी भोजन उपलब्ध कराया है, जिसमें साफ-सफाई और उच्च गुणवत्ता का ख्याल रखा गया है। यात्रियों ने इस पहल की खूब सराहना की है। महाकुंभ के दौरान प्रयागराज में आने वाले श्रद्धालु भी इस नए रेस्टोरेंट का अनुभव कर रहे हैं, जो स्टेशन पर एक आकर्षक स्थल बन गया है। महाकुंभ में स्नान करने वाले नेपाल के अर्जुन कार्की ने इस पहल को एक अलग और नया अनुभव बताया। उन्होंने कहा कि जब उन्होंने रेलवे के कोच में रेस्टोरेंट देखा तो उन्हें भीतर आने की इच्छा हुई और उन्होंने यहां के भोजन का स्वाद लिया।

गणतंत्र दिवस समारोह की तैयारियां पूरी

मार्च-पास्ट, पदक अलंकरण सहित हुई फुल ड्रेस फायनल रिहर्सल

रायपुर (विश्व परिवार)। राजधानी रायपुर में गणतंत्र दिवस का मुख्य समारोह पुलिस परेड ग्राउण्ड में सुबह 9 बजे से आयोजित होगा। राज्यपाल श्री रमेन डेका मुख्य समारोह स्थल में ध्वजारोहण कर संयुक्त परेड की सलामी लेंगे। गणतंत्र दिवस समारोह की तैयारियां लगभग पूरी हो चुकी है। आज सुबह पुलिस परेड ग्राउण्ड में फूल डेऊस फायनल रिहर्सल हुई। इस अवसर पर डीजीपी श्री अशोक जुनेजा, कलेक्टर श्री गौरव कुमार सिंह, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक डॉ लाल उम्मेद सिंह, नगर निगम कमिश्नर श्री अबिनाश मिश्रा और जिला पंचायत सीईओ श्री विश्वदीप के साथ संबंधित अधिकारी उपस्थित थे।

इस बार 17 सुरक्षा बल की टुकड़ी परेड में शामिल होंगी। इसमें सीमा सुरक्षा बल, केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल, भारत तिब्बत सीमा बल, केन्द्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल, सशस्त्र सीमा बल, तेलंगाना पुलिस, नगर सेना पुलिस एवं महिला, एनसीसी गर्ल्स एवं बॉयज, घुड़सवार बल, बैंण्ड प्लाटून पुलिस और महिला बैग पाईपर बैंड दस्ता शामिल हैं। तेलंगाना पुलिस का प्लाटून विशेष रूप से शामिल हैं। सम्पूर्ण परेड आयोजन के प्रभारी अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक श्री विवेकानंद सिन्हा हैं। इसके सहायतार्थ उप पुलिस महानिरीक्षक श्री अरविन्द कुजूर (आई.पी.एस.) एवं सेनानी श्री प्रफुल्ल ठाकुर (आई.पी.एस.) होंगे।

रिहर्सल में आकर्षक मार्च-पास्ट के साथ पदक अलंकरण समारोह और अन्य कार्यक्रमों की पूर्व तैयारियों को परखा गया। राज्यपाल के सुरक्षा अधिकारी डीएसपी श्री गिरीश कोरी रिहर्सल में राज्यपाल की भूमिका निभाकर तैयारियों का जायजा लिया। इस दौरान निर्धारित मिनट टू मिनट कार्यक्रम के अनुसार समारोह की गतिविधियां संचालित की गई। आकर्षक परेड के साथ सशस्त्र बलों की टुकड़ियो द्वारा रिहर्सल में गार्ड ऑफ ऑनर के साथ सलामी दी गई।

रिहर्सल में परेड कमाण्डर श्री हर्षित मेहर परीवाक्षाधीन आईपीएस के नेतृत्व में, सुरक्षा बलों की 17 प्लाटूनों के साथ बैंड प्लाटून ने भी कदम से कदम मिलाकर गणतंत्र के महोत्सव में मार्च-पास्ट किया। कार्यक्रम में स्कूल के छात्र-छात्राओं द्वारा पर आधारित सांस्कृतिक कार्यक्रम का की अभ्यास प्रस्तुति दी गई।

छत्तीसगढ़ में पटवारियों की हड़ताल खत्म

रायपुर (विसं)। पटवारियों की हड़ताल खत्म हो गयी है। दरअसल 16 दिसंबर से पटवारी अनिश्चितकालीन हड़ताल पर थे, जिससे राजस्व का काम बुरी तरह से प्रभावित हो रहा है।

16 दिसंबर से अनिश्चितकालीन हड़ताल पर थे, कामकाज पर पड़ रहा था असर

लोगों की परेशानियों को देखते हुए और आनलाइन कामों पर पड़े असर को देखते हुए पटवारियों ने अपनी हड़ताल खत्म करने का फैसला लिया है।

दरअसल प्रदेशभर के करीब पांच हजार से ज्यादा पटवारी ऑनलाइन काम ठप कर 16 दिसंबर से अनिश्चितकालीन हड़ताल पर चले गये थे। इसके चलते लोग नक्शा, खसरा के लिए भटक रहे थे। बटांकन और नामांतरण का कार्य भी प्रभावित हो रहा था। राजस्व विभाग के अनुसार, लंबित मामले 10 हजार से ज्यादा हो गयी थी।

शासन के नियमानुसार, पटवारियों के सभी कार्यों का संपादन आरआई और तहसीलदार स्वयं भी कर सकते हैं। मगर, ज्यादातर तहसीलदार इसमें रुचि नहीं दिखा रहे थे, जिससे लोगों को काफी परेशानी उठानी पड़ रही थी।

69वें रेल सप्ताह समारोह : उत्कृष्ट कार्य करने वाले 6 अधिकारी एवं 70 कर्मचारी विशिष्ट रेल सेवा एवं रेल सेवा पुरस्कार से सम्मानित

बिलासपुर (विश्व परिवार)। दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे द्वारा 69 वें रेल सप्ताह समारोह में विशिष्ट रेल सेवा एवं रेल सेवा पुरस्कार का कार्यक्रम का आयोजन आज दिनांक 24 जनवरी, 2025 को न्यू रेल ऑडिटोरियम बिलासपुर में अपरान्ह 03.00 बजे से शुरू किया गया। परम्परा एवं पूरी गरिमा के साथ आयोजित इस समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे के महाप्रबंधक, श्री तरुण प्रकाश उपस्थित थे। इस अवसर पर सेक्रो अध्यक्षा, श्रीमती मीनाक्षी शर्मा भी उपस्थित थी। कार्यक्रम में दपूम रेलवे के अपर महाप्रबंधक सहित समस्त विभागाध्यक्ष, तीनो रेल मंडलों के मंडल रेल प्रबंधक तथा बड़ी संख्या में अधिकारी, कर्मचारीगण उपस्थित थे। यूट्यूब लाइव के माध्यम से रेलकर्मियों के परिवारजन व नागरिक भी बड़ी संख्या में कार्यक्रम से जुड़े रहे।

भारत में पहली बार रेल का शुभारंभ 16 अप्रैल 1853 में मुम्बई से थाणे के मध्य रेल चलाकर की गई थी। इस ऐतिहासिक घटना की याद में रेल मंत्रालय सहित सभी क्षेत्रीय रेलवे, वर्कषॉप, यूनिटों एवं मंडलों में प्रति वर्ष रेल सप्ताह मनाया जाता है। रेल सप्ताह समारोह में रेल अधिकारियों एवं कर्मचारियों को विगत वित्तीय वर्ष मे उनके द्वारा किये गये उत्कृष्ट कार्यों के लिए उन्हें प्रोत्साहन स्वरूप पुरस्कृत किया जाता है। इसी कड़ी आज आयोजित 69 वें रेल सप्ताह समारोह में सर्वप्रथम परम्परा अनुसार मुख्य अतिथि तरुण प्रकाश के द्वारा दीप प्रज्वलित कर इस समारोह का शुभारंभ किया गया। इस अवसर पर उप महाप्रबंधक (सा.) श्री समीर कांत माथुर द्वारा सभी अतिथियों व आगंतुकों का स्वागत किया गया तथा रेलवे के गौरवशाली इतिहास पर प्रकाश डाला। महाप्रबंधक तरुण प्रकाश ने अपने सम्बोधन में दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे के समस्त अधिकारियों/ कर्मचारियों को 69वें रेल सप्ताह पुरस्कार समारोह की बधाई देते हुए दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे की उपलब्धियों एवं उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए सभी कर्मियों का आभार व्यक्त किया। महाप्रबंधक के सम्बोधन के पश्चात इस समारोह में उत्कृष्ट कार्य निष्पादन करने वाले 06 अधिकारी एवं 70 कर्मचारियों को महाप्रबंधक पुरस्कार से सम्मानित किया गया। इसके साथ ही उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए सभी रेल मंडलो एवं विभागो को शील्ड वितरण किया गया। इसके तहत उत्कृष्ट कार्यो के लिए तीनों रेल मंडलों के विभिन्न विभागों के मध्य 57 उत्कृष्टता शील्ड प्रदान की गयीं। साथ ही हर मापदंड पर बेहतर कार्य करने के लिए तीनों मंडलों में से रायपुर रेल मंडल को Over all Efficiency सतपुड़ा शील्ड से नवाजा गया है।

मध्यप्रदेश के 17 धार्मिक स्थलों में शराब की बिक्री पर बैन

इंदौर (आरएनएस)। मध्य प्रदेश में जल्द 17 धार्मिक स्थलों पर शराब की बिक्री पर प्रतिबंध लग जाएगा। इसकी घोषणा गुरुवार को मुख्यमंत्री मोहन यादव ने की। सीएम ने राज्य के नरसिंहपुर जिले में एक समारोह के दौरान कहा, 'शराब के सेवन के दुष्प्रभावों से हर कोई वाकिफ है। हम नहीं चाहते कि हमारे युवा बिगड़ें, क्योंकि वे देश का भविष्य हैं। मध्य प्रदेश सरकार 17 धार्मिक स्थलों पर शराब की बिक्री पर प्रतिबंध लगाएगी। उन्होंने कहा, 'मध्य प्रदेश में जहां भी भगवान कृष्ण और भगवान राम ने अपने कदम रखे हैं, वहां शराब पर प्रतिबंध लगाया जाएगा।' मुख्यमंत्री ने पिछले साल कहा था कि राज्य सरकार मध्य प्रदेश में भगवान राम और भगवान कृष्ण से जुड़े स्थानों को तीर्थस्थल के रूप में विकसित करेगी।' अधिकारियों ने फिलहाल प्रस्तावित 17 शराब-मुक्त स्थानों के नाम नहीं बताए, न ही प्रतिबंध लागू होने की तारीख बताई है। इस मामले पर मंत्रिमंडल की बैठक शुक्रवार को मंदिर नगर महेश्वर में होगी।

राष्ट्रीय मतदाता दिवस पर भारतीय रेल को मिलेगा बेस्ट इलेक्टोरल प्रैक्टिस अवार्ड

रायपुर (विश्व परिवार)। साय सरकार आने के बाद छत्तीसगढ़ आगे बढ़ रहा है. पूर्व सीएम भूपेश बघेल की सरकार में आर्थिक संकट था. कांग्रेस के कार्यकाल में घोटाले, भ्रष्टाचार से छत्तीसगढ़ महतारी को लूटा जा रहा था. भाजपा के कमल पर मां लक्ष्मी बैठकर आई है. यह बात भाजपा प्रवक्ता केदार गुप्ता ने आर्थिक और नक्सलवाद के विषय पर आयोजित प्रेस ब्रीफिंग में कही.

भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश प्रवक्ता केदारनाथ गुप्ता ने प्रेस ब्रीफ को संबोधित करते हुए कहा कि अभी हाल ही के दिनों में मुंबई में छत्तीसगढ़ 'इन्वेस्टर्स कनेक्ट मीट' का दूसरा चरण आयोजित किया गया. छत्तसीगढ़ को भारत के मुख्य मार्ग पर प्रशस्त करने हेतु सरकार ने कई कदम उठाये है. यह इन्वेस्टर्स समिट उनमे से एक है. छत्तीसगढ़ में गुरुवार को प्लास्टिक, कपड़ा, आईटी और खाद्य प्रसंस्करण सहित विभिन्न क्षेत्रों की अग्रणी कंपनियों से ?6, 000 करोड़ के निवेश प्रस्ताव आए.'

भाजपा प्रदेश प्रवक्ता केदारनाथ गुप्ता ने कहा कि बैठक में छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने अमेरिकी महावाणिज्य दूत माइक हैंकी और रूस के महावाणिज्य दूत इवान वाई फेटिसोव के साथ राज्य में स्वास्थ्य, शिक्षा, आईटी और पर्यटन जैसे क्षेत्रों में निवेश की संभावनाओं पर चर्चा की. मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने राज्य की नई औद्योगिक नीति 2024-30 का मूलतंत्र 'न्यूनतम शासन, अधिकतम प्रोत्साहन के आदर्श को दुनिया के सामने रख छत्तीसगढ़ को वाणिज्य और विनिर्माण के क्षेत्र में भारत के एक अभिन्न अंग के रूप में प्रदर्शित किया. राज्य की नई औद्योगिक नीति के लागू होने के बाद से छत्तीसगढ़ को रायपुर, दिल्ली और मुंबई में आयोजित इन बैठकों के माध्यम से एक लाख करोड़ से अधिक के प्रस्ताव प्राप्त हुए हैं. पिछले साल दिसम्बर 2024 में दिल्ली में आयोजित इन्वेस्टर्स कनेक्ट मीट में प्रदेश को ?15, 184 करोड़ के निवेश के प्रस्ताव मिले थे. इसमें प्रमुख रूप से नवीकरणीय ऊर्जा क्षेत्र ने इनमें से 75त्न प्रस्तावों पर प्रतिबद्धता जताई थी. केदारनाथ गुप्ता ने कहा कि छत्तीसगढ़ में निवेश बढ़ाने हेतु भाजपा की सरकार ने कई नवीनतम कदम उठाए है. जंहा कांग्रेस केवल राज्य और भारत को दशकों पहले के जंजाल में धकेलना चाहती है, वही यह भाजपा ही है जो छत्तीसगढ़ को आगे बढ़ा रहा है. छत्तीसगढ़ को प्रगति की ओर अग्रसर करने के लिए और साथ ही प्रदेश के युवाओं को रोजगार देने के लिए साय सरकार के कई कदम उठाए है, जैसे- अनापत्ति प्रमाण पत्र' प्राप्त करने की प्रक्रिया को सुव्यवस्थित कर दिया गया है, और अब मंजूरी एकल खिड़की प्रणाली के माध्यम से दी जाती है, जिससे निवेशकों को काफी राहत मिली है.

राष्ट्रीय मतदाता दिवस पर भारतीय रेल को मिलेगा बेस्ट इलेक्टोरल प्रैक्टिस अवार्ड

नई दिल्ली (विश्व परिवार)। राष्ट्रीय मतदाता दिवस पर भारतीय रेल को बेस्ट इलेक्टोरल प्रैक्टिस अवार्ड-2024-25 प्रदान किया जाएगा। यह आयोजन 25 जनवरी को नई दिल्ली के दिल्ली कैंटोनमेंट स्थित मानेकशॉ सेंटर में होने वाला है। 2024 के लोकसभा चुनावों में भारतीय रेल ने मतदाता जागरूकता और लॉजिस्टिक सहयोग में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है, जिसके लिए भारत निर्वाचन आयोग द्वारा यह पुरस्कार दिया जा रहा है।

मतदाता जागरूकता के लिए भारतीय रेल ने अपने नेटवर्क का इस्तेमाल करते हुए मतदाताओं को जागरूक करने के लिए अपने रेल डिस्प्ले नेटवर्क (RDN) का व्यापक उपयोग किया। इस नेटवर्क के माध्यम से स्टेशनों, रेलवे की अधिकारिक वेबसाइटों और मोबाइल ऐप पर मतदाता हेल्पलाइन से संबंधित जानकारी साझा की गई। स्टेशनों पर पूर्व-रिकॉर्डेड घोषणाएं की गईं, जिनमें मतदान की अहमियत और प्रक्रिया की जानकारी दी गई। इसके अलावा कश्मीर वैली में स्वीप एक्सप्रेस विशेष ट्रेन चलाई गई। इस ट्रेन का उद्देश्य युवाओं को मतदान प्रक्रिया में भाग लेने के लिए प्रेरित करना और उन्हें लोकतांत्रिक प्रक्रिया से जोड़ना था।

चुनाव में लगे कर्मचारियों एवं अधिकारियों के सुरक्षित और सुगम परिवहन का प्रबंधन भारतीय रेल द्वारा किया गया। इस दौरान 3,74,000 से अधिक अर्धसैनिक बलों को 383 विशेष ट्रेनों के माध्यम से देशभर में सुरक्षित और समय पर पहुंचाने का काम किया। यह कदम चुनावी प्रक्रिया को सुरक्षित और निर्बाध रूप से संचालित करने के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण था।

सोशल मीडिया अभियान और जनभागीदारी- भारतीय रेल ने मतदाता जागरूकता बढ़ाने के लिए सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म का भी बेहतर तरीके से उपयोग किया। #ChunavKaParv और #DeshKaGarv जैसे हैशटैग के साथ चलाए गए कैंपेन ने नागरिकों को मतदान के महत्व को समझाने और चुनावी प्रक्रिया में भाग लेने के लिए प्रोत्साहित किया।

भारतीय रेल ने न केवल मतदान प्रक्रिया को सुगम बनाने का काम किया, बल्कि नागरिक भागीदारी को बढ़ावा देकर लोकतंत्र की जड़ों को और मजबूत किया। यह पुरस्कार भारतीय रेल की उन असाधारण पहलों का प्रतीक है, जो यह दर्शाती हैं कि रेलवे केवल परिवहन का साधन नहीं, बल्कि राष्ट्र के लोकतांत्रिक ढांचे का अभिन्न हिस्सा है।

दैनिक
विश्व परिवार
रायपुर/दुर्ग-भिलाई/बलौदाबाजार
रायपुर, शनिवार 25 जनवरी 2025
www.dainikvishwapariwar.com
vishwapariwarraipur@gmail.com

संक्षिप्त समाचार

डायमंड जुबली जम्बूरी तमिलनाडु हेतु स्काउट एवं गाइड रोवर रेंजर प्रभारी सहित प्रस्थान

दुर्ग (विश्व परिवार)। भारत स्काउट एवं गाइड्स जिला से आज दिनांक 24 जनवरी 2025 को डायमंड जुबली जम्बूरी तमिलनाडु दिनांक 28 जनवरी से 03 फरवरी 2025 तक आयोजित कार्यक्रम में जिले से 04 स्काउट रोवर 04 गाइड़ रेंजर एवं प्रभारी श्रीमती अमिता हरमुख जिला संगठन आयुक्त (गा,) एवं पूर्वभ्यास शिविर में शामिल होने वाले स्काउट एवं गाइड रोवर रेंजर के बच्चे को आशीर्वाद बधाई देने राज्य उपाध्यक्ष श्रीमती सुनीता संजय बोहरा, जिला अध्यक्ष अशोक देशमुख, जिला मुख्य आयुक्त श्री जीत यादव, शिक्षा अधिकारी पदेन जिला आयुक्त स्काउट श्री अरविंद मिश्रा, लिंक अधिकारी तनवीर अकील दिशानिर्देश में एवं बच्चों को आशीर्वाद देने आजीवन सदस्य संजय बोहरा, गौरव शुक्ला सहायक संचालक, राजेश ओझा परियोजना अधिकारी, विवेक शर्मा सर्व शिक्षा विभाग, आदि की उपस्थिति में डायमंड जुबली जम्बूरी तमिलनाडु के लिए प्रस्थान हुए।

निगम भिलाई में मतदाता जागरूकता को लेकर शपथ दिलाई-आयुक्त ने

भिलाईनगर (विश्व परिवार)। राष्ट्रीय मतदाता दिवस परिपालन में मतदाता जागरूकता दिवस मनाया गया। नगर पालिक निगम भिलाई में नगरीय निकाय चुकाव की तैयारी हो चुकी है। जिसको देखते हुए आयुक्त राजीव कुमार पाण्डेय ने निगम सभागार में सभी अधिकारी/कर्मचारियो की उपस्थिति में मतदाता जागरूकता की शपथ दिलाई। भिलाई क्षेत्र में वार्ड 24 हाउसिंग बोर्ड एवं 35 शारदा पारा केम्प-2 में पार्षद चुनाव कराया जा रहा है। जिसके लिए नागरिको को अपने-अपने वार्ड में प्रत्यासियों का चयन करने मतदान कराया जाना है। आयुक्त पाण्डेय ने दोनो वार्ड के बूथ का निरीक्षण कर आवश्यक दिशा-निर्देश अधिकारियो को दे दिये है। जिससे मतदान करने आये हुए नागरिको को किसी प्रकार की कोई परेशानी न हो। वार्ड के अधिक से अधिक नागरिको को अपना मद देने प्रोत्साहित करना है। जिससे नागरिक अपने मत का सही उपयोग कर अपने पसंद का अपने वार्ड का प्रत्यासी का चयन कर सके। इस बार निगम का लक्ष्य है 100त्न मतदान करेंगे, अपने वार्ड का पार्षद चुनेगे।

26 जनवरी गणतंत्र दिवस के अवसर पर नगर निगम भिलाई में विभिन्न जगहो पर ध्वजारोहण के कार्यक्रम

भिलाईनगर (विश्व परिवार)। नगर पालिक निगम भिलाई में 76वें गणतंत्र दिवस के अवसर पर सभी जोन कार्यालय में ध्वजारोहण सुबह 7:30 बजे जोन के जोन अध्यक्ष, पार्षदगण एवं जोन के सभी अधिकारी/कर्मचारियो की उपस्थिति में किया जायेगा। तत्पश्चात प्रात: 8 बजे मुख्य कार्यालय, 8:30 बजे यूनियन कार्यालय आकाश गंगा, 9 बजे खुर्सीपार श्रीराम वाटिका गौतम नगर, 9:30 बजे नेहरू नगर चैंक, 10 बजे शहीद उद्यान सेक्टर 05 में एवं लोकागन वैशाली नगर में 11 बजे ध्वजारोहण किया जायेगा। जिसमें वैशाली नगर विधायक रिकेश सेन, महापौर नीरज पाल, सभापति गिरवर बंटी साहू, विधायक प्रतिनिधि एकांश बंछोर, एमआईसी सदस्यगण, समस्त पार्षदगण, आयुक्त राजीव कुमार पाण्डेय, सभी गणमान्य नागरिक, सामाजिक संस्था के सदस्य, अधिकारियों/कर्मचारियो के गरिमामय उपस्थिति में राष्ट्रगीत गाकर सम्मान पूर्वक किया जायेगा। आयुक्त ने अधिकारी/कर्मचारियो को निर्देशित किये है, कि निगम क्षेत्र के सभी सभी चौक चौराहा की साफ-सफाई हो, महापुरूषो की प्रतिमाओं की सफाई-धुलाई हो, माल्यापर्ण हो, प्रमुख जगहो पर देशभक्ति के गीत बजाये जावें। वैशाली नगर विधायक रिकेश सेन, निगम महापौर नीरज पाल एवं आयुक्त राजीव कुमार पाण्डेय ने सभी नागरिको से अपील की है।

अच्छे लोकेशन में खुद का घर खरीदने का सुनहरा अवसर

प्रधानमंत्री आवास निगम द्वारा मात्र 3.61 और 3.30 लाख, प्राइवेट बिल्डर से खरीदेंगे तो 15 से 18 लाख में मिलेगा

दुर्ग (विश्व परिवार)। नगर निगम सीमा क्षेत्रान्तर्गत में खुद का घर खरीदने का सुनहरा अवसर है। शासन की जनकल्याणकारी योजनों में प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत आवासहीन हितग्राहियों को आवास का आबंटन किया जा रहा है ।निगम दुर्ग क्षेत्र में ऐसे नागरिक जो झुग्गी एवं गैर झुग्गी बस्ती में निवास करते है या जो किराये के मकानों पर अपना जीवन निर्वहन कर रहे है ।उन नागरिको को प्रधानमंत्री आवास योजना से निर्मित मकानो का सुविधा दिया जाता है ।यह मकान अच्छे लोकेशन पर अगर हम प्राइवेट बिल्डर से खरीदेंगे 15 से 18 लाख में मिलेगा जिसको शासन द्वारा 3. 61 और 3.30 लाख में दिया जा रहा है। इसकी दिवाल मजबूती कांक्रीट की बनी हुई है।

3-4 किलोमीटर मार्केट, बस स्टैंड, रेलवे स्टेशन, कोर्ट पुलिस थाना, बाजार, सड़के, पहुंच मार्ग, खेलकूद की सुविधा, लाइट, पानी, अटैच, किचन, लैटिंग, बाथरुम सब कुछ उपलब्ध है। शासन द्वारा जिनके पास स्वयं का मकान नहीं है वे इस योजना का लाभ ले सकते है।

कलेक्टर/निगम प्रशासक सुश्री ऋचा प्रकाश चौधरी व आयुक्त सुमित अग्रवाल ने दुर्ग क्षेत्र के आवासहीन नागरिको से कहा है, कि जिन हितग्राही के पास स्वयं का मकान नहीं है, उन्हे प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत शासन के नियमानुसार मकान का आबंटन किया जा रहा है। मकान प्राप्त करने के लिए महत्वूपर्ण दस्तावेज जैसे- नागरिक 31 अगस्त 2015 से पूर्व निवासरत हो जिनका (मतदाता सूची/किरायानामा/निवास प्रमाण/जनगणना 2011 की सूची में नाम हितग्राही का भारत में कही भी पक्का मकान न हो, परिवार की वार्षिक आय 3 लाख से अधिक न हो। जिन हितग्राही के पास सभी दस्तावेज हो वह हितग्राही इस योजना का लाभ ले सकते है। बोरसी में गणपति विहार के पीछे प्रधानमंत्री आवास योजना के दो प्रोजेक्ट तैयार है जिसमे 108+108=216 आवास (फ्लैट) तैयार है!जिसमें 216 परिवारो को आवास दिया जायेगा। एक मकान की लागत 3.61 लाख और 3.31 लाख है, जिसमें केन्द्र शासन का और राज्य शासन का अंशदान शामिल है ।जो हितग्राही 10 प्रतिशत अंशदान की राशि जमा करते है उन्हे ही लॉटरी में शामिल कर मकान का आबंटन किया जायेगा। वरिष्ठ एवं दिव्यांगजन आवेदको के लिए भू-तल के आवास आरक्षित रखा गया है। हितग्राही अपनी इच्छा के अनुरूप आवेदन कर आवास का लाभ उठावें।

चरौदा में बच्चों ने मनाया वंदे मातरम् दिवस वंदे मातरम् गीत का किया सस्वर गायन

आरंग (विश्व परिवार)। शुक्रवार को शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला चरौदा में वंदे मातरम् दिवस मनाया गया ।इस अवसर पर बच्चों ने शिक्षको के मार्गदर्शन में बैंड बाजे के साथ वंदे मातरम् गीत का सस्वर गायन किया ।वहीं शिक्षको ने बच्चों को वंदे मातरम् गीत का अर्थ व इतिहास बताते हुए कहा 24 जनवरी 1950 को बंकिमचंद्र चटर्जी द्वारा लिखित आनंदमठ उपन्यास से वंदे मातरम् गीत को राष्ट्रीय गीत के रूप में अंगीकृत किया गया। इसलिए 24 जनवरी को वंदे मातरम् दिवस के रूप में पूरे देश में मनाया जा रहा है ।इस अवसर पर संस्था प्रमुख के के परमाल, वरिष्ठ शिक्षक महेन्द्र कुमार पटेल, अशोक चंद्राकर, सूर्यकांत चन्द्राकार दीनदयाल धीवर, डिलेश्वर प्रसाद साहू, शिक्षिका संगीता पाटले सहित बड़ी संख्या में स्कूली बच्चों की उपस्थिति रही।

राष्ट्रीय मतदान दिवसन्कार्यालय अधीक्षक ने अधिकारी/कर्मचारियों को दिलाई शपथ, मताधिकार का सदुपयोग करने की अपील

दुर्ग (विश्व परिवार)। भारत निर्वाचन आयोग तथा छत्तीसगढ़ शासन सामान्य प्रशासन विभाग मंत्रालय के निर्देशानुसार आज नगर निगम परिसर में राष्ट्रीय मतदाता दिवस के अवसर पर निगम के अधिकारी/कर्मचारियो ने शपथ ग्रहण कार्यक्रम में शामिल होकर राष्ट्रीय मतदाता दिवस का शपथ लिया।

बता दे कि भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार 25 जनवरी 2025 को राष्ट्रीय मतदाता दिवस% के अवसर पर शपथ ग्रहण कार्यक्रम आयोजित किया गया. भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार छत्तीसगढ़ राज्य के कार्यालय जहां शनिवार अवकाश रहता है।आज कलेक्टर/निगम प्रशासक सुश्री ऋचा प्रकाश चौधरी के निर्देश व कमिश्नर सुमित अग्रवाल के मार्गदर्शन पर शुक्रवार को राष्ट्रीय मतदाता दिवस% के अवसर पर शपथ ग्रहण कार्यक्रम 24 जनवरी 2025 को प्रात: 11 बजे दुर्ग नगर निगम में कार्यालय अधीक्षक राज कमल बोकर ने अधिकारी और कर्मचारियो को शपथ दिलाई। हम, भारत के नागरिक लोकतंत्र में अपनी पूर्ण आस्था रखते हुए यह शपथ लेते है कि हम अपने देश की लोकतांत्रिक परम्पराओं की मर्यादा को बनाये रखेंगे तथा स्वतंत्र, निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण निर्वाचन की गरिमा को अक्षुण्ण रखते हुए, निर्भीक होकर, धर्म, वर्ग, जाति, समुदाय, भाषा अथवा अन्य किसी भी प्रलोभन से प्रभावित हुए बिना सभी निर्वाचनों में अपने मताधिकार का प्रयोग करेंगें। इस अवसर पर प्रभारी कार्यपालन अधिकारी आरके जैन, गिरीश दीवान, वीपी मिश्रा, संजय ठाकुर, धर्मेंद्र मिश्रा, जितेंद्र समैया, शशि यादव, ईश्वर वर्मा, वंदना श्रीवास्तव, हेमलता वर्मा, साक्षी वर्मा, चित्रलेखा चन्द्राकर, ब्रांड एम्बेसडर विश्वनाथ पानीग्राही सहित अधिकारी/कर्मचारी मौजूद रहें।

नगर पालिका परिषद जामुल में पी.आई.सी. की बैठक का आयोजन किया गया

जामुल (विश्व परिवार)। नगर पालिका परिषद जामुल में पी.आई.सी. की बैठक का आयोजन किया गया। नपा अध्यक्ष ईश्वर सिंह ठाकुर की अध्यक्षता में आयोजित पी.आई.सी. की बैठक में लगभग दो करोड़ रूपये के विकास कार्यों की स्वीकृति सर्वसम्मति से प्रदान किया गया। नपा अध्यक्ष ईश्वर सिंह ठाकुर ने बताया कि नपा कार्यालय उन्नयन के लिए 21 लाख 15 हजार, भारतमाता चौक के सौंदर्गीकरण हेतु 19.60 लाख, रावण भाठा में 100 फीट ऊंचा तिरंगा झंडा हेतु 19.55 लाख, अकलोर तिराहा सौंदर्गीकरण हेतु 19.61 लाख, वार्ड 20 एवं वार्ड 14 में बेडमिंटन कोर्ट हेतु 24 लाख रूपये के प्राप्त दरों का अनुमोदन किया गया। इसके साथ ही सुरडुंग हाई स्कूल में ट्री प्लाटेंशन हेतु 26 लाख रूपये, वार्ड 19 में सीसी रोड हेतु अध्यक्ष एवं पार्षद निधि से 7 लाख रूपये, मणिकंचन केन्द्र नया निर्माण हेतु 25 लाख, अटल परिसर हेतु 30 लाख रूपये, शासकीय महाविद्यालय में बोर खनन हेतु 1.50 लाख, वार्ड 18 में विद्युत पोल एवं ट्रांसफार्मर हेतु अध्यक्ष एवं पार्षद निधि से राशि 4 लाख रूपये की स्वीकृति प्रदान किया गया है। इसके साथ ही कोसरिया, मरार समाज हेतु 2 हजार वर्गफीट भूमि आबंटन, आंगनबाड़ी में सहायिका की नियुक्ति एवं नगर पालिका के कर्मचारियों के अर्जित अवकाश, संविलियन, परीवीक्षा अवधि, समयमान वेतनमान एवं वरिष्ठता के आधार पर पदोन्नति की स्वीकृति दी गई है। पी.आई.सी. के बैठक में सामान्य प्रशासन प्रभारी अहिल्या वर्मा, लोक निर्माण प्रभारी खम्हन ठाकुर, जल कार्य प्रभारी रामदुलार साहू, राजस्व प्रभारी कविता विश्वाल, स्वास्थ्य एवं चिकित्सा प्रभारी शांति टंडन, खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति प्रभारी चुम्मन वर्मा सहित वरिष्ठ उप अभियंता के.एन. ताम्रकार, लेखा प्रभारी आशा जंघेल, रामू देवांगन, मोहन वर्मा, हर्षा मेहरा उपस्थित थे।

खुले में अवैध रूप से मांस मटन विक्रय करने वालो पर निगम की कर रही है कार्यवाही

भिलाईनगर (विश्व परिवार)। नगर पालिक निगम भिलाई क्षेत्र में खुले में मांस मटन, चिकन, मछली अवैध रूप से विक्रय करने वालो पर निगम की टीम कार्यवाही कर रही है। आयुक्त राजीव कुमार पाण्डेय ने पांचो जोन के सहायक स्वास्थ्य अधिकारी को आदेशित किये है, कि अपने-अपने जोन स्तर पर टीम गठित किया जावे। स्थानीय निवासियो द्वारा शिकायत की जाती है, कि अवैध रूप से चोरी छिपे मांस, मछली आदि का विक्रय उनके क्षेत्रो में किया जा रहा है। जबकि नगर निगम भिलाई द्वारा इसके लिए पूर्व से ही आखेट परिसर सुपेला, पावर हाउस, खुर्सीपार आदि जगहो पर स्थान निर्धारित किया गया है। वही पर विक्रय किये जाने की अनुमति है। विक्रय करने से पूर्व शासकीय नियमो का पालन करना आवश्यक है। कहीं पर भी दुकान लगाकर बेचना, कचरा फेंकना पूर्णत: प्रतिबंधित है।

आयुक्त पाण्डेय ने अधिकारियो को निर्देशित किये है, कि छत्तीसगढ़ नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 के प्रावधान अनुसार कार्यवाही करें। जो भी दुकानदार खुले में मांस विक्रय करते दिखे तो उन पर अर्थदण्ड की कार्यवाही करते हुए सामग्री को जप्त किया जावे। आज नगर निगम भिलाई के जोन क्रमांक 1 एवं 3 में कार्रवाई करते हुए 1800 रूपये का अर्थदण्ड लेकर रसीद दी गई एवं विक्रय करने वाले स्थान से हटवाया गया। शासन के दिशा.निर्देशो के अनुसार जिस दिन मांस विक्रय पर प्रतिबंध लगा हो। उस दिन कोई भी दुकानदार मांस विक्रय न करे। शासन के नियमो का उल्लंघन करने वालो पर शक्ति से कार्यवाही की जाएगी कहीं पर भी मांस मछली विक्रय करना पूर्णता प्रतिबंधित है।

कार्यवाही करने हेतु जोन स्वास्थ्य अधिकारी अंकित सक्सेना, अनिल मिश्रा, वीरेंद्र बंजारे, हेमंत मांझी, आदि को अधिकृत किया गया है वे सभी अपने-अपने दल के साथ कार्यवाही करते हुए इसका प्रतिवेदन स्वास्थ्य अधिकारी जावेद अली को प्रस्तुत करेंगे।

पेड़ो की अवैध कटाई कर ले जा रहें ग्रामीणों को वन विभाग ने धर दबोचा, डीएफओ व उनकी टीम के साथ हुई नोंक झोंक

डीएफओ जितेन्द्र उपाध्याय ने कहा लकड़ी कटाने वालों पर होगी कार्यवाही

जशपुर (विश्व परिवार)। पेड़ो की अवैध कटाई करने वालों पर कड़ी कार्यवाही की जा रहीं है। वन विभाग के डी एफ ओ जितेन्द्र उपाध्याय व उनकी टीम के द्वारा जंगल की सघन जांच किया जा रहा है। इसी क्रम में शुक्रवार को वन विभाग की टीम नगर से नजदीक ग्राम जरिया व बालाछापर में जांच के लिए पहुंची। तभी महिलाएं अवैध लकड़ी की कटाई कर सिर में बोझा ठोकर ले रहीं थीं। मौके पर महिलाओं को रोककर डी एफ ओ की टीम ने पकड़ लिया। इस दौरान ग्रामीणों और उनके बीच नोक झोक हुई।

महिलाओं द्वारा वन के अधिकारी व कर्मचारियों को धमकी दिया जा रहा था। ग्रामीणों का कहना चलों बस्ती में बताते है। जिसे देखते हुए डी एफ ओ ने महिला पुलिस को बुलाया और लकड़ी, टांगी को जब्त कर पेड़ न कटाने की समझाईस दी।

डर से भागें ग्रामीण : वन विभाग की टीम देखकर डर से कुछ महिलाएं लकड़ी छोड़कर भाग गई। वन विभाग द्वारा चेटबा कासांबेल, नारायणपुर, कुनकुरी, नारियरडांड, अम्बा टोली, विश्राम पाली, खुटी टोली, मढ़िया झरिया समेत जिले में पेड़ कटाने पर रोक लगाया जा रहा। यह अभियान जनवरी से जून तक चलेगा। डी एफ ओ (जशपुर) जितेन्द्र उपाध्याय ने कहा की अवैध लकड़ी काटाने पर कड़ी कार्यवाही की जायेगी।

कार्यालय नगर पालिक निगम, रायपुर (जोन क्र.-1)
संतोषी नगर, खमतराई पानी टंकी, रायपुर
E-mail ID - rmczone1@gmail.com

पत्र क्र./16817/ न.पा.नि./जोन क्र.-1/2025
रायपुर, दिनांक 27-12-2024

इश्तिहार

नामांतरण प्र.क्र. 16817
वार्ड का नाम- 16 - वीर शिवाजी वार्ड

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि वार्ड 16 स्थित भवन/भूमि जिसका प्रॉपर्टी आई.डी. **RPR107L00713** जो की निगम अभिलेख श्री/श्रीमती **REKHA RATNANI** पिता/पति, श्री/श्रीमती **DARSHAN RATNANI** के नाम से दर्ज है, जिसको श्री/श्रीमती **NISHA BHURA** पिता/पति, श्री/श्रीमती **MAHAVEER BHURA** ने मृत्यु प्रमाण पत्र, सह पत्र, शपथ पत्र, दान पत्र, हिब्बानामा, रजिस्ट्री विलेख के अनुसार/ **पंजीकृत विक्रय विलेख** / वंशानुक्रम/अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत द्वारा आवेदन किया है। यदि कोई व्यक्ति/संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते हैं, प्रकाशन के 30 दिन के भीतर प्रकरण क्रमांक सहित लिखित में अपना दावा/प्रस्तुत करें। निर्धारित समयावधि पश्चात प्राप्त दावा/आपत्ति पर किसी प्रकार की सुनवाई नहीं की जाएगी। जिसके लिए यह कार्यालय जिम्मेदार नहीं होगा।

-सूचना जारी करें-
श्री हितेन्द्र यादव
(जोन कमिश्नर)
जोन क्रमांक- (1)
नगर पालिक निगम, रायपुर (छ.ग.)

कार्यालय नगर पालिक निगम, रायपुर (जोन क्र.-1)
संतोषी नगर, खमतराई पानी टंकी, रायपुर
E-mail ID - rmczone1@gmail.com

पत्र क्र./17764/ न.पा.नि./जोन क्र.-1/2025
रायपुर, दिनांक 22-01-2025

इश्तिहार

नामांतरण प्र.क्र. 17764
वार्ड का नाम- 16 - वीर शिवाजी वार्ड

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि वार्ड 16 स्थित भवन/भूमि जिसका प्रॉपर्टी आई.डी. **RPR107L489BR** जो की निगम अभिलेख श्री/श्रीमती **VASUDEV PATEL** पिता/पति, श्री/श्रीमती **KHIMJI BHAI PATEL** के नाम से दर्ज है, जिसको श्री/श्रीमती **VETCHA NAGA SESHA GIRI RAO** पिता/पति, श्री/श्रीमती **V.KOTESWARA RAO** ने मृत्यु प्रमाण पत्र, सह पत्र, शपथ पत्र, दान पत्र, हिब्बानामा, रजिस्ट्री विलेख के अनुसार/ **पंजीकृत विक्रय विलेख** / वंशानुक्रम/अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत द्वारा आवेदन किया है। यदि कोई व्यक्ति/संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते हैं, प्रकाशन के 30 दिन के भीतर प्रकरण क्रमांक सहित लिखित में अपना दावा/प्रस्तुत करें। निर्धारित समयावधि पश्चात प्राप्त दावा/आपत्ति पर किसी प्रकार की सुनवाई नहीं की जाएगी। जिसके लिए यह कार्यालय जिम्मेदार नहीं होगा।

-सूचना जारी करें-
श्री हितेन्द्र यादव
(जोन कमिश्नर)
जोन क्रमांक- (1)
नगर पालिक निगम, रायपुर (छ.ग.)

कार्यालय नगर पालिक निगम, रायपुर (जोन क्र.-1)
संतोषी नगर, खमतराई पानी टंकी, रायपुर
E-mail ID - rmczone1@gmail.com

पत्र क्र./17761/ न.पा.नि./जोन क्र.-1/2025
रायपुर, दिनांक 22-01-2025

इश्तिहार

नामांतरण प्र.क्र. 17761
वार्ड का नाम- 16 - वीर शिवाजी वार्ड

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि वार्ड 16 स्थित भवन/भूमि जिसका प्रॉपर्टी आई.डी. **RPR107L489BQ** जो की निगम अभिलेख श्री/श्रीमती **VASUDEV PATEL** पिता/पति, श्री/श्रीमती **KHIMJI BHAI PATEL** के नाम से दर्ज है, जिसको श्री/श्रीमती **PRIYA GUPTA** पिता/पति, श्री/श्रीमती **GAURI SHANKAR GUPTA** ने मृत्यु प्रमाण पत्र, सह पत्र, शपथ पत्र, दान पत्र, हिब्बानामा, रजिस्ट्री विलेख के अनुसार/ **पंजीकृत विक्रय विलेख** / वंशानुक्रम/अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत द्वारा आवेदन किया है। यदि कोई व्यक्ति/संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते हैं, प्रकाशन के 30 दिन के भीतर प्रकरण क्रमांक सहित लिखित में अपना दावा/प्रस्तुत करें। निर्धारित समयावधि पश्चात प्राप्त दावा/आपत्ति पर किसी प्रकार की सुनवाई नहीं की जाएगी। जिसके लिए यह कार्यालय जिम्मेदार नहीं होगा।

-सूचना जारी करें-
श्री हितेन्द्र यादव
(जोन कमिश्नर)
जोन क्रमांक- (1)
नगर पालिक निगम, रायपुर (छ.ग.)

कार्यालय सम्पदा अधिकारी, छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल,
सम्पदा प्रबंधन प्रक्षेत्र-03, सेजबहार, रायपुर (छ.ग.)फोन नं.-0771-2991574
Email Id: eocghbzone03@gmail.com

आम-सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि **छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल द्वारा कॉलोनी बोरियाकला, जिला-रायपुर** में निर्मित दीनदयाल आवास योजनांतर्गत **एल.आई.जी. फ्लैट क्र. -211 ब्लॉक-14 भूतल श्रीमती तारा ठाकुर पति श्री सोहन लाल ठाकुर निवासी:- म.नं.-15, गली नं.-07, शक्तिधाम मंदिर अमेय विहार कॉलोनी, तेलीबांधा रायपुर (छ.ग.)**, को इस कार्यालय के आंबटन आदेश **क्रमांक 3988 दिनांक 27.02.2009** के माध्यम से स्ववित्तीय आधार पर आंबटित किया गया है। मूल आंबटी **श्रीमती तारा ठाकुर पति श्री सोहन लाल ठाकुर पूर्ण मूल्य जमा कर दिनांक 29.04.2010** को लीजडीड निष्पादित करा लिया गया है। मूल आंबटी द्वारा हस्तांतरण विलेख निष्पादन उपरांत उक्त फ्लैट को **क्रेता श्रीमती कनक निधि पति श्री जालंधर सिंह पता: हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी बोरियाकला एल.आई.जी-फ्लैट क्र.-211 ब्लॉक-14 भूतल रायपुर (छ.ग.)** के पक्ष में **दिनांक 26.08.2017** को विक्रय कर दिया गया है। वर्तमान में **क्रेता श्रीमती कनक निधि पति श्री जालंधर सिंह,** द्वारा उक्त फ्लैट को फ्री-होल्ड पश्चात् अपने नाम पर नाम दर्ज किये जाने हेतु इस कार्यालय में अपना आवेदन प्रस्तुत किया गया है।

अतः किसी भी व्यक्ति, शासकीय/अर्धशासकीय संस्था, निकाय, बैंक अथवा वित्तीय संस्था इत्यादि को उक्त भूखण्ड/भवन/फ्लैट का फ्री-होल्ड उपरांत नाम दर्ज किये जाने में किसी भी प्रकार की कोई आपत्ति हो तो इस कार्यालय में स्वयं उपस्थित होकर लिखित रूप से प्रमाणित दस्तावेज सहित इस आम सूचना प्रकाशन के 15 दिवस के अन्दर आपत्ति प्रस्तुत करें, अन्यथा नियत समायवधि पश्चात् आपत्ति मान्य नहीं की जावेगी।

सम्पदा अधिकारी,
छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल,
प्रक्षेत्र-03, सेजबहार, रायपुर छ.ग.

कार्यालय नगर पालिक निगम बीरगांव, जिला- रायपुर (छ.ग.)
Email :birgaonmcp@gmail.com,
Website : www.nagarnigambirgaon.com

-: निगम अभिलेखों में नामांतरण की सूचना :-
नामांतरण प्रकरण क्र. 741 दिनांक 24.01.2025
वार्ड का नाम- मां परमेश्वरी वार्ड
वार्ड क्र. 25 वर्ष- 2024-25

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि निम्नानुसार भवन/भूमि जो कि निगम के संपत्ति कर मांग पंजी में वार्ड क्रमांक **25** मांग **पंजी क्र. 437 युआईडी 34398** अनुसार अधिभोगी का नाम श्री/श्रीमती **हिन्छा राम देवांगन / कपिल राम देवांगन** से दर्ज है, श्री/श्रीमती **1 प्रदीप कुमार देवांगन / स्व. हिन्छा राम देवांगन / 2 गीतेश कुमार देवांगन / स्व.हिन्छा राम देवांगन** अधिभोगी के द्वारा रजिस्ट्री/ लिखत द्वारा/ वंशानुक्रम/ बिक्रीनामा आधार पर अधिभोग प्राप्त कर नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत नामांतरण हेतु आवेदन प्रस्तुत किया है। यदि कोई व्यक्ति/संस्था उपरोक्त अधिभोग परिवर्तन में हक या दावा रखते हैं, तो इस प्रकाशन के 30 दिन के भीतर/अथवा दिनांक **23-02-2025** तक प्रकरण क्रमांक सहित कार्यालय नगर पालिक निगम बीरगांव में लिखित दावा-आपत्ति प्रस्तुत कर सकते हैं। निर्धारित समयावधि पश्चात किसी भी प्रकार की कोई दावा-आपत्ति स्वीकार्य नहीं होगी। दावा-आपत्ति प्राप्त नहीं होने की स्थिति में अधिभोगी के द्वारा देय राशि भुगतान उपरांत अधिभोगी के पक्ष में नामांतरण की कार्यवाही की जावेगी।

राजस्व अधिकारी
नगर पालिक निगम, बीरगांव
जिला-रायपुर (छ.ग.)

कार्यालय नगर पालिक निगम बीरगांव, जिला- रायपुर (छ.ग.)
Email :birgaonmcp@gmail.com,
Website : www.nagarnigambirgaon.com

-: निगम अभिलेखों में नामांतरण की सूचना :-
नामांतरण प्रकरण क्र. 742 दिनांक 24.01.2025
वार्ड का नाम- भारत माता वार्ड
वार्ड क्र. 30 वर्ष- 2024-25

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि निम्नानुसार भवन/भूमि जो कि निगम के संपत्ति कर मांग पंजी में वार्ड क्रमांक **30** मांग **पंजी क्र. 48 युआईडी 26776** अनुसार अधिभोगी का नाम श्री/श्रीमती **रबीना बेगम / रसीद खान** से दर्ज है, श्री/श्रीमती **यास्मीन जहां / सादिक हुसैन** अधिभोगी के द्वारा रजिस्ट्री/ लिखत द्वारा/ वंशानुक्रम/ बिक्रीनामा आधार पर अधिभोग प्राप्त कर नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत नामांतरण हेतु आवेदन प्रस्तुत किया है। यदि कोई व्यक्ति/संस्था उपरोक्त अधिभोग परिवर्तन में हक या दावा रखते हैं, तो इस प्रकाशन के 30 दिन के भीतर/अथवा दिनांक **23-02-2025** तक प्रकरण क्रमांक सहित कार्यालय नगर पालिक निगम बीरगांव में लिखित दावा-आपत्ति प्रस्तुत कर सकते हैं। निर्धारित समयावधि पश्चात किसी भी प्रकार की कोई दावा-आपत्ति स्वीकार्य नहीं होगी। दावा-आपत्ति प्राप्त नहीं होने की स्थिति में अधिभोगी के द्वारा देय राशि भुगतान उपरांत अधिभोगी के पक्ष में नामांतरण की कार्यवाही की जावेगी।

राजस्व अधिकारी
नगर पालिक निगम, बीरगांव
जिला-रायपुर (छ.ग.)

कार्यालय नगर पालिक निगम बीरगांव, जिला- रायपुर (छ.ग.)
Email :birgaonmcp@gmail.com,
Website : www.nagarnigambirgaon.com

-: निगम अभिलेखों में नामांतरण की सूचना :-
नामांतरण प्रकरण क्र. 743 दिनांक 24.01.2025
वार्ड का नाम- कैलाश नगर वार्ड
वार्ड क्र. 21 वर्ष- 2024-25

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि निम्नानुसार भवन/भूमि जो कि निगम के संपत्ति कर मांग पंजी में वार्ड क्रमांक **21** मांग **पंजी क्र. 359 युआईडी 23059** अनुसार अधिभोगी का नाम श्री/श्रीमती **दुरपत बाई यादव / लच्छूराम यादव** से दर्ज है, श्री/श्रीमती **भूमिका निषाद / दशरथ निषाद** अधिभोगी के द्वारा रजिस्ट्री/ लिखत द्वारा/ वंशानुक्रम/ बिक्रीनामा आधार पर अधिभोग प्राप्त कर नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत नामांतरण हेतु आवेदन प्रस्तुत किया है। यदि कोई व्यक्ति/संस्था उपरोक्त अधिभोग परिवर्तन में हक या दावा रखते हैं, तो इस प्रकाशन के 30 दिन के भीतर/अथवा दिनांक **23-02-2025** तक प्रकरण क्रमांक सहित कार्यालय नगर पालिक निगम बीरगांव में लिखित दावा-आपत्ति प्रस्तुत कर सकते हैं। निर्धारित समयावधि पश्चात किसी भी प्रकार की कोई दावा-आपत्ति स्वीकार्य नहीं होगी। दावा-आपत्ति प्राप्त नहीं होने की स्थिति में अधिभोगी के द्वारा देय राशि भुगतान उपरांत अधिभोगी के पक्ष में नामांतरण की कार्यवाही की जावेगी।

राजस्व अधिकारी
नगर पालिक निगम, बीरगांव
जिला-रायपुर (छ.ग.)

कार्यालय नगर पालिक निगम बीरगांव, जिला- रायपुर (छ.ग.)
Email :birgaonmcp@gmail.com,
Website : www.nagarnigambirgaon.com

-: निगम अभिलेखों में नामांतरण की सूचना :-
नामांतरण प्रकरण क्र. 744 दिनांक 24.01.2025
वार्ड का नाम- कैलाश नगर वार्ड
वार्ड क्र. 21 वर्ष- 2024-25

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि निम्नानुसार भवन/भूमि जो कि निगम के संपत्ति कर मांग पंजी में वार्ड क्रमांक **21** मांग **पंजी क्र. 384 युआईडी 38084** अनुसार अधिभोगी का नाम श्री/श्रीमती **विजय कुमार साहू / घसिया राम साहू** से दर्ज है, श्री/श्रीमती **मनोज कुमार साहू / राजकुमार साहू** अधिभोगी के द्वारा रजिस्ट्री/ लिखत द्वारा/ वंशानुक्रम/ बिक्रीनामा आधार पर अधिभोग प्राप्त कर नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत नामांतरण हेतु आवेदन प्रस्तुत किया है। यदि कोई व्यक्ति/संस्था उपरोक्त अधिभोग परिवर्तन में हक या दावा रखते हैं, तो इस प्रकाशन के 30 दिन के भीतर/अथवा दिनांक **23-02-2025** तक प्रकरण क्रमांक सहित कार्यालय नगर पालिक निगम बीरगांव में लिखित दावा-आपत्ति प्रस्तुत कर सकते हैं। निर्धारित समयावधि पश्चात किसी भी प्रकार की कोई दावा-आपत्ति स्वीकार्य नहीं होगी। दावा-आपत्ति प्राप्त नहीं होने की स्थिति में अधिभोगी के द्वारा देय राशि भुगतान उपरांत अधिभोगी के पक्ष में नामांतरण की कार्यवाही की जावेगी।

राजस्व अधिकारी
नगर पालिक निगम, बीरगांव
जिला-रायपुर (छ.ग.)

www.dainikvishwapariwar.com
vishwapariwarraipur@gmail.com
दैनिक
विश्व परिवार
बिलासपुर संभाग
रायपुर शनिवार 25 जनवरी 2025

युवा तुर्क रवि शंकर बउआ पुनः भाजपा में शामिल

आप पार्टी जिला महामंत्री राजेंद्र पासवान भाजपा का दामन थामा

गोपाल सिंह विद्रोही

सूरजपुर ब्यूरो(दैनिक विश्व परिवार)- नगरीय निकाय चुनाव के तारीखों का ऐलान होते ही जहां एक ओर उम्मीदवारों कि धड़कने तेज हो गई हैं वहीं दूसरी ओर स्थानीय स्तर पर चल रहे चुनावी दांवपेंच, आरोप - प्रत्यारोप के साथ प्रचार प्रसार का दौर भी नगर पंचायत बिश्रामपुर में शुरू हो गया है ।

इसी बीच नगर पंचायत बिश्रामपुर में कुछ नए पुराने चेहरों के भाजपा में शामिल हो जाने से आगामी चुनाव में भारी उलटफेर होने की संभावना जताई जा रही है । प्रेमनगर विधायक भूलन सिंह मरावी ने आपकी आवाज़ सीजी न्यूज़ के संपादक एवं आप पार्टी के सूरजपुर जिला महामंत्री राजेन्द्र पासवान सहित युवा तुर्क के रूप में अपनी पहचान बनाने वाले रविशंकर बऊवा एवं तरुण प्रधान उर्फ छोटी को

फूलमाला पहनाते हुए भाजपा में प्रवेश कराया।

बताया जाता है कि भाजपा के पूर्व पार्षद एवं बिश्रामपुर मंडल के पूर्व महामंत्री , मुखर वक्ता के साथ साथ बतौर मीडियाकर्मी राजेन्द्र पासवान नगर पंचायत बिश्रामपुर में लोगों के बीच गहरी पैठ रखते हैं द्य वहीं भाजपा से 3 बार और कांग्रेस पार्टी से भाजपा के प्रत्याशी दीपेंद्र सिंह चौहान को हराकर एक बार पार्षद रह चुके रविशंकर बऊवा स्थानीय जनता के बीच काफी लोकप्रिय हैं द्य इसके साथ ही नगर पंचायत बिश्रामपुर के वार्ड क्रमांक 10 से निर्दलीय प्रत्याशी के रूप में चुनाव लड़ते हुए भाजपा सहित कांग्रेस उम्मीदवार को कड़ी टक्कर देने बाद सुर्खियों आए तरुण प्रधान को एक तेजतर्रार युवा चेहरे के रूप देखा जा रहा है जो आप बीजेपी का दामन थाम लिया है।

ऐसे में नगर पंचायत बिश्रामपुर के ये तीन बड़े चेहरों के भाजपा में शामिल हो जाने से विरोधी दलों के संभावित उम्मीदवारों के माथे पर चिंता की लकीरें खींच गई हैं।

आगामी नगर पंचायत चुनाव के दौरान भाजपा की तरफ से रवि शंकर बउआ को पार्षद के लिए टिकट मिलना निश्चित है तो राजेंद्र पासवान एवं तरुण को बीजेपी द्वारा इन्हें क्या जिम्मेदारी मिलती है यह तो आने वाला समय बताएगा।

इस अवसर पर भाजपा के बिश्रामपुर मण्डल अध्यक्ष कैलाश सिरदार , महामंत्री सतीश तिवारी, भाजयुमो प्रदेश विशेष आमंत्रित सदस्य सूरज शेट्टी , गौतम सिंह, सहित अन्य भाजपा कार्यकर्ता मौजूद थे।

संक्षिप्त समाचार

ट्रैक्टर में दबकर युवक की मौत

जांजगीर(विश्व परिवार)। जांजगीर-चांपा जिले में एक दर्दनाक हादसे में 18 वर्षीय युवक की मौत हो गई। नवागढ़ थाना क्षेत्र के गोधना गांव में हुई इस घटना में किशन जागेश्वर नाम का युवक ट्रैक्टर से गिरकर ट्राली के पहिए के नीचे आ गया। घटना सुबह करीब 6 बजे की है, जब किशन अपने साथियों के साथ कनकपुर से ईंट लोडकर बेल्हा गांव जा रहा था। कोहरे के कारण चालक को सड़क पर बना गड्ढा नहीं दिखा और ट्रैक्टर का पहिया उसमें फंस गया। तेज रफ्तार के कारण इंजन पर बैठा किशन उछलकर सड़क पर गिर गया और उसका सिर ट्राली के पहिए के नीचे आ गया।ढ्ढह्वश्र ऋङ्कस्न - डॉक्टर जारी कर रहा था फर्जी मेडिकल सर्टिफिकेट, पुलिस भर्ती में गड़बड़ी पर सस्पेंड घायल किशन को डायल 112 की मदद से सीएचसी अस्पताल नवागढ़ ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने ट्रैक्टर को जब्त कर चालक के खिलाफ लापरवाहीपूर्वक वाहन चलाने का मामला दर्ज किया है। यह हादसा एक गरीब परिवार के लिए बड़ा झटका है। किशन अपने माता-पिता का इकलौता बेटा था और एक बहन का भाई। परिवार रोजमर्रा की मजदूरी से गुजारा करता है। बेटे की मौत से मां की हालत इतनी खराब हो गई कि उन्हें भी अस्पताल में भर्ती कराना पड़ा। पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम कराकर परिजनों को सौंप दिया है और मामले की जांच जारी है।

यातायात नियमों का पालन करने वाले वाहन चालकों का सम्मान

कवर्धा(विश्व परिवार)। राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह के तहत पुलिस अधीक्षक धर्मेंद्र सिंह के निर्देशन में और अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक पुष्पेंद्र बघेल एवं पंकज पटेल के मार्गदर्शन में, उप पुलिस अधीक्षक कृष्ण कुमार चंद्राकर और यातायात प्रभारी प्रवीण खलखो के नेतृत्व में यातायात नियमों का पालन करने वाले वाहन चालकों का सम्मान किया गया। इस दौरान हेलमेट पहनने और सीट बेल्ट का उपयोग करने वाले जिम्मेदार वाहन चालकों को चॉकलेट और गुलदस्ता देकर प्रोत्साहित किया गया। पुलिस अधिकारियों ने चालकों को बधाई देते हुए कहा कि उनका यह अनुशासन न केवल उनकी सुरक्षा सुनिश्चित करता है बल्कि समाज में भी एक सकारात्मक संदेश देता है। यातायात प्रभारी प्रवीण खलखो ने कहा कि सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाने के लिए यातायात नियमों का पालन करना अत्यंत महत्वपूर्ण है। हेलमेट और सीट बेल्ट जैसे सुरक्षा उपकरण जीवन बचाने में अहम भूमिका निभाते हैं। उप पुलिस अधीक्षक कृष्ण कुमार चंद्राकर ने जनता से अपील की कि वे हमेशा यातायात नियमों का पालन करें और दूसरों को भी इसके लिए प्रेरित करें। पुलिस का यह प्रयास सड़क पर जिम्मेदारी और सुरक्षा को बढ़ावा देने के उद्देश्य से किया गया, जिसे जनता ने सराहा।

निजी स्कूल में निकला 9 फीट का अजगर, मचा हड़कंप

रायगढ़(विश्व परिवार)। रायगढ़ जिले के एक निजी स्कूल परिसर में दो अजगर सांप निकलने का मामला सामने आया है, वहीं जानकारी है कि जोरापाली गांव के पास स्थित साधुराम विद्या मंदिर स्कूल के स्टोर रूम में अजगर सांप दिखने से शिक्षकों और बच्चों में दहशत पनप गई इधर उक्त घटना की जानकारी मिलते ही सर्परक्षक की टीम मौके पर पहुंची जिसके बाद टीम ने एक घंटे की मशक्कत के बाद दोनों सांपों को पकड़कर जंगल में छोड़ा। सूत्रों कि माने तो एक अजगर सांप की लंबाई 9 फीट और दूसरे की लंबाई साढ़े 6 फीट थी इधर स्कूल की छुट्टी के बाद सर्प रक्षक की टीम ने स्कूल के स्टोर रूम के भीतर घूसे अजगर सांपों को बाहर निकाला और पास के जंगल में छोड़ा।

अपर कलेक्टर ने गणतंत्र दिवस की तैयारी किया निरीक्षण

जशपुरनगर(विश्व परिवार)। जिला मुख्यालय जशपुर के रणजीता स्टेडियम में 26 जनवरी को गणतंत्र दिवस गरिमापूर्ण ढंग से मनाने के लिए तैयारी जोरो से की जा रही है। जशपुर जिले में श्रम मंत्री श्री लखन लाल देवांगन मुख्य समारोह में ध्वजारोहण करेंगे और परेड की सलामी लेंगे। अपर कलेक्टर श्री प्रदीप कुमार साहू ने आगामी 26 जनवरी को गणतंत्र दिवस के अवसर पर रणजीता स्टेडियम आयोजित होने वाले मुख्य समारोह का निरीक्षण किया और अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। इस अवसर पर एसडीएम श्री ओंकार यादव, जिला शिक्षा अधिकारी सहित अन्य विभाग के अधिकारीगण उपस्थित थे। अपर कलेक्टर ने गणतंत्र दिवस समारोह के लिए मंच व्यवस्था, जनप्रतिनिधियों गणमान्य नागरिकों एवं पत्रकारों के लिए बैठक व्यवस्था व निमंत्रण पत्र, साउण्ड, पानी, बिजली, साफ-सफाई, गाड़ी पार्किंग, प्रवेश द्वार, परेड आदि की व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश अधिकारियों को दिए है।

बस्तामुक्त विद्यालय माध्यमिक शाला रुनियाडीह के बच्चों को अनस फॉर्म दतिमा एवं पेंगुइन एग्स फॉर्म राईं का व्यावसायिक शिक्षा भ्रमण कराया गया

सूरजपुर ब्यूरो(दैनिक विश्व परिवार)- क्षेत्र के प्रथम बस्तामुक्त विद्यालय शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला रुनियाडीह के बच्चों को पूर्व व्यावसायिक शिक्षा अंतर्गत अनस फॉर्म दतिमा एवं पेंगुइन एग्स फॉर्म राईं का भ्रमण कराया गया। संस्था प्रमुख सीमांचल त्रिपाठी द्वारा बताया गया कि जिला शिक्षा अधिकारी श्री राम ललित पटेल व जिला मिशन समन्वयक श्री शशिकांत सिंह के मार्गदर्शन में बच्चों को पूर्व व्यवसायिक कौशल शिक्षा प्रशिक्षण देने का कार्य किया जा रहा है। इस वर्ष संस्था के बच्चों को कुक्कुट, बकरी व मत्स्य पालन जैसे रोजगारपरक कार्य सीखाना है। जिससे आने वाले समय में बच्चे पढ़ाई समाप्त कर शासकीय सेवक ना बन पाने की स्थिति में अपना रोजगार प्रारंभ कर अपना जीवकोपार्जन कर आत्मनिर्भर बन सकेंगे। इस दिशा में अनस

फार्म हाउस के संचालक मोहम्मद अहमद बेग व पेंगुइन एग्स पोल्ट्री फार्म के संचालक प्रदीप कुमार जायसवाल का मार्गदर्शन बच्चों को प्राप्त हुआ। बच्चों ने भ्रमण के दौरान अनस फार्म हाउस में विभिन्न प्रजातियों के मुर्गी जैसे बॉयलर मुर्गी, सुनाली, कड़कनाथ व देशी प्रजाति के मुर्गियों के रखरखाव व पालन जैसे भोजन, पानी देने, उनके पहले दिन से लेकर 40 दिनों के रखरखाव व भोजन व्यवस्था को देखा तो वहीं पेंगुइन एग्स फॉर्म में मुर्गियों से प्राप्त अंडों को एकत्रित करना, अंडों की बिक्री के लिए बाजार व भोजन व्यवस्था के बारे में जानकारी प्राप्त की। यहां उन्होंने अत्याधुनिक तरीके सेलो के माध्यम से भोजन देने के तरीकों की जानकारी प्राप्त की। नई राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 में माध्यमिक शाला से ही बच्चों को आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में उन्हें व्यावसायिक शिक्षा प्रदान करने की बात कही गई है। संस्था द्वारा बच्चों में निहित कौशलों का चिन्हांकन कर उन्हें आगे बढ़ाने का कार्य सतत रूप से किया जाता है जिसके परिपालन में इस वर्ष बच्चों को मुर्गी पालन, मुर्गी से अंडा प्राप्त करना, उन्हें विक्रय करना व चूजे प्राप्त करना, बकरी पालन से आय प्राप्त करना, दुग्ध व्यवसाय तथा मत्स्य पालन जैसे कार्य सीखाने का कार्य किया जा रहा है। बच्चों के शैक्षिक भ्रमण कार्य में संस्था के शिक्षक रिजवान अंसारी, श्रीमती एम. टोप्पो, पूनम गुप्ता मध्याह्न भोजन सहायिका सुमित्रा राजवाड़े, नान दईया, अभिभावकों में अमरेश राजवाड़े, मुकुटमणी राजवाड़े, मानमती जायसवाल, रुक्मणी उपस्थित रहे। अभिभावकों ने शैक्षिक भ्रमण को बच्चों हेतु आवश्यक बताया और शासन के प्रति आभार जताया।

यातायात नियमों का उल्लंघन वाहन चालकों से सख्ती जारी

बलौदाबाजार-भाटापारा (विश्व परिवार)। जिला बलौदाबाजार-भाटापारा यातायात पुलिस द्वारा आपरेशन विश्वास के तहत यातायात नियमों की अवहेलना करने वाले वाहन चालकों के विरुद्ध लगातार सख्ती से कार्यवाही की जा रही हैं, सांथ ही जिले में सड़क दुर्घटनाओ की रोकथाम, सुगम एवं सुव्यवस्थित यातायात व्यवस्था के लिए, यातायात नियमों का पालन नहीं करने वाले वाहन चालको पर सख्त कार्यवाही करने हेतु यातायात पुलिस द्वारा लगातार चेकिंग अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम मे दिनांक 22.01.2025 को यातायात पुलिस द्वारा सड़क मार्ग में दो-पहिया वाहन में तीन सवारी, बिना नंबर के वाहन चलाने वाले, नो-पार्किंग में अपने वाहन खडा करने वाले चालकों पर सख्त कार्रवाई किया गया है। यातायात पुलिस द्वारा चेकिंग अभियान में दोपहिया वाहन में तीन सवारी चलने वाले 10 वाहन चालकों के विरुद्ध कार्रवाई कर रू.3000 समन शुल्क वसूला गया है। बिना नंबर के वाहन चलाने वाले 16 वाहन चालकों के विरुद्ध कार्यवाही कर रू.4800 समन शुल्क, नो-पार्किंग में वाहन खडा करने वाले 20 वाहन चालकों के विरुद्ध कार्यवाही कर रू.6000 समन शुल्क वसूल एवं किया गया है। दिनांक 22.01.2025 को पुलिस द्वारा यातायात नियमों का उल्लंघन करने वाले कुल 67 वाहन चालकों के विरुद्ध कार्रवाई कर रू.19,900 समन शुल्क वसूल किया गया है। जिला बलौदाबाजार-भाटापारा यातायात पुलिस द्वारा यातायात नियमो के प्रति जागरूकता एवं यातायात नियमो के पालन हेतु सख्ती से लगातार कार्यवाही की जा रही हैं। पुलिस आम नागरिकों से अपील करती हैं कि आप सभी यातायात के नियमों का पालन करें एवं जिले में सुगम एवं सुरक्षित यातायात व्यवस्था के लिए यातायात नियमों का सदैव पालन करें। पुलिस आपकी सेवा एवं सुरक्षा हेतु सदैव तत्पर हैं।

भटगांव नगर पंचायत के नगरी निकाय चुनाव के लिए चार लोगों ने फॉर्म खरीदा

सूरजपुर ब्यूरो(दैनिक विश्व परिवार)-भटगांव। नगर पंचायत भटगांव में नगरीय निकाय चुनाव के लिए आज अध्यक्ष पद के लिए 4 लोगों ने फार्म खरीदे, जिनमें पूर्व पार्षद अभिषेक प्रिंस श्रीवास्तव, सुखदेव राजवाड़े, पूर्व अध्यक्ष श्रीमती परमेश्वरी राजवाड़े और वीरेंद्र कुमार शर्मा शामिल हैं। इसके अलावा, अलग-अलग वार्डों के लिए कुल 18 लोगों ने पार्षद का फॉर्म लिया है, जिनमें राम साय राजवाड़े, सीमावती पैकरा, अभिषेक प्रिंस श्रीवास्तव, रोहित कुमार सिंह, संजीव कुमार, श्रीमती मानमती राजवाड़े, उर्मिला राजवाड़े, ओंकार सिंह सैनी, सुखदेव राजवाड़े, किरण सिंह, जनार्दन यादव, गणेश कुमार चौधरी, रामफल, सुनील सोनवानी, सोनमती राजवाड़े, आशीष बाजपेई, आकाश कुमार जायसवाल और मीना पैकरा शामिल हैं। हालांकि, अभी तक किसी भी प्रत्याशी ने नामांकन दाखिल नहीं किया है। नगर पंचायत भटगांव में अभी तक अध्यक्ष पद के लिए 6 लोगों ने फार्म खरीदे हैं, लेकिन किसी ने भी नामांकन नहीं जमा किया है। वहीं, पार्षद पद के लिए कुल 18 लोगों ने फार्म खरीदे हैं, लेकिन अभी तक किसी ने भी नामांकन दाखिल नहीं किया है।

पति-पत्नी ने रक्त दे कर अन्य लोगों को भी रक्तदान देने किया प्रेरित

सूरजपुर जिला औषधि विक्रेता संघ का सफल रक्तदान शिविर

सूरजपुर ब्यूरो (दैनिक विश्व परिवार)--आज सूरजपुर में जिला औषधि विक्रेता संघ के द्वारा रक्तदान कैंप का आयोजन किया गया जिसमें अध्यक्ष सचिव एवं कोषाध्यक्ष के साथ-साथ 25 से भी अधिक केमिस्ट सदस्यों ने रक्तदान किया।

जानकारी के अनुसार सूरजपुर जिले के लटोरी के गुरु कृपा मेडिकल से पति-पत्नी दोनों ने एक साथ रक्तदान करके केमिस्ट परिवार को रक्त देने हेतु प्रेरित किया।

उल्लेखनीय है कि राष्ट्रीय अध्यक्ष के जन्मदिन पर सूरजपुर औषधि विक्रेता संघ का मेघा रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया था जिसमें जिले भर के केमिस्ट सदस्यों ने अपनी उपस्थिति दर्ज कराई।

इस संबंध में जानकारी केअनुसार सूरजपुर औषधि विक्रेता संघ आज 24 जनवरी को अपने संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष जी शिंदे के 75 वे जन्मदिवस पर मेगा रक्तदान शिविर का आयोजन किया है।

उक्त संबंध में जिला औषधि विक्रेता संघ सूरजपुर के अध्यक्ष विनोद कुमार अग्रवाल सचिव अमूल्य चंद्र ,कोषाध्यक्ष राजेश कुमार जायसवाल ने आयोजन हेतु नगरीय चुनाव को देखते हुए संयुक्त हस्ताक्षर युक्त आवेदन सूरजपुर जिला चिकित्सालय के मुख्य चिकित्सा अधिकारी को पत्र लिखकर ब्लड बैंक में स्थान देने की गुजारिश की थी ।संगठन के इन पदाधिकारी ने मुख्य चिकित्सा अधिकारी को लिखें अपने पत्र में उल्लेख किया था कि सूरजपुर औषधि विक्रेता संघ ने निर्णय लिया है कि अपने राष्ट्रीय अध्यक्ष जी शिंदे जी के 75 वे जन्मदिन के महत्वपूर्ण अवसर पर राष्ट्रव्यापी रक्त दान शिविर का आयोजन करेगी इसी कड़ी में सूरजपुर रक्तदान शिविर 24 जनवरी के शुक्रवार को प्रातः 10 बजे से संध्या 6 बजे तक आयोजित रहेगा। संगठन ने इसके लिए संबंधित चिकित्सालय के रक्त बैंकों को शिविर के दौरान रक्त एकत्र करने की व्यवस्था करने का आग्रह किया है ताकि राष्ट्र के सर्वांगीण विकास में स्वस्थ योगदान दिया जा सके। संगठन के अनुरोध पर जिला चिकित्सालय के कर्मचारियों ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लेकर सहयोग किया।

सूरजपुर जिला औषधि विक्रेता संघ के ने किया रक्तदान

पति पत्नी ने भी रक्त दान कर अन्य को किया प्रेरित

सूरजपुर ब्यूरो(दैनिक विश्व परिवार) आज सूरजपुर जिला मुख्यालय में सूरजपुर औषधि विक्रेता संघ की तत्वाधान में विशाल रक्त शिविर का आयोजन किया गया जिसमें संगठन की जिला अध्यक्ष , सचिव एवं कोषाध्यक्ष के साथ-साथ 25 से भी अधिक केमिस्ट ने रक्तदान किया।

जानकारी के अनुसार संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष जी शिंदे की जन्मदिन पर सूरजपुर जिले के लटोरी के गुरु कृपा मेडिकल से पति-पत्नी दोनों ने एक साथ रक्तदान कर के केमिस्ट परिवार के रक्तदान देने सदस्यों को प्रेरित किया रक्तदान के इस आयोजन

में अध्यक्ष सचिव कोषाध्यक्ष के साथ साथ ब्लॉक पदाधिकारी, संगठन सचिव एवं दूर-दूर से आए केमिस्ट साथियों ने रक्तदान किया

आज की इस आयोजन में रक्तदान करने वालों में प्रमुख रूप से संजय कुमार , नितिन कुमार गुप्ता ,राजा सिंह, श्रीमती शारदा सिंह ,रोहित कुमार सिंह , दयासागर बारिक ,गंगाराम बालाजी ,खिलेंद्र कुमार, डॉक्टर मोहम्मद जमाल हसन , तेजू सिंह , संतोष कुमार चंदेल ,, शारदा सिंह , अजय कुमार गुप्ता राजेंद्र कुमार , दुर्गेश राजवाड़े ,दीपक रवि जी,, रामनिवास साहू ,रूपेश पांडे जी,, राजेश्वर गुप्ता ,दीपेंद्र इस रक्तदान शिविर में रक्त देने वाले एवं सहयोग करने वाले को विनोद अग्रवाल ने सहयोग के लिए आभार व्यक्त किया।

दैनिक
विश्व परिवार

विचार-पक्ष

रायपुर शनिवार 25 जनवरी 2025

www.dainikvishwapariwar.com
vishwapariwarraipur@gmail.com

संपादकीय

भगोड़े अपराधियों के खिलाफ मुहिम.....

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने कहा है कि समय आ गया है कि अपराध करने के बाद देश फरार भगोड़ों को पकडने और उन्हें न्याय के कठघरे में लाने के लिए आधुनिक तकनीकों का इस्तेमाल करे। केंद्रीय जांच ब्यूरो द्वारा विकसित भारतपोल पोर्टल लॉन्च करते हुए शाह ने कहा कि इससे देश की हर जांच एजेंसी और पुलिस बल सरलता से इंटरपोल के साथ जुड़ कर जांच को रफ्तार दे सकेगा। मोदी सरकार द्वारा लाए गए तीन नये आपराधिक कानूनों में आरोपियों की अनुपस्थिति में ट्रायल के प्रावधान को जोडने की चर्चा करते हुए उन्होंने हथियारों और मादक पदाथरे व मानव तस्करी और सीमापार होने वाले आतंकवाद के खिलाफ नई व्यवस्था को सहायक बताया। भारतपोल के पांच प्रमुख प्रारूप कनेक्ट, इंटरपोल नोटिस, रेफरेंस, ब्राडकास्ट और रिसोर्स के माध्यम से कानून प्रवर्तन एजंसियों के लिए तकनीकी रूप से मददगार साबित होने की उम्मीद है। इसके 195 देशों के इंटरपोल से ब्राडकास्ट के जरिए सीधा जुडने से दस्तावेज और जरूरी जानकारियों का लेन-देन आसान हो जाएगा। इसकी विशेषता रिअल टाइम इंटरफेस भी है जो सीधा संवाद स्थापित करेगी। अब तक सीबीआई, आईएओ और यूओ के बीच संचार ई-मेल तथा फैक्स द्वारा ही संभव था। अंतरराष्ट्रीय डाटा सुरक्षित रखने, रेडकॉर्नर नोटिस और अन्य कानूनी नोटिसों के आदान-प्रदान में सहूलियत के साथ ही इंटरपोल के उन्नीस प्रकार के डाटाबेस का विश्लेषण तथा अपराधियों को पकडने की व्यवस्था हो सकेगी। भगोड़े अपराधियों को देश वापस लाने में सरकार को लोहे के चने चबाने पड़ रहे हैं जिससे न केवल देशवासियों के समक्ष, बल्कि अंतरराष्ट्रीय जगत में भी कानूनी पकड़ और न्याय-व्यवस्था को लेकर सवालिया निशान लगते रहते हैं। कड़े कानूनों का लाभ तभी है, जब विदेश में छिपे घोषित अपराधियों की धरपकड़ कर उन्हें सजाएं दी जा सकें। भगोड़ों को पकड़ कर देश वापस लाने के मोदी सरकार के दावों की लंबे समय से फजीहत होती रही है। तय रूप से शाह इस स्थिति से निकलने के प्रति गंभीर होंगे। बेहतरीन होती विदेश नीति का फायदा लेते हुए सरकार को उच्च तकनीक के मार्फत दुनिया भर के भगोड़े अपराधियों के खिलाफ मुहिम चलाने में आसानी होगी। हैकर्स और जालसाजों द्वारा अति गोपनीय जानकारी में सेंध लगाने की गुंजाइश पर भी नजर रखी जा सकेगी।

प्रवासियों से बढ़ेगा विदेशी निवेश

डा. जयंतीलाल भंडारी

हम उम्मीद करें कि नए वर्ष में भारत की विशाल कौशल प्रशिक्षित युवा आबादी भारत को विदेशी निवेशकों की नजरों में और अधिक पसंदीदा देश बनाने की डगर पर बढ़ाएगी हाल ही में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 9 जनवरी को ओडिशा के भुवनेश्वर में 18वें प्रवासी भारतीय सम्मेलन को संबोधित करते हुए कहा कि इस समय जहां भारत के प्रवासी भारत के विकास में बड़ा योगदान दे रहे हैं, वहीं भारत के टैलेंट का डंका पूरी दुनिया में बज रहा है। हमारे प्रोफेशनल दुनिया की बड़ी कंपनियों के जरिए ग्लोबल ग्लोब में अपना अभूतपूर्व योगदान रहे हैं। वस्तुत: विदेशों में भारत के प्रवासी भारत के राजदूत हैं और अपने-अपने देशों में प्रभाव रखते हैं। ऐसे में अब भारत ने 2024 तक विकसित देश बनने का जो लक्ष्य रखा है, उस लक्ष्य को पाने के लिए प्रवासी भारतीयों से नए सहयोग की अपेक्षा है। अपेक्षा है कि प्रवासी भारत की विभिन्न परियोजनाओं में स्वयं निवेश करें और अपने विदेशी मित्रों को भी निवेश के लिए प्रेरित करें। उल्लेखनीय है कि 18वें प्रवासी भारतीय सम्मेलन के बाद प्रवासी भारत के विकास में प्रत्यक्ष विदेशी निवेश (एफ्डीआई) बढ़ाने के लिए प्रेरित हुए हैं। इस सम्मेलन में शामिल कई प्रवासी उद्यमी और कारोबारी यह कहते हुए दिखाई दिए कि नए वर्ष 2025 में भारतीय प्रवासियों से एफ्डीआई से संबंधित उजली संभावनाओं को मुठ्ठी में लेने के लिए यह जरूरी होगा कि भारत विदेशी निवेश की सीमा बढ़ाने, नियामक बाधाओं को हटाने, बुनियादी ढांचे के विकास, व्यापार-कारोबार में बेहतरी, निवेश की क्षेत्रीय सीमाओं को उदार बनाने, नियामक प्रक्रियाओं को सुव्यवस्थित करने, नौकरशाही संबंधी बाधाओं को कम करने और कॉरपोरेट को उनके विवादों को सुलझाने में मदद करने के लिए न्यायिक परिवेश बेहतर बनाने की डगर पर आगे बढ़े। गौरतलब है कि प्रवासी भारतीयों ने वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय के द्वारा जारी रिपोर्ट पर भी विशेष रूप से ध्यान दिया, जिसके मुताबिक देश में प्रत्यक्ष विदेशी निवेश (एफ्डीआई) का प्रवाह अप्रैल 2000 से सितंबर 2024 तक 1000 अरब डॉलर को पार कर गया है। खास तौर से चालू वित्त वर्ष 2024-25 में अप्रैल से सितंबर 2024 के दौरान 42.1 अरब डॉलर का विदेशी निवेश आया है। यह निवेश 60 सेक्टर, 31 राज्य और केंद्र शासित क्षेत्रों में रहा है तथा यह एफ्डीआई का अब तक का रिकॉर्ड प्रवाह है। खास बात यह भी है कि वर्ष 2014 के बाद से अब तक पिछले 10 वर्षों में 667.4 अरब डॉलर का एफ्डीआई आया है। भारत के आर्थिक विकास की यात्रा में एफ्डीआई का यह विशाल आकार एक बड़ी उपलब्धि है। यह वैश्विक आर्थिक व्यवस्था में भारत के बढ़ते प्रभाव को भी दिखाता है। यदि हम भारत में एफ्डीआई के स्रोत देशों की ओर देखें तो पाते हैं कि भारत में एफ्डीआई का सबसे बड़ा स्रोत मॉरीशस रहा है। मॉरीशस ने कुल विदेशी निवेश में 25 प्रतिशत का योगदान दिया है। सिंगापुर 24 प्रतिशत एफ्डीआई के साथ दूसरे स्थान पर है। अमेरिका 10 प्रतिशत निवेश के साथ तीसरे स्थान पर है। इसके अलावा बड़े निवेशक देशों में नीदरलैंड्स, जापान और ब्रिटेन शामिल हैं। भारत में जिन क्षेत्रों में विदेशी निवेश आकर्षित हुआ है, उनमें आईटी, फाइनेंशियल सर्विसेज, टेलीकम्युनिकेशंस, ट्रेडिंग, इन्फ्रास्ट्रक्चर डेवलपमेंट कंसल्टेंसी सहित सर्विस सेक्टर प्रमुख सेक्टर हैं। नि:संदेह देश को विदेशी निवेश का पसंदीदा देश बनाने में तेजी से बढ़ती अर्थव्यवस्था की अहम् भूमिका है। पिछले वित्त वर्ष 2023-24 में देश की विकास दर अनुमानों से अधिक 8.2 फीसदी रही है और इस चालू वित्त वर्ष 2024-25 में भी यह करीब 7 फीसदी रह सकती है। भारत में तेजी से विदेशी निवेश आकर्षित होने के कई कारण हैं। भारत विश्व अर्थव्यवस्था में नई शक्ति प्राप्त कर रहा है। चार वैश्विक रुझान जनसांख्यिकी, डिजिटलीकरण, डीकार्बोनाइजेशन और डीग्लोबलाइजेशन न्यू इंडिया के पक्ष में हैं। भारत में मजबूत राजनीतिक नेतृत्व है। जिन सुधारों से विदेशी निवेश आकर्षित हुए हैं, उनमें मेक इन इंडिया पहल, आर्थिक उदार नीतियां, जीएसटी, प्रतिस्पर्धी श्रमिक लागत और रणनीतिक प्रोत्साहन, कई सेक्टर में 100 प्रतिशत एफ्डीआई की अनुमति, स्टार्टअप फंडिंग के लिए एंजेल टैक्स खत्म होना, विदेशी कंपनियों के लिए कारपोरेट टैक्स में कमी प्रमुख हैं। इतना ही नहीं, भारतीय बाजार बढ़ती डिमांड वाला बाजार है। देश में प्रतिभाशाली नई पीढ़ी की कौशल दक्षता, आउटसोर्सिंग और देश में बढ़ते हुए मध्यम वर्ग की चमकीली क्रयशक्ति के कारण विदेशी निवेश भारत की ओर तेजी से बढने लगा है। भारत में उद्योग-कारोबार को आसान बनाने के लिए विगत 10 वर्षों में करीब 1500 पुराने कानूनों और 40 हजार अनावश्यक अनुपालन को समाप्त कर दिया गया है। आर्थिक क्षेत्र में दिवालिया कानून जैसे सुधार किए गए हैं। कानून के कई प्रावधानों को अपराध की श्रेणी से बाहर करने और एफ्डीआई के लिए नए रास्ते जैसे अभूतपूर्व कदमों से देश की ओर विदेशी निवेश का प्रवाह तेजी से बढ़ते हुए दिखाई दे रहा है। इसमें कोई दो मत नहीं है कि प्रवासी भारतीय इस बात से वाकिफ हुए हैं कि वैश्विक स्तर पर सुस्त बाजारों और चीन की आर्थिक रफ्तार सुस्त होने के बीच भारत ने विदेशी निवेश प्राप्त करने का अब तक एक शानदार मुकाम हासिल किया है। विनिर्माता और निवेशक चीन का विकल्प तलाश रहे हैं और इस समय एशिया में अधिकांश निवेशकों को भारत से बेहतर कोई नहीं दिख रहा है। देश की अर्थव्यवस्था की चाल में लगातार सुधार और विदेशी संस्थागत निवेशकों (एफ्पीआई) से अच्छा निवेश प्राप्त होने की बदौलत भारतीय शेयरों में तेजी दर्ज की जा रही है। देश में शेयर बाजार ने शानदार प्रदर्शन किया है। विदेशी निवेश की बदौलत भारत विश्व में नई परियोजनाओं की घोषणा करने वाला तीसरा देश बन गया है और अंतरराष्ट्रीय परियोजना वित्त सौदों में दूसरा सबसे बड़ा देश बन गया है। निश्चित रूप से देश का बढ़ता मैन्युफैक्चरिंग सेक्टर देश में एफ्डीआई की बड़ी ताकत बन गया है। मैन्युफैक्चरिंग आउटपुट में चीन दुनिया में पहले स्थान पर है। साथ ही मैन्युफैक्चरिंग सेक्टर में भारत 456 अरब डॉलर विनिर्माण मूल्य के साथ दुनिया में पांचवें स्थान पर है तथा भारत नया विश्व मैन्युफैक्चरिंग हब बनने की ओर अग्रसर है। भारत के मैन्युफैक्चरिंग सेक्टर को जिस तरह सुविधाओं के साथ तेजी से आगे बढ़ाया जा रहा है, उससे दुनिया भर के निवेशक भारत आने के लिए उत्सुक हैं। इस समय भारत की अर्थव्यवस्था दुनिया की सबसे बड़ी पांचवी अर्थव्यवस्था है। अब इसे तीसरी बड़ी अर्थव्यवस्था बनाने और भारत को विकसित देश बनाने की डगर पर आगे बढ़ाने के लिए उद्योगपतियों के द्वारा अहम भूमिका निभाई जा रही है। हम उम्मीद करें कि इस वर्ष 2025 में सरकार प्रवासी भारतीयों और उनके विदेशी मित्रों से भारत के लिए अधिक एफ्डीआई प्राप्त करने के नए रणनीतिक प्रयास करेगी। साथ ही एफ्डीआई के लिए भारत को पसंदीदा देश बनाए जाने की बहुआयामी संभावनाओं को साकार करने के लिए सरकार और अधिक प्रयास करेगी। हम उम्मीद करें कि नए वर्ष 2025 में भारत की विशाल कौशल प्रशिक्षित युवा आबादी नवाचार, तकनीकी और डिजिटल नवोन्मेषों के साथ भारत को दुनिया के विदेशी निवेशकों की नजरों में और अधिक पसंदीदा देश बनाने की डगर पर तेजी से आगे कदम बढ़ाएगी। हम उम्मीद करें कि 18वें प्रवासी भारतीय सम्मेलन के बाद अब इस वर्ष 2025 में प्रवासी भारतीयों और उनके विदेशी मित्रों से अधिक एफ्डीआई प्राप्त होने, भारत की नई लॉजिस्टिक नीति और गति शक्ति योजना के कारगर कार्यान्वयन, नीतिगत सुधारों, उत्पादों के कारोबार के लिए सिंगल विंडो मंजूरी, इन्फ्रास्ट्रक्चर, श्रमिकों के नए दौर के अनुरूप शिक्षण प्रशिक्षण के साथ-साथ विभिन्न आर्थिक और वित्तीय सुधारों से भारत दुनिया के पहले पांच सबसे पसंदीदा एफ्डीआई वाले देशों के ऊंचे क्रम पर रेखांकित होते हुए दिखाई देगा।

आलेख

वृद्ध लोग समाज के मूल्यवान सदस्य.....

अमित बैजनाथ गर्ग

हाल ही में सऊदी अरब के रियाद में ग्लोबल हेल्थ स्पैन शिखर सम्मेलन आयोजित किया गया था, जिसमें स्वास्थ्य के विभिन्न पहलुओं पर वक्ताओं ने खुलकर चर्चा की। सम्मेलन में सबसे अहम बात बुजुर्गों के स्वास्थ्य की चिंता के रूप में उभरकर सामने आई। सम्मेलन में करीब दो हजार से अधिक वैज्ञानिक, उद्यमी, नीति निर्माता और विचारक एकत्रित हुए। उन्होंने बुजुर्ग होते समाज के भविष्य के समक्ष आने वाले महत्त्वपूर्ण प्रश्नों पर गहनता से चर्चा की। उनका कहना है कि दुनिया में स्वस्थ वृद्धावस्था के अप्रयुक्त अवसरों के साथ-साथ उभरते हस्तक्षेप, प्रौद्योगिकी, नीतिगत परिवर्तन और भविष्य के लिए आवश्यक निवेश पर खुलकर चर्चा की जानी चाहिए। सम्मेलन में यह बात भी सामने आई कि आज वैश्विक औसत जीवन प्रत्याशा 73.4 वर्ष है, जिसके बढ़कर सौ साल होने की उम्मीद की जा सकती है। वक्ताओं ने कहा कि जीवन प्रत्याशा में उल्लेखनीय वृद्धि के बावजूद हमारे जीवन के अंतिम वर्ष अक्सर दीर्घकालिक बीमारी में गुजर रहे हैं। उम्र बढने के साथ कई पूर्वाग्रह और बुढ़ापे को सामाजिक और आर्थिक बोझ के रूप में पेश करने की कहानी सामने आ रही है। कोलंबिया विविद्यालय में प्रोफेसर जॉन आर. बिर्यड ने कहा कि कामकाजी उम्र की आबादी में वृद्ध आश्रितों की संख्या का अनुपात नकारात्मक धारणाओं को मजबूत करता है और समाज में वृद्ध वयस्कों के सार्थक योगदान को नजरअंदाज करता है। अमेरिका और यूरोप में वृद्ध वयस्क भुगतान किए गए काम, स्वयं सेवा और देखभाल के माध्यम से सकल घरेलू उत्पाद का अनुमानित सात फीसद योगदान करते हैं। उन्होंने कहा कि वृद्ध आबादी आर्थिक स्थिरता और नवाचार के लिए भी एक अप्रयुक्त शक्ति हो सकती है। अमेरिका में 50 से अधिक उम्र के उद्यमियों की संख्या साल 2007 के मुकाबले साल 2024 में दोगुनी हो गई है। उन्होंने कहा कि लंबे समय तक जीने से हमें रिटायरमेंट शब्द से भी रिटायर होना पड़ सकता है। अनुमानित जीवनकाल शताब्दी के करीब पहुंचने के साथ हम उम्मीद कर सकते हैं कि हमारा कामकाजी जीवन अतिरिक्त 20-40 वर्षों तक बढ़ जाएगा। यह शिक्षा और काम के बारे में हमारी सोच को फिर से परिभाषित करेगा। वहीं कार्यबल में बने रहने के कारण अर्थशास्त्र से परे भी है। इस बात के बढ़ते प्रमाण हैं कि सेवानिवृत्ति के बाद काम करने से हृदय रोग और मानसिक स्वास्थ्य समस्याओं का जोखिम कम होता है। साथ ही मानसिक प्रगति और सामाजिक जुड़ाव भी मिलता है। उन्होंने कहा कि वृद्ध लोगों को समाज के मूल्यवान सदस्य के रूप में स्वीकार करने के लिए नकारात्मक रूढ़िवादिता को समाप्त करना होगा तथा लंबी आयु के लाभों के बारे में सार्वजनिक धारणा को व्यक्तियों, समाजों और अर्थव्यवस्था तक पहुंचाना होगा। विशेषज्ञों का कहना है कि विकसित देशों में स्वास्थ्य सेवा की लागत का बड़ा हिस्सा उम्र बढने और उम्र से संबंधित बीमारियों से प्रेरित है। फिर भी उम्र बढने और स्वास्थ्य अवधि विज्ञान को बहुत कम धन उपलब्ध है। अमेरिका अल्जाइमर रोग के इलाज पर सालाना लगभग 305 बिलियन डॉलर खर्च करता है। यह आंकड़ा 2050 तक 1.1 ट्रिलियन डॉलर से अधिक होने की उम्मीद है। यूएस रोग नियंत्रण एवं रोकथाम केंद्र का अनुमान है कि हृदय रोग और स्ट्रोक के कारण देश को स्वास्थ्य सेवा व्यय और उत्पादकता हानि के रूप में प्रतिवर्ष 363 बिलियन डॉलर का नुकसान होता है। मधुमेह के कारण अनुमानित वार्षिक स्वास्थ्य और आर्थिक बोझ 327 बिलियन डॉलर है, जबकि गठिया और संबंधित बीमारियों के कारण होने वाला खर्च 303 बिलियन डॉलर से अधिक है। वहीं देश वृद्धावस्था के लक्षणों के उपचार पर अरबों डॉलर खर्च करता है। अमेरिकी राष्ट्रीय स्वास्थ्य संस्थान के वार्षिक अनुसंधान बजट का एक प्रतिशत से भी कम या 337 मिलियन डॉलर वृद्धावस्था के जीव विज्ञान को समझने में खर्च होता है। विशेषज्ञ मानते हैं कि उम्र बढने के मूल कारणों को संबोधित करने से व्यक्तिगत बीमारियों को लक्षित करने की तुलना में निवेश पर अधिक लाभ मिल सकता है। विशेषज्ञ कहते हैं कि विश्व की जनसांख्यिकी संरचना में परिवर्तन हो रहा है

भारत के विकास में प्रवासी भारतीय का बड़ा योगदान

डॉ. जयंतीलाल भंडारी

हाल में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने 9 जनवरी को ओडिशा के भुवनेश्वर में 18वें प्रवासी भारतीय सम्मेलन को संबोधित करते हुए कहा कि इस समय जहां प्रवासी भारतीय भारत के विकास में बड़ा योगदान दे रहे हैं, वहीं भारत के टैलेंट का डंका पूरी दुनिया में बज रहा है। हमारे प्रोफेशनल दुनिया की बड़ी कंपनियों के जरिए ग्लोब में अपना अभूतपूर्व योगदान रहे हैं। वस्तुत: विदेशों में भारतीय प्रवासी भारत के राजदूत हैं, और अपने-अपने देशों में प्रभाव रखते हैं। ऐसे में भारत ने 2024 तक विकसित देश बनने का जो लक्ष्य रखा है, उसे पाने के लिए प्रवासी भारतीयों से सहयोग अपेक्षित है। अपेक्षा है कि वे भारत की विभिन्न परियोजनाओं में स्वयं निवेश करें और अपने विदेशी मित्रों को भी इसके लिए प्रेरित करें। उल्लेखनीय है कि 18वें प्रवासी भारतीय सम्मेलन के बाद प्रवासी भारत के विकास में प्रत्यक्ष विदेशी निवेश (एफडीआई) बढ़ाने के लिए प्रेरित हुए हैं। सम्मेलन में शामिल कई प्रवासी उद्यमी और कारोबारी कहते हुए दिखाई दिए कि वर्ष 2025 में भारतीय प्रवासियों से एफडीआई से संबंधित उजली संभावनाओं को मुट्ठी में लेने के लिए जरूरी होगा कि भारत विदेशी निवेश की सीमा बढ़ाने, नियामक बाधाएं हटाने, बुनियादी ढांचे के विकास, व्यापार-कारोबार में बेहतरी, निवेश की क्षेत्रीय सीमाओं को उदार बनाने, नियामक प्रक्रियाओं को सुव्यवस्थित करने, नौकरशाही संबंधी बाधाओं को कम करने और कॉरपोरेट को उनके विवादों को सुलझाने में मदद करने के लिए न्यायिक परिवेश बेहतर बनाने की डगर पर आगे बढ़े। गौरतलब है कि प्रवासी भारतीयों ने वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय द्वारा जारी रिपोर्ट पर भी विशेष रूप से ध्यान दिया जिसके मुताबिक देश में प्रत्यक्ष विदेशी निवेश (एफडीआई) का प्रवाह अप्रैल, 2000 से सितम्बर, 2024 तक 1000 अरब डॉलर को पार कर गया। खास तौर से चालू वित्त वर्ष 2024-25 में अप्रैल से सितम्बर, 2024 के दौरान 42.1 अरब डॉलर का विदेशी निवेश आया। यह निवेश 60 सेक्टर, 31 राज्य और केंद्रशासित क्षेत्रों में रहा है तथा एफडीआई का यह अब तक का रिकॉर्ड प्रवाह है। खास बात यह भी है कि 2014 के बाद से अब तक पिछले 10 वर्षो में 667.4 अरब डॉलर का एफडीआई आया है। भारत के आर्थिक विकास की यात्रा में एफडीआई का यह विशाल आकार बड़ी उपलब्धि है। यह वैश्विक आर्थिक व्यवस्था में भारत के बढ़ते प्रभाव को भी दिखाता है। यदि हम भारत में एफडीआई के स्रोत देशों की ओर देखें तो पाते हैं कि भारत में एफडीआई का सबसे बड़ा स्रोत मॉरीशस रहा है। मॉरीशस नेकुल विदेशी निवेश में 25 प्रतिशत का योगदान दिया है। सिंगापुर 24 प्रतिशत एफडीआई के साथ दूसरे स्थान पर है। अमेरिका 10 प्रतिशत निवेश के साथ तीसरे स्थान है। बड़े निवेशक देशों में नीदरलैंड्स, जापान और ब्रिटेन भी शामिल हैं। भारत में जिन क्षेत्रों में विदेशी निवेश आकर्षित हुआ है, उनमें आईटी, फाइनेंशियल सर्विसेज, टेलीकम्युनिकेशंस, ट्रेडिंग, इंफ्रास्ट्रक्चर डवलपमेंट कंसल्टेंसी सहित सर्विस सेक्टर प्रमुख सेक्टर हैं। निस्संदेह देश को विदेशी निवेश का पसंदीदा देश बनाने में तेजी से बढ़ती अर्थव्यवस्था, आर्थिक और वित्तीय सुधारों की अहम भूमिका है। इसमें दो मत नहीं हैं कि प्रवासी भारतीय इस बात से वाकिफ हुए हैं कि वैश्विक स्तर पर सुस्त बाजारों और चीन की आर्थिक रफ्तार सुस्त होने के बीच भारत ने विदेशी निवेश प्राप्त करने का अब तक शानदार मुकाम हासिल किया है। विनिर्माता और निवेशक चीन का विकल्प तलाश रहे हैं, और इस समय एशिया में अधिकांश निवेशकों को भारत से बेहतर कोई देश नहीं दिख रहा। देश की अर्थव्यवस्था की चाल में लगातार सुधार और विदेशी संस्थागत निवेशकों (एफपीआई) से अच्छा निवेश प्राप्त होने की बदौलत भारतीय शेयरों में तेजी दर्ज की जा रही है। देश में शेयर बाजार ने शानदार प्रदर्शन किया है। विदेशी निवेश की बदौलत भारत विश्व में नई परियोजनाओं की घोषणा करने वाला तीसरा देश बन गया है, और अंतरराष्ट्रीय परियोजना वित्त सौदों में दूसरा सबसे बड़ा देश बन गया है। निश्चित रूप से देश का बढ़ता मैन्युफैक्चरिंग सेक्टर देश में एफडीआई की बड़ी ताकत बन गया है। मैन्युफैक्चरिंग आउटपुट में चीन दुनिया में पहले स्थान पर है। मैन्युफैक्चरिंग सेक्टर में भी भारत 456 अरब डॉलर विनिर्माण मूल्य के साथ दुनिया में पांचवें स्थान पर है तथा भारत नया विश्व मैन्युफैक्चरिंग हब बनने की ओर अग्रसर है। भारत के मैन्युफैक्चरिंग सेक्टर को जिस तरह सुविधाओं के साथ तेजी से बढ़ाया जा रहा है, उससे दुनिया भर के निवेशक भारत आने के लिए उत्सुक हैं। इस समय भारत की अर्थव्यवस्था दुनिया की पांचवी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था है। अब इसे तीसरी बड़ी अर्थव्यवस्था बनाने और भारत को विकसित देश बनाने की डगर पर आगे बढ़ाने के लिए उद्योगपतियों द्वारा अहम भूमिका निभाई जा रही है। हम उम्मीद करें कि 2025 में सरकार प्रवासी भारतीयों और उनके विदेशी मित्रों से भारत के लिए अधिक एफडीआई प्राप्त करने के नये रणनीतिक प्रयास करेगी। एफडीआई के लिए भारत को पसंदीदा देश बनाए जाने की बहुआयामी संभावनाओं को साकार करने के लिए भी सरकार और अधिक प्रयास करेगी। हम उम्मीद करें कि 2025 में भारत की विशाल कौशल-प्रशिक्षित युवा आबादी नवाचार, तकनीकी और डिजिटल नवोन्मेषों के साथ भारत को दुनिया के विदेशी निवेशकों की नजरों में और अधिक पसंदीदा देश बनाने की डगर पर तेजी से आगे कदम बढ़ाएगी। हम उम्मीद करें कि 18वें प्रवासी भारतीय सम्मेलन के बाद अब 2025 में प्रवासी भारतीयों और उनके विदेशी मित्रों से अधिक एफडीआई प्राप्त होने, भारत की नई लॉजिस्टिक नीति और गति शक्ति योजना के कारगर कार्यान्वयन, नीतिगत सुधारों, उत्पादों के कारोबार के लिए सिंगल विंडो मंजूरी, इंफ्रास्ट्रक्चर, श्रमिकों के नये दौर के अनुरूप शिक्षण-प्रशिक्षण के साथ-साथ विभिन्न आर्थिक और वित्तीय सुधारों से भारत दुनिया के पहले पांच सबसे पसंदीदा एफडीआई वाले देशों के ऊंचे क्रम पर रेखांकित होते हुए दिखाई देगा।

बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ के 10 साल पूरे: विकसित भारत के लिए महिला नेतृत्व वाले विकास को आगे बढ़ाने का सफर जारी

श्रीमती अन्नपूर्णा देवी

जैसे-जैसे भारत 2047 तक विकसित भारत बनने के अपनी मंज़िल की तरफ आत्मविश्वास से आगे बढ़ रहा है, बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ योजना का परिवर्तनकारी प्रभाव

इस बात का प्रमाण है, कि हम महिलाओं के विकास से महिला-नेतृत्व में विकासतक के सफर में कितने आगे आ गए हैं। स्वामी विवेकानन्द ने एक बार कहा था, ''जब तक महिलाओं की स्थिति में सुधार नहीं होता, तब तक विश्व के कल्याण की कोई संभावना नहीं है। किसी भी पंछी के लिए महज़ एक पंख के साथ उड़ना संभव नहीं है। उनके इस कालजयी दृष्टिकोण से प्रेरित होकर, माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी ने 22 जनवरी 2015 को हरियाणा के पानीपत में बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ (बीबीबीपी) योजना की शुरूआत की। इस ऐतिहासिक पहल का मकसद भारत में गिरते बाल लिंग अनुपात (सीएसआर) पर ध्यान देना और यह सुनिश्चित करना था कि देश भर में लड़कियों और महिलाओं को वे सभी अवसर, देखभाल और सम्मान मिलें, जिनकी वे हकदार हैं। 2011 की जनगणना में बाल लिंग अनुपात 918 होने के साथ सामाजिक पूर्वाग्रहों और नैदानिक उपकरणों के दुरुपयोग की चिंताजनक तस्वीर सामने आई। एक लक्ष्य के साथ तथा जीवन-चक्र-केंद्रित कदमों के ज़रिए, बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ को न केवल इस तस्वीर को बदलने के लिए लॉन्च किया गया था, बल्कि एक ऐसे भविष्य की नींव भी रखी गई, जहां महिलाएं नेतृत्व करें और आगे बढ़ें। पिछले एक दशक में, इस योजना ने महत्वपूर्ण प्रगति की है। स्वास्थ्य प्रबंधन सूचना प्रणाली के अनुसार, 2014-15 में जन्म के समय राष्ट्रीय लिंग अनुपात 918 से बढ़कर 2023-24 में 930 हो गया है। संस्थागत प्रसव के मामले भी 2014-15 में 61त्न से बढ़कर 2023-24 में 97.3त्न हो गए हैं, जबकि पहली तिमाही में प्रसवपूर्व देखभाल पंजीकरण 61त्न से बढ़कर 80.5त्न हो गया है। माध्यमिक स्तर पर लड़कियों का सकल नामांकन अनुपात 2014-15 में 75.51त्न से बढ़कर 2021-22 में 79.4त्न हो गया। इसके अलावा, पुरुष और स्त्री नवजात शिशुओं के बीच शिशु मृत्यु दर में अंतर तकरीबन खत्म हो गया है, जो उत्तरजीविता और देखभाल में समानता के प्रति हमारी प्रतिबद्धता को दर्शाता है। हमारे माननीय प्रधानमंत्री के दूरदर्शी नेतृत्व में, बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ आंदोलन, आंकड़ों में सुधार की सीमा से कहीं आगे निकल गया है इसने महिला सशक्तिकरण के मायने ही बदलकर रख दिए हैं। अक्टूबर 2023 में 150 महिला बाइकर्स द्वारा 10,000 किलोमीटर की यात्रा, यशस्विनी बाइक अभियान जैसी पहल, भारत की बेटियों के अदम्य साहस का प्रतीक है। 2022 में कन्या शिक्षा प्रवेश उत्सव ने, स्कूल न जाने वाली करीब 1,00,786 लड़कियों को फिर से स्कूल जाने के लिए प्रेरित किया, जो जीवन को बदलने में शिक्षा की शक्ति का प्रदर्शन है। कौशल विकास पर आधारित राष्ट्रीय सम्मेलन ने, कार्यबल में महिलाओं की सक्रिय भागीदारी के महत्व पर जोर दिया, जिससे हम महिलाओं के नेतृत्व वाले विकास के अपने दृष्टिकोण के और करीब आ पाए। आज, जब हम इस परिवर्तनकारी पहल के दस साल पूरे होने का जश्न मना रहे हैं, साफ है कि मिशन अभी खत्म नहीं हुआ है। हमें अगर विकसित भारत के अपने सपने को हासिल करना है, तो यह तय करना जरूरी है कि लड़कियां और महिलाएं हमारे राष्ट्र-निर्माण प्रयासों के केंद्र में रहें। भारत तब तक विकसित नहीं हो सकता, जब तक इस देश की लड़कियाँ और महिलाएँ अपनी पूरी क्षमता का उपयोग करने के काबिल नहीं हो जातीं। यह हमारे लिए निर्णायक कार्रवाई करने का वक्त है। हमें गर्भधारण पूर्व और प्रसव पूर्व निदान तकनीक (पीसीपीएनडीटी) अधिनियम 1994 के कार्यान्वयन को मजबूत करना चाहिए, शिक्षा में ड्रॉपआउट दर को संबोधित करना चाहिए, कौशल विकास कार्यक्रमों का विस्तार करना चाहिए और लड़कियों के जीवन के हर चरण में ज़रूरी मदद देनी चाहिए। वित्तीय वर्ष 2023-2024 के लिए, भारत में महिला श्रम बल की भागीदारी 41.7त्न थी। हालाँकि यह पिछले वर्षों की तुलना में एक महत्वपूर्ण वृद्धि है, लेकिन फिर भी यह पुरुषों की श्रम शक्ति भागीदारी के मुकाबले कम है। ग़ौर करने की बात यह भी है कि शहरी क्षेत्रों में महिला श्रम बल की भागीदारी, देश के ग्रामीण क्षेत्रों में महिला श्रम बल की भागीदारी से कम है। भारत में बड़ी संख्या में महिलाएँ अवैतनिक घरेलू देखभाल कार्य में शामिल हैं। हमारा प्रयास न केवल अधिक महिलाओं के लिए अपने घरेलू क्षेत्रों को छोड़कर घर से बाहर रोजगार करने के लिए एक माहौल को बढ़ावा देना होना चाहिए, बल्कि एक वाजिब कैरियर और पेशे के तौर पर देखभाल कार्य को बढ़ावा देने के साधन भी बनाने चाहिए, ताकि जो महिलाएं देखभाल कार्य में प्रशिक्षित हैं, और इसे आगे बढ़ाना चाहती हैं, तो वे इससे भी वित्तीय आज़ादी हासिल कर सकें और अपने प्रयासों से देश की आर्थिक वृद्धि में योगदान भी दे सकें। विश्व आर्थिक मंच के अनुसार, कार्यबल लिंग में अंतर को कम करने से वैश्विक सकल घरेलू उत्पाद में 20त्न की वृद्धि हो सकती है। भारत के लिए, यह सिर्फ एक अवसर नहीं है, बल्कि एक ज़रूरत है। महिलाओं के नेतृत्व वाला विकास, एक ट्रिलियन डॉलर की अर्थव्यवस्था के हमारे लक्ष्य को प्राप्त करने और 2047 तक एक विकसित राष्ट्र बनने के लिए बेहद ज़रूरी है। बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ योजना महज़ एक कार्यक्रम नहीं है, बल्कि यह एक ऐसा आंदोलन है, जिसने लाखों लोगों को प्रेरित किया है और महिलाओं को भारत की प्रगति में सबसे आगे खड़ा किया है। हमारे माननीय प्रधानमंत्री के दूरदर्शी नेतृत्व में, आज हम एक ऐतिहासिक बदलाव देख रहे हैं। महिला विकास से लेकर महिला नेतृत्व वाले विकास तक, भारत की बेटियां चेंजमेकर, उद्यमी और नेता के रूप में उभर रही हैं। वे अपनी कामयाबी की कहानी की हीरो खुद हैं। आइए हम सब मिलकर उनके सपनों को संजोएं और उनकी यात्राओं को सशक्त बनाएं, ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि भारत अपनी आजादी के 100 साल एक ऐसे राष्ट्र के रूप में पूरे करे, जहां हर महिला इसके भाग्य को आकार देने में अहम भूमिका निभाएं।

दैनिक
विश्व परिवार
रायपुर/धर्म समाज/देश
रायपुर, शनिवार 25 जनवरी 2025
www.dainikvishwapariwar.com
vishwapariwarraipur@gmail.com

संक्षिप्त समाचार

समाज सेविका श्रीमती प्रेमा नेपाली को दी श्रद्धांजलि

झांसी (विश्व परिवार)। वरिष्ठ पत्रकार श्री मोहन नेपाली की धर्मपत्नी समाज सेविका श्रीमती प्रेमा नेपाली के निधन पर श्रद्धांजलि समारोह का आयोजन किया गया। श्रद्धांजलि समारोह में सदर विधायक पं. रवि शर्मा, एमएलसी शिक्षक विधायक डॉ. बाबूलाल तिवारी, एमएलसी राम तीरथ सिंघल, पूर्व मंत्री रतनलाल अहिरवार, दैनिक जागरण के संपादक सुरेंद्र सिंह, समाज सेविका डॉ. नीति शास्त्री, पूर्व मेयर श्रीमती किरण राजू बुक सेलर, पूर्व जिला अध्यक्ष भाजपा महानगर मुकेश मिश्रा एडवोकेट राम प्रकाश अग्रवाल, सपा नेता सीताराम कुशवाहा, सपा नेत्री मीरा रायकवार, पूर्व प्रमुख अधिकारी जिला पंचायत राज नारायण शुक्ला, सुभाष जैन, ए के हिंगवासिया, लक्ष्मीकांत वर्मा, सुदर्शन शिवहरे, दिनेश भार्गव, मनमोहन मनु, रविश त्रिपाठी, दिलीप महौविया, गोविंद वर्मा, राघव वर्मा, हरीश लाला, अनिल झा, राजेन्द्र शर्मा, दीपक नगरिया, मनीराम कुशवाहा, अमीर चंद्र, निरंजन धुलेकर, शेखर धुलेकर, कामिनी बघेल, किशन सोनी, शरद किलेदार, लक्ष्मी नारायण सिजरिया, पंकज सक्सेना, साजिया खान, अजय मिश्रा, अतुल शर्मा, शशांक त्रिपाठी, राजेश चौरसिया, राजू सिंगर वाले, धर्मेंद्र साहू, फारुख खान, रघुराज शर्मा, राजीव अग्रवाल, काशीनाथ सिंह ऋषिऋषी, बृजेंद्र राय, सुनील तिवारी, शीतल तिवारी, रामेश्वर राय, श्याम जी मिश्रा, आदित्य नारायण दुबे, प्रणय श्रीवास्तव, मुकेश सिंघल, प्रकाश नारायण द्विवेदी, हरिराम वर्मा समेत महानगर के समाजसेवियों, अधिवक्ताओं, डॉक्टर, राजनेताओं ने समाज सेविका श्रीमती प्रेमा नेपाली को पुष्पांजलि अर्पित कर श्रद्धांजलि अर्पित की। अंत में मृत्युंजय नेपाली,अनंजय नेपाली, कैलाश सोनी, रमेश वर्मा, विष्णु वर्मा, मयंक सोनी, नयन सोनी, शशांक शेखर सोनी ने सभी का आभार व्यक्त किया।

तीन दिवसीय लर्निंग लाईसेंस शिविर में 125 लोगों ने बनवाया लाईसेंस

बलरामपुर (विश्व परिवार)। जिला बलरापुर -रामानुगंज अंतर्गत प्रभारी पुलिस अधीक्षक एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक विश्व दीपक त्रिपाठी के निर्देशन और मार्गदर्शन में ''36 वॉ राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह'' का आयोजन 1 से 31 जनवरी तक किया जा रहा है। जिसके तहत जिला बलरामपुर रामानुजगंज के समस्त अनुभाग मुख्यालयों में यातायात एवं परिवहन विभाग द्वारा सामन्जस्य स्थापित कर 03 दिवसीय लर्निंग लाईसेंस शिविर कार्यक्रम का आयोजन किया गया। 03 दिवसीय शिविर में लर्निंग लाईसेंस बनवाने कुल 458 आवेदन प्राप्त हुआ। जिसमें से 125 लोगों का लर्निंग लाईसेंस मौके पर ही बना दिया गया तथा शेष आवेदनों का लर्निंग लाईसेंस जल्द से जल्द पुर्ण करने प्रक्रिया शुरू कर दि गई है। लाईसेंस शिविर के दौरान जिला परिवहन अधिकारी यषवंत यदु एवं यातायात प्रभारी विमलेश कुमार देवांगन, द्वारा लर्निंग लाईसेंस बनवाने आए आम नागरिकों एवं स्कूली छात्र छात्राओं एवं आम जन को यातायात नियमों के प्रति जागरूक करते हुये लर्निंग लाईसेंस बनवाने प्रेरित किया गया।

गणतंत्र दिवस पर जयसिंगपुर में आचार्य श्री विशुद्ध सागर जी महाराज के प्रवचन का आयोजन

जयसिंगपुर/महाराष्ट्र (विश्व परिवार)। आचार्य भगवन श्री विशुद्धसागर महाराज जी एवं विचित्र बाते प्रणेता सर्वार्थ सागर महाराज जी कि परम भक्त मनाली जी पाटणी (रांची) ने अवगत कराया कि गणतंत्र दिवस 26 जनवरी 2025 को जयसिंगपुर में आचार्य श्री विशुद्धसागर महाराज जी के प्रवचन का आयोजन किया हैं। आचार्य श्री विशुद्धसागर महाराज जी सहित संघ के 32 मुनीराज जयसिंगपुर में पधारेंगे। गणतंत्र दिवस 26 जनवरी को भारत के संविधान को अपनाने और 1950 में देश के गणतंत्र में परिवर्तन के दिन के उपलक्ष्य में मनाया जाता है। इस दिन हर भारतीय अपने देश के लिए प्राण देने वाले अमर सपूतों को श्रद्धांजलि अर्पित करते हैं। गणतंत्र दिवस की पूर्व संध्या पर राष्ट्रपति राष्ट्र के नाम संदेश देते हैं। स्कूलों, कॉलेजों आदि मे कई कार्यक्रम आयोजित किए जाते हैं। भारत गणराज्य के राष्ट्रपति दिल्ली के कर्तव्य पथ पर भारतीय ध्वज फहराते हैं। -**अभिषेक अशोक पाटील**

पंथवाद, संतवाद, जातिवाद में बंटते रहने से हमारा अस्तित्व सुरक्षित : श्रमणाचार्य श्री विमर्शसागर जी महामुनिराज

नई दिल्ली (विश्व परिवार)। धर्म वह है जहाँ प्रेम हैं। धर्म सम्पूर्ण समष्टि को एक रूप में दिखाता है। धर्म हमें उस सत्ता का अनुभव कराता है जो सत्ता हमें बाँटती नहीं है अपितु एक रूप में अनुभव कराती है। जरा देखिएगा, गेहूँ के एक दाने में जो सत्ता है वही सत्ता गेहूँ के सभी दानों में मौजूद है। गेहूं, चना, मटर, उड़द के दाने यदि आपको पकाना है तो आप उन्हें एक साथ पकाते हो, कोई किसी का विरोधी नहीं है जबकि वे दाने यह घोषणा नहीं करते कि हम धर्मात्मा हैं। यह घोषणा तुम करते हो कि मैं धर्मात्मा हूँ - मैं धर्मात्मा हूँ फिर भी कैसी विडम्बना है कि स्वयं को धर्मात्मा कहते हुए भी तुम नाना खेमों (भेदों में बेटे हुए हो। अपूर्व प्रेरणादायक यह मांगलिक उद्बोधन राजधानी दिल्ली के ऋषमनिहार में उपस्थित जनसमुदाय के बीच भावलिंगी संत आचार्य श्री विमर्श सागर जी महामुनिराज ने दिया।

आन्चार्य भगवन् ने जैन बन्धुओं को अपने अस्तित्व को बनाए रखने : जैन कोई वस्तु का नाम नहीं हैं जैन एक भावदशा का नाम है हम प्रेम, मैत्री, वात्सल्य ये शब्द मात्र अपनी जुबान तक सीमित न रखें अपितु प्रेम, मैत्री, वात्सल्य इन भावों को हम अपने आचरण में समाहित करें। जिनमंदिर आदि धर्मस्थानों में जब भी प्रवेश करो तो मंदिर के बाहर ही अपने जूतों-चप्पलों के साथ ही पंथ वाद, संतवाद जातिवाद, मनोमलिनता आदि दुर्भावों को त्यागकर - छोड़कर प्रवेश किया करो; मैं दावे के साथ कहता हूँ आप मंदिर से धर्म लेकर ही जायेंगे। हमें यह गर्व-गौरव होना चाहिए कि हमने उस फुल में जन्म लिया है, जिसकी पहिचान तीर्थकरों के कुल से हुआ करती है, जब तक हमें यह गौरव नहीं होगा तब तक हम अपने धर्म के लिए कुछ नहीं कर सकते। बन्धुओ ! आप सभी राजवंशी हैं, क्योंकि प्रथम राजा इस धरती का यदि कोई हुआ है तो वे थे प्रथम तीर्थकर आदिनाथ स्वामी, आगामी सभी तीर्षकर भी राजवंश में ही उत्पन्न हुए है। चन्द्रगुप्त मौर्य आदि राजा भी जैनकुल राजवंशी थे, अत: हम कोई और नहीं हैं हम सब राजवंशी हैं। जैन बन्धुओं को राजनीतिक क्षेत्र में भी अपने कदम बढ़ाने होंगे। हमें एकपुर होकर जैन एकता का परिचय देते हुए वीर जन शक्ति पार्टी को आगे बढ़ाने के लिए हिल-मिलकर सहयोग की भावनायें सभी के अन्दर पैदा करनी होंगी।

धर्म पद यात्राओं से होता है जन जागरण : भावलिंगी संत श्रमणाचार्य श्री 108 विमर्श सागर जी मुनिराज

ऋषभ विहार, दिल्ली में पूज्य आचार्य श्री ने विश्व जैन संगठन को 101 दिवसीय दिल्ली से गिरनार जी की 1500 किमी धर्म पद यात्रा के लिए दिया आशीर्वाद

दिल्ली (विश्व परिवार)। यमुनापार दिल्ली में ऋषभ विहार जैन मंदिर जी में ससंघ विराजमान भावलिंगी संत श्रमणाचार्य श्री विमर्श सागर जी मुनिराज ने आज 24 जनवरी 2025 को आयोजित धर्म सभा में दिए प्रवचन में समाज को समय-समय पर धर्म के जन जागरण और समाज को तीर्थों से जोड़ने के लिए पद यात्राओं के आयोजन के लिए प्रेरित किया।

ऋषभ विहार जैन मंदिर जी पर श्री सम्मेद शिखर जी की पवित्रता के लिए अनशन आंदोलन करने वाले विश्व जैन संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष संजय जैन ने धर्म सभा में ऋषभ विहार मंदिर जी कमेटी के अध्यक्ष सुनील जैन और कार्यकारणी को अनशन आंदोलन की अनुमति देने पर आभार व्यक्त करते हुए झारखंड सरकार की जैन तीर्थंकर पारसनाथ भगवान के नाम पर पारसनाथ वन्यजीव अभयारण्य में पर्यावरण पर्यटन और जू सफारी, रहने खाने पीने मौज मस्ती जैसी गैर धार्मिक योजना को केंद्रीय वन मंत्रालय द्वारा 5 जनवरी 2023 को जारी ऑफिस मेमोरेंडम का उल्लंघन बताया और चिंता व्यक्त करते हुए कहा कि जैन तीर्थंकर पारसनाथ के नाम से प्रसिद्ध अभ्यारण्य में ऐसी गतिविधि कोई भी जैन कैसे स्वीकार कर सकता है। केंद्र सरकार इसकी अनुमति न दे। झारखंड सरकार को जैन समाज से चर्चा करनी चाहिए थी। देश भर में 22वे जैन तीर्थंकर नेमिनाथ भगवान के मोक्ष कल्याणक के अवसर पर 2 जुलाई 2025 को उनके मोक्षस्थल गिरनार जी पर दर्शन करने के लिए श्री नेमि गिरनार धर्म पद यात्रा में शामिल होने के लिए समाज का आह्वान करते हुए संजय जैन ने पूज्य आचार्य श्री विमर्श सागर जी महाराज से पद यात्रा की निर्विघ्न सफलता के लिए मंगल आशीर्वाद के लिए निवेदन किया। संगठन के सम्मानित सदस्य वीरेन्द्र जैन कैथवाड़ा और निपुण जैन लक्ष्मी नगर ने बताया पूज्य आचार्य श्री ने समाज को गिरनार धर्म पद यात्रा में शामिल होने और समय-समय पर समाज को तीर्थों की पद यात्राएं आयोजित करने के लिए प्रेरित किया।

धर्म सभा में उपस्थित मनोज जैन अजय जैन ऋषभ विहार, भारतवर्षीय तीर्थ क्षेत्र कमेटी, दिल्ली अंचल अध्यक्ष प्रदुम्न जैन, श्री दिगंबर जैन महासमिति अध्यक्ष मनिंद्र जैन, यमुनापार जैन समाज प्रवक्ता विजेंद्र जैन, योगेश जैन सूर्य नगर, जैन बैंकर्स फोरम से जे. के. जैन और विभिन्न समाजों से आए पदाधिकारियों व बंधुओं ने धर्म पद यात्रा में पूर्ण सहयोग का आश्वासन दिया। -**आकाश जैन**

श्री शांतिनाथ जैन मंदिर पंचकल्याणक महोत्सव 1 फरवरी से 5 फरवरी तक

समाज में उत्साह जैन नगर में उत्सव का माहौल घर घर में भक्तामर का पाठ प्रमुख पात्रों का चयन

भोपाल (विश्व परिवार)। भोपाल राजधानी की जैन समाज में दोनों शाह का माहौल है राजधानी के टी टी नगर और शांति नगर जैन मंदिर जैन नगर में होने वाले पाषाण से भगवान बनने के महा अनुष्ठान की तैयारियां जोर शोर से चल रही है श्री शांतिनाथ पंचायती जैन मंदिर जैन नगर में आचार्य विशुद्ध सागर जी महराज के शिष्य मुनि आदित्य सागर जी के सानिध्य में एक से पांच फ़रवरी तक होने वाले अनुष्ठान के लिए जिन प्रतिमाओं का आगमन हो चुका है घर-घर में प्रतिमाओं को विराजमान कर संगीत मय भक्तांमर के पाठ हो रहे हैं संपूर्ण जैन नगर में उत्सव सा माहौल दिख रहा है समाज के प्रवक्ता अंशुल जैन ने बताया जिनालय के शिखर पर आरोहण होने वाले स्वर्ण कलश पर सोना का कार्य पूर्ण हो गया जिसके पुण्य अर्जक परिवार श्रीमती राजकुमारी जैन ममता सपन प्रतिभा विकास अंशु अनुभव सराफ परिवार हे परिवार धारा स्वर्ण कलश की शुद्धि की गई जिनालय की नवीन वेदिका में विराजमान होने वाली प्रतिमाओं के पुण्या अर्जक परिवार के घरों में उत्सव का माहौल हे सभी के निवास में विशेष साज सज्जा के साथ संगीत मय णमोकार मंत्र मओर भक्तांमर का पाठ हो रहा है सभी प्रभु की भक्ति में लीन है प्रमुख पात्रों का चयन हो चुका हे जिसमें सर्वश्री आयोजन समिति अध्यक्ष अनुभव सराफ और पंकज इंजिनियर ने बताया पंच कल्याणक की आराधना और क्रियाएं होगी गर्भ कल्याणक जन्म कल्याणक तप कल्याणक ज्ञान कल्याणक मोक्ष कल्याणक मंदिर समिति अध्यक्ष निर्मल जैन टी आई ने बताया पंचकल्याणक महोत्सव के प्रमुख पात्र रेखा शैलेष जैन सोधर्म इंद्र, अलका अरुण जैन भगवान के माता-पिता, सपन विकास अनुभव सराफ शिखर निर्माण स्वर्ण कलश, विद्युत अजय ज्योतिष जिनालय भूमि प्रदाता, सरोवर पंकज इंजीनियर ध्वजारोहण करता परिवार है। अन्य प्रमुख पात्रों में संगीता पदम जैन कुबेर मेघा सुरेश जैन महायज्ञनायक, ममता महेंद्र कर्नल मंडप उद्घाटन कर्ता, निखिल जैन नेमी कुमार, समग्र सृजन कृष्ण बलराम, सरिता विनोद ईशान इंद्र आदि प्रमुख पात्र हे। -**अंशुल जैन**

कर्नाटक के राज्यपाल श्री थावरचंद जी गहलोत ने प्रकाश मोदी भाटापारा का सम्मान किया

भाटापारा (विश्व परिवार)। भाटापारा नगर के प्रमुख व्यवसाई, पारस टीवी चैनल के संचालक, एवं भारत सरकार में राष्ट्रीय अल्पसंख्यक आयोग के एक्सपर्ट पैनल के सदस्य श्री प्रकाश मोदी भाटापारा को वरूर कर्नाटक में आयोजित भव्य विशाल कार्यक्रम में कर्नाटक के राज्यपाल महामहिम श्री थावरचंद जी गहलोत ने शाल, मोमेंटो देकर सम्मान किया।

माननीय महामहिम ने प्रकाश मोदी जी के द्वारा मीडिया के क्षेत्र में पारस टीवी चैनल के द्वारा जो धर्म की प्रभावना पूरे विश्व में की गई है, एवं अल्पसंख्यक आयोग में सभी समुदाय के लिए जो कार्य किया है। उसके लिए उन्हें सम्मानित किया गया।

कार्यक्रम में गणचार्य श्री कुन्थू सागर जी महाराज, श्री गणधरनंदी जी महाराज, आचार्य अनेकांत सागर जी, आचार्य देव नंदी जी महाराज, एवं अनेक आचार्य उपस्थित थे। हजारों भक्त के जन समुदाय के बीच में मोदी जी को सम्मानित किया गया।

प्रकाश मोदी जी का सम्मान होने पर श्री नरेंद्र जैन गुरु कृपा रायपुर, श्री प्रदीप जैन विश्व परिवार रायपुर, श्री विनोद जैन रायपुर, श्री सुशील जैन अकलतरा, श्री सुशील जैन नैला, श्री राजेश जैन रायगढ़, श्री प्रमोद जैन कोरबा, श्री वीर कुमार जी बिलासपुर, श्री मनोज जैन नेवर, श्री राजेश जैन सिमगा, श्री राकेश छाबड़ा दुर्ग, श्री मनीष जैन, दुर्ग, श्री गौरव गढ़िया भाटापारा आदि ने बधाई प्रेषित की।

धर्मायतन और साहित्य हमारी संस्कृति के विरासत हैं, यह समाज को जोड़ने के केन्द्र बिंदू माने गये हैं : निर्यापक श्रमण समतासागर जी महाराज



वारासिवनी (विश्व परिवार)। धर्मायतन और साहित्य हमारी संस्कृति के विरासत हैं, यह समाज को जोड़ने के केन्द्र बिंदू माने गये हैं यंहा से सद्भावना का संदेश लेकर जाते है यह हमारे विचारों का दर्पण माना गया है। उपरोक्त उदगार निर्यापक श्रमण समतासागर जी महाराज ने रामदेव कालोनी में जिन मंदिर की वेदीप्रतिष्ठा एवं कलशारोहण के अवसर पर प्रात:कालीन धर्मसभा में व्यक्त किये।

मुनि श्री ने कहा कि देश काल की परिस्थितियां समाज के रीती रिवाज, रहन सहन, खानपान, तथा समाज की विचारधारा उनके धर्म ग्रंथों में दिखाई देती है उसे हम साहित्य कहते है, यदि साहित्य है तो समाज को विचार शील हो जातीहै और समाज में जागरूकता बनी रहती है। इसी प्रकार जब समाज में जागरूकता की कमी होंने लगती है तो कोई समाज सुधारक या मार्ग दर्शक उस समाज को दिशा निर्देश देता है जो कि धर्मगुरु कहलाता है। मुनि श्री ने कहा किसी सरोवर में पानी ठहरा हुआ है और किनारे पर बैठा हुआ आदमी पत्थर फैक देता है तो पानी में हलचल मच जाती है, ऐसे ही जब समाज के अंदर धर्मगुरु आते है और अपने विचारों को समाज के अंदर प्रकट करते है तो समाज ही नहीं अपितु देश दुनिया में हलचल पैदा हो जाती है मुनि श्री ने कहा कि जब 2006 में हमारा आगमन हुआ था गोंदिया जैन समाज का प्रमुख मंदिर जो कि तीन मंजिला है, और मनोहारी प्रतिमाएं है, उस समय कुंडलपुर में आचार्य गुरुदेव विराजमान थे एवं बड़े बाबा को नये मंदिर में विराजमान किया गया था 19 वर्ष पश्चात यंहा नये मंदिर का निर्माण हुआ और इस मंदिर के मूलनायक एवं जिनविंव के पंचकल्याणक के पश्चात उनको नये मंदिर में विराजमान तथा उस मंदिर का कलशारोहण कार्यक्रम संपन्न हुआ। मुनि श्री ने कहा कि कई बार हम और आप जो सोच भी नहीं पाते वह भाग्य और कर्म का विधी विधान से संपन्न हो जाते है, वर्तमान में जीने बाला वर्धमान बन जाता है मुनि श्री ने गोंदिया की जैन समाज को आशीर्वाद देते हुये कहा कि आप लोगों ने बड़े बड़े कार्य किये है, उन्होंने देश मे एकता और अखंडता का आशीर्वाद देते हुये कहा कि इस कार्य योजना में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने बाली युवा कार्यकर्ताओं की टीम ने अपना समय दिया उनको बहूत बहूत आशीर्वाद। -**अविनाश जैन**

पिछले साल के धान खरीदी का टूटा रिकार्ड, आंकड़ा 145 लाख मीट्रिक टन से पार

रायपुर (विश्व परिवार)। छत्तीसगढ़ में 14 नवम्बर से शुरू हुए धान खरीदी का सिलसिला अनवरत रूप से जारी है। अब तक के धान खरीदी में पिछले साल का रिकार्ड टूट गया है। पिछले वर्ष 144.92 लाख मीट्रिक टन धान की खरीदी की गई थी। इस वर्ष आज दिनांक तक हुई धान खरीदी का आंकड़ा 145 लाख मीट्रिक टन से पार हो गया है।

खाद्य विभाग के अधिकारियों ने बताया कि प्रदेश के 25 लाख 13 हजार किसान धान बेच चुके हैं। धान खरीदी के एवज में बैंक लिकिंग व्यवस्था के तहत अभी तक किसानों को 29 हजार 599 करोड़ रूपए का भुगतान किया गया है। धान खरीदी के साथ-साथ कस्टम मीलिंग के लिए तेजी के साथ धान का उठाव किया जा रहा है। अभी तक 110 लाख मीट्रिक टन धान के उठाव के लिए डीओ और टीओ जारी कर दिया गया है। जिसके विरूद्ध 87 लाख मीट्रिक टन से अधिक धान का उठाव हो चुका है। धान खरीदी 31 जनवरी 2025 तक चलेगी। प्रदेश के समस्त पंजीकृत कृषकों को खरीफ विपणन वर्ष 2024-25 में धान विक्रय हेतु टोकन की सुविधा ऑनलाईन एप्प (टोकन तुंहर हांथ) एवं उपार्जन केन्द्रों में 25 जनवरी 2025 तक के लिए उपलब्ध कराया गया है। किसान सुविधा अनुसार तिथि का चयन कर नियमानुसार धान विक्रय कर सकते है।

राज्य सरकार द्वारा इस खरीफ वर्ष के लिए 27.78 लाख किसानों द्वारा पंजीयन कराया गया है। इसमें 1.59 लाख नए किसान शामिल है। इस वर्ष 2739 उपार्जन केन्द्रों के माध्यम से 160 लाख मीट्रिक टन धान खरीदी अनुमानित है।

एनआईटी रायपुर द्वारा स्पेस टेक इनोवेशन लेक्चर सीरीज, सेन्सर्स फॉर स्पेस एप्लीकेशन विषय पर विशेषज्ञ व्याख्यान सत्र आयोजित किया

रायपुर (विश्व परिवार)। राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी संस्थान (एनआईटी) रायपुर, के सेंटर ऑफ़ स्पेस एंड इंटरप्लेनेट्री एक्सप्लोरेशन (COSINE) द्वारा स्पेस टेक इनोवेशन लेक्चर सीरीज के तहत पहले व्याख्यान सत्र का आयोजन 20 जनवरी को किया गया जिसका विषय सेन्सर्स फॉर स्पेस एप्लीकेशन रहा।

इस कार्यक्रम में अंतरिक्ष प्रौद्योगिकी में प्रगति पर चर्चा की गई और इस सत्र में मुख्य वक्ता के रूप में आईआईटी मद्रास के इंजीनियरिंग डिजाइन विभाग के एसीई माइक्रोस्कोपिक चेयर प्रोफेसर डॉ. नीलेश जे. वासा की उपस्थिति ने सत्र की शोभा बढ़ाई। इस कार्यक्रम का आयोजन COSINE टीम के डॉ एस सान्याल, डॉ सौरभ गुप्ता, डॉ हिमांशु गोविल, डॉ रम्या सेल्वाराज, डॉ एम मारिश्वरन और डॉ कपिल सोनी के मार्गदर्शन में किया गया।

लेजर-प्रेरित ब्रेकडाउन स्पेक्ट्रोस्कोपी (LIBS) के क्षेत्र और अंतरिक्ष अन्वेषण में इसके अनुप्रयोगों के बारे में जानकारी देने के साथ इस व्याख्यान की शुरुआत हुई। इस सत्र में लेजर इंटरैक्शन के प्रमुख पहलुओं का पता लगाया गया, जैसे - अवशोषण, थर्मल वाष्पीकरण, प्लाज्मा विस्तार और प्लाज्मा शीतलन। डॉ. वासा ने सतह अन्वेषण के लिए लेजर-सहायता प्राप्त तकनीकों की महत्वपूर्ण भूमिका पर जोर दिया, जिसे चंद्रयान-3 प्रज्ञान रोवर मिशन में भी शामिल किया गया था। LIBS के अलावा, व्याख्यान में विविध अंतरिक्ष शोध क्षेत्रों को शामिल किया गया, जिसमें ऋन्न-आधारित सेंसर, MEMS-आधारित श्वरू तरंग बायोसेंसर और ऑप्टिकल फाइबर सेंसर पर ध्यान आकर्षित किया गया।

सत्र ने अंतरिक्ष अनुसंधान क्षेत्र के भीतर कैरियर के अवसरों पर भी प्रकाश डाला, और छात्रों और शोधकर्ताओं को इस उभरते हुए क्षेत्र में योगदान करने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम का समापन एक ज्ञानवर्धक नोट पर हुआ, जिसमें अंतरिक्ष अन्वेषण को आगे बढ़ाने में निरंतर अनुसंधान और विकास के महत्व पर जोर दिया गया,।

छत्तीसगढ़ चेंबर तथा एमएसएमई के संयुक्त तत्वाधान में आयोजित चार दिवसीय मैनेजमेंट डेवलपमेंट प्रोग्राम का हुआ समापन

रायपुर (विश्व परिवार)। छत्तीसगढ़ चेंबर ऑफ़ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज के प्रदेश अध्यक्ष अमर पारवानी, महामंत्री अजय भसीन, कोषाध्यक्ष उत्तमचंद गोलछा, कार्यकारी अध्यक्ष राजेंद्र जग्गी, विक्रम सिंहदेव, राम मंधान, मनमोहन अग्रवाल, ने बताया कि बताया कि चेंबर भवन आज छत्तीसगढ़ चेंबर ऑफ़ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज तथा एमएसएमई के संयुक्त तत्वाधान में आयोजित चार दिवसीय मैनेजमेंट डेवलपमेंट प्रोग्राम का समापन हुआ। कार्यक्रम के अंतिम दिन बैठक में श्री मनीष अग्रवाल जी, प्रमुख रूप से उपस्थित रहे जिन्होंने एक्सपोर्ट पर उपस्थित व्यापारिगणों को विस्तृत जानकारी दी।

मैनेजमेंट डेवलपमेंट प्रोग्राम के संयोजक और युवा चेंबर महामंत्री श्री कांति पटेल ने बताया कि आज चौधरी देवीलाल उद्योग भवन में छत्तीसगढ़ चेंबर ऑफ़ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज तथा एमएसएमई विभाग के संयुक्त तत्वाधान में आयोजित चार दिवसीय मैनेजमेंट डेवलपमेंट प्रोग्राम सफलतापुर्वक संपन्न हुआ।

कार्यक्रम की जानकारी देते हुए श्री पटेल जी ने बताया कि आज कार्यक्रम में श्री मनीष अग्रवाल जी ने उपस्थित व्यापारियों एवं पदाधिकारियों को निर्यात से संबंधित आवश्यक जानकारियां दी जो व्यापार एवं उद्योग जगत के विकास लिए अत्यधिक महत्वपूर्ण है।

श्री पटेल जी ने चार दिवसीय कार्यक्रम के सफल आयोजन हेतु एमएसएमई विभाग के समस्त पदाधिकारी एवं विशेषज्ञों का आभार प्रकट करते हुए धन्यवाद ज्ञापित किया।

इस अवसर पर चेंबर उपाध्यक्ष जय नानवानी, संगठन मंत्री महेंद्र बागरोडिया, मंत्री निलेश मूंदड़ा, राजेंद्र खटवानी, दिलीप इसरानी, युवा चेंबर महामंत्री कांति पटेल, वरिष्ठ उपाध्यक्ष हिमांशु वर्मा, उपाध्यक्ष योगेश भानुशाली, समीर वंश्यानी, मोहन वल्यानी, मंत्री जयराज गुरनानी, युवा कैट अध्यक्ष अवनीत सिंह, सहित बड़ी संख्या में व्यापारीगण प्रमुख रूप से उपस्थित रहे।

www.dainikvishwapariwar.com
vishwapariwarraipur@gmail.com

दैनिक
विश्व परिवार

बस्तर संभाग

रायपुर शनिवार 25 जनवरी 2025

संक्षिप्त समाचार

चलित थाना लगाकर पुलिस ने ग्रामीणों की सुनी समस्याएं

राजनांदगांव(विश्व परिवार)। आज दिनांक 23/01/25 को ग्राम धनगांव मे पुलिस चौकी सुकुलदैहान के द्वारा चलित थाना लगाकर वहां पर उपस्थित ग्रामीणों का शिकायत सुनकर शिकायतो का मौके पर निराकरण किया गया, आगामी त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव एवं नगरीय निकाय चुनाव को दृष्टिगत रखते हुए आवश्यक दिशा निर्देश एवं आदर्श आचार संहिता का पूर्ण रूप से पालन करने समझाईश दिया गया तथा साइबर फ्रॉड और फ्रॉड से बचने हेतु एवं महिला सम्बन्धी अपराध और पोक्सो एक्ट की जानकारी दिया गया एवं यातायात से सम्बंधित मो.सा. मे तीन सवारी नहीं बैठाना, बिना हेलमेट वाहन नहीं चलाना, नाबालिक को वाहन चलाने के लिए नहीं देना, बिना लायसेंस के वाहन नहीं चलाने, बिना नंबर प्लेट के वाहन नहीं चलाने, बाहरी लोगो, मुसाफ्फिर, फेरी वालो पर नज़र रखने, गांव मे नहीं रुकने देने या संदिग्ध लगने पर तत्काल पुलिस को सूचित करने, समाज मे फैले रूढ़िवाद जैसे टोनही प्रताड़ना जैसे बुराइयों को समाज से दूर करने और लोगो को जागरूक करने हिदायत दिया गया।

धमतरी में तम्बाकू बेचने वाली दुकानों पर हुई कार्रवाई

धमतरी(विश्व परिवार)। जिले में कलेक्टर सुश्री नम्रता गांधी के निर्देशानुसार तम्बाकू नियंत्रण हेतु लगातार कार्यवाही की जा रही है। इसी कड़ी में आज मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ.यू एल कौशिक, जिला नोडल अधिकारी डॉ. एम.ए.नसीम के मार्गदर्शन में स्वास्थ्य विभाग और खाद्य एवं औषधि प्रशासन विभाग द्वारा बस स्टैण्ड, म्युनिसिपल स्कूल, रिसाईपारा, रामबाग, अंबेडकर चौक के 100 मीटर क्षेत्र में तम्बाकू बेचने वाली दुकानों पर कार्रवाई की गई। की जांच की ं विभिन्न तम्बाकू बिक्री करने वाले दुकानों मे निरीक्षण कर कोटपा एक्ट के तहत कार्यवाही की गई। इस दौरान सार्वजनिक स्थानों पर धूम्रपान करने वाले व्यक्ति सहित नियमों का उल्लंघन करने वाले पान दुकान, जनरल शॉप, टी-स्टॉल, किराना दुकानों मे तम्बाकू नियंत्रण बोर्ड लगाने के निर्देश दिए गए।

नक्सलियों ने दूसरी बार दी वैद्यराज हेमचंद मांझी को मारने की धमकी

नारायणपुर(विश्व परिवार)। देश- विदेश में विख्यात पद्मश्री वैद्यराज हेमचंद मांझी को एक बार फिर नक्सलियों ने जान से मारने की धमकी दी है। इसी बीच अब उनकी सुरक्षा को लेकर भी कई सवाल उठ रहे हैं। पद्म श्री हेमचंद मांझी सरकार की व्यवस्थाओं से नाराज चल रहे हैं। सुरक्षा बलों के लिए बने मोर्चा और गार्ड रूम में हुए धांधली से पूरा परिवार खफा हैं। उन्होंने कहा कि, लाखों रुपये खर्च के बाद भी सुविधा अधूरी हैं। परिजनों ने कहा कि, 11 लाख हुआ खर्च करके गार्ड रूम बनाया गया है। दस जवानों के लिए बने गार्डरूम छोटा पड़ रहा हैं इस वजह से जवान रात में नहीं रुकते हैं। रात में सुरक्षा नहीं होने से परिजनों में डर का माहौल हैं। नारायणपुर में नक्सलियों के खिलाफ अभियान में पूर्व बस्तर कमेटी के सफाया होने के बाद फिर से इलाके में नक्सलियों का संगठन सक्रिय हो गया है। इस इलाके में नक्सलियों के नए संगठन का गठन के साथ ही नक्सलियों के पूर्व बस्तर डिविजन कमेटी की ओर से पर्चा जारी कर पद्मश्री से सम्मानित हेमचंद मांझी समेत चार लोगों को जान से मारने की धमकी दी गई है। नक्सलियों ने जारी पर्चा में कहा गया है कि, कब तक में पुलिस सुरक्षा में गांव से बाहर रहेंगे, छोटेडोंगर के भाजपा नेता सागर साहू की तरह नक्सलियों ने सभी लोगों को जान से मारने की धमकी दी है। नक्सली पर्चा बरामद होने के बाद नक्सलियों की दहशत फिर इस इलाके में दिख रही है।छोटेडोंगर माइंस में परिवहन का कार्य कर रहे चार लोगों को भी नक्सलियों ने मौत की सजा देने की बात कही है। नक्सली पर्चा आने के बाद से पुलिस हाई अलर्ट हो गई है। इलाके में सघन जांच पड़ताल की जा रही है। नक्सली पर्चा को बरामद कर लिया गया है।

इनामी नक्सली गुड्डू और उसकी पत्नी मारे गए

गरियाबंद(विश्व परिवार)। जिले के कुल्हाड़ी घाट के भालू डिग्गी जंगल में सुरक्षाबलों और नक्सलियों के बीच सोमवार को हुई मुठभेड़ में बड़ी सफलता मिली है। मुठभेड़ में 25 लाख के इनामी नक्सली गुड्डू उर्फ बलदेव और उसकी पत्नी अंजू को मार गिराया गया। गुड्डू राज्य कमेटी का सदस्य और अंजू जिला कमेटी की सदस्य थीं। सोमवार से शुरू हुई मुठभेड़ के बाद मंगलवार की रात मारे गए 14 नक्सलियों के शव जिला मुख्यालय लाए गए थे। बाद में दो और वर्दीधारी नक्सलियों के शव बरामद किए गए, जिनकी शिनाख्त मंगलवार को की गई। सुरक्षाबलों ने घटनास्थल से एक एके-47 राइफल, एक कंट्री मेड राइफल और भारी मात्रा में नक्सली सामग्री भी बरामद की है। कुल मिलाकर, इस ऑपरेशन में 16 नक्सलियों को मारा गया है।

कलेक्टर तुलिका ने शैक्षणिक संस्थाओं का किया निरीक्षण

मोहला(विश्व परिवार)। कलेक्टर तुलिका प्रजापति आज मानपुर के दौरे पर रही। इस दौरान कलेक्टर ने मानपुर में बन रहे नवीन एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय का निरीक्षण किया। उन्होंने संबंधित निर्माण एजेंसी को निर्देशित करते हुए कहा कि भवन निर्माण में उपयोग में होने वाले सभी सामग्री गुणवत्ता युक्त होनी चाहिए। निर्माण कार्य में गति लाने और समय सीमा में पूर्ण करने निर्देशित किया। कलेक्टर ने यहां विद्यार्थियों के अध्ययन कक्ष, विज्ञान संकाय के प्रयोगशाला, कंप्यूटर कक्ष का निरीक्षण किया। उन्होंने संबंधित निर्माण एजेंसी को विद्यालय परिसर, खेल मैदान परिसर में समतलीकरण करने के साथ ही सुसज्जित बनाने के निर्देश दिए। उल्लेखनीय है कि मानपुर में 38 करोड़ रुपए की लागत से एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय का निर्माण किया जा रहा

है। विद्यालय का निर्माण हो जाने से कक्षा 06 से 12वीं तक के बालक एवं बालिका आवासीय विद्यालय में निवास करने के साथ ही गुणवत्तायुक्त अध्ययन करेंगे। इससे क्षेत्र के विद्यार्थियों के लिए सुसज्जित माहौल में शिक्षा ग्रहण के साथ ही सुविधा युक्त आवासीय विद्यालय में अध्ययन करने का सुनहरा अवसर मुहैय्या होगा। यह विद्यालय वनांचल क्षेत्र के विद्यार्थियों के लिए शिक्षा के क्षेत्र में एक नई क्रांति होगी। वनांचल एवं नक्सल क्षेत्र के विद्यार्थियों के लिए उत्कृष्ट शिक्षा अध्ययन करने का अवसर मिलेगा। कलेक्टर प्रजापति ने मानपुर में संचालित शासकीय प्री मैट्रिक आदिवासी बालक छात्रावास का निरीक्षण किया। इस दौरान कलेक्टर ने छात्रावास में उपलब्ध संसाधन, सुविधा की जानकारी ली। विद्यार्थियों के लिए शुद्ध पेयजल के लिए लगाए गए आर ओ की गुणवत्ता की जांच की। उन्होंने छात्रावास अधीक्षक को विद्यार्थियों को सही समय पर पोषण युक्त भोजन वितरित करने के निर्देश दिए। छात्रावास एवं परिसर पर साफ-सफाई का विशेष ध्यान रखने और समय-समय पर छात्रवासी बालकों का स्वास्थ्य परीक्षण कराने के निर्देश दिए हैं। कलेक्टर ने मानपुर में संचालित शासकीय आईटीआई पहुंचकर यहां इलेक्ट्रीशियन एवं कंप्यूटर में प्रशिक्षण ले रहे विद्यार्थियों से सौजन्य भेंट कर उनका उत्साहवर्धन किया। कलेक्टर ने इलेक्ट्रीशियन के विद्यार्थियों को मार्गदर्शन देते हुए कहा कि प्रशिक्षण के दौरान गंभीरता का परिचय देते हुए सभी बारीकियों को अच्छे से सीखे। उन्होंने विद्यार्थियों को मन लगाकर पढ़ाई करने और प्रशिक्षण पूर्ण करने के उपरांत अपने हुनर को तराशने के संबंध में आवश्यक सिख एवं मार्गदर्शन दी। कलेक्टर ने इस दौरान कंप्यूटर प्रशिक्षण ले रहे विद्यार्थियों से भेंट कर उनका हाल-चाल जाना। उन्होंने प्रशिक्षण ले रहे बालिकाओं को प्रेरित करते हुए कहा कि वर्तमान में कंप्यूटर का अच्छा स्कोप है, इसे ध्यान में रखकर कंप्यूटर टाइपिंग प्रतिदिन करने और गति लाने के लिए प्रोत्साहित किया। छात्रावास में आवश्यक संसाधन, सुविधा की मांग पर उन्होंने आवश्यकता अनुसार संसाधन सुविधा की पूर्ति करने आश्वासन दी। बालिकाओं ने कलेक्टर को अपने बीच पाकर कंप्यूटर एवं पेयजल हेतु वाटर कूलर की मांग की। जिस पर कलेक्टर ने इन आवश्यकताओं की पूर्ति के लिए आश्वस्त किया। कलेक्टर ने मानपुर में बन रहे नवीन पोस्ट मैट्रिक आदिवासी छात्रावास का निरीक्षण किया। निर्माण कार्य में गति लाने के साथ ही समय सीमा में निर्माण कार्य को पूर्ण कराया जाकर आदिवासी विकास विभाग को जल्दी हैंडओवर करने निर्देशित किया।

खाद्य तेलों में मिलावट की जांच : जिले में प्रशासन सख्त, नमूने भेजे गए लैब

कोण्डागांव(विश्व परिवार)। जिले में बाजारों में बिकने वाले खाद्य तेलों में मिलावट की आशंका को लेकर खाद्य एवं औषधि प्रशासन विभाग द्वारा सख्त कार्रवाई की जा रही है। कलेक्टर कुणाल दुदावत के निर्देश पर जिले के प्रमुख तेल विक्रेताओं के प्रतिष्ठानों की जांच की गई। इस दौरान खाद्य सुरक्षा अधिकारी डी.के. देवांगन ने श्री राम ट्रेडर्स कोण्डागांव से हाथी छाप कच्ची घानी सरसों तेल और उस्मान किराना स्टोर्स केशकाल से एबिस गोल्ड रिफाइंड सोयाबीन तेल के नमूने लिए। इन नमूनों को जांच के लिए राज्य खाद्य परीक्षण प्रयोगशाला रायपुर भेजा गया है। विशेषज्ञों के अनुसार, खाद्य तेलों में मिलावट स्वास्थ्य के लिए बेहद हानिकारक साबित हो सकती है। मिलावट वाले तेल से हृदय रोग को बढ़ावा,पाचन तंत्र पर विपरीत प्रभाव,कैंसर जैसी गंभीर

बीमारियों का खतरा,शरीर में एलर्जी और विषाक्तता उत्पन्न कर सकते हैं। अक्सर मुनाफा कमाने के लिए निर्माताओं द्वारा सरसों तेल और सोयाबीन तेल में सस्ते एवं मिलावटी तेलों की मिलावट की जाती है। इसे रोकने के लिए जिले में खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम, 2006 के तहत नियमित जांच अभियान चलाया जा रहा है। खाद्य सुरक्षा अधिकारी ने बताया कि यह अभियान आगे भी जारी रहेगा और बाजारों से और भी तेलों के नमूने लिए जाएंगे। जांच के बाद मिलावट की पुष्टि होने पर संबंधित खाद्य कारोबारियों के खिलाफ कड़ी कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

भव्य एवं गरिमामय रूप से आयोजित हो गणतंत्र दिवस समारोह - कलेक्टर

स्व. सरयू प्रसाद अग्रवाल स्टेडियम में पहुँचकर आयोजन के तैयारियों का किया अवलोकन

बालोद(विश्व परिवार)। कलेक्टर श्री इन्द्रजीत सिंह चन्द्रवाल ने 26 जनवरी को गणतंत्र दिवस समारोह के अवसर पर जिला मुख्यालय बालोद के स्व. सरयू प्रसाद अग्रवाल स्टेडियम में आयोजित होने वाले गणतंत्र दिवस के मुख्य समारोह को भव्य एवं गरिमामय ढंग से आयोजित करने हेतु सभी तैयारियाँ सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं। कलेक्टर श्री चन्द्रवाल आज कार्यक्रम स्थल स्व. सरयू प्रसाद अग्रवाल स्टेडियम में पहुँचकर वहाँ चल रहे आयोजन के तैयारियों का अवलोकन किया। श्री चन्द्रवाल ने मौके पर उपस्थित अधिकारियों से आयोजन के तैयारियों के संबंध में आवश्यक जानकारियां भी ली। उन्होंने अधिकारियों को जिला स्तरीय कार्यक्रम के सफल आयोजन हेतु निर्धारित समयावधि में सभी तैयारियां पूरा करने के निर्देश भी दिए। इस दौरान उन्होंने अधिकारियों से मंच व्यवस्था, बैठक व्यवस्था, गणतंत्र दिवस के अवसर पर प्रदर्शित की जाने वाली झाँकियों का निर्माण, पुरस्कार वितरण, परेड व्यवस्था, साउंड सर्विस सिस्टम, सुरक्षा व्यवस्था आदि के संबंध में विस्तारपूर्वक जानकारी ली। इस दौरान जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी डॉ. संजय कन्नौजे ने अधिकारियों की बैठक लेकर विभागवार की जा रही तैयारियों की समीक्षा की। उन्होंने अधिकारियों को कार्यक्रम के सफल आयोजन हेतु सभी तैयारियां सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। बैठक में एसडीएम श्री सुरेश साहू, अनुविभागीय अधिकारी पुलिस श्री देवांश राठौर सहित विभिन्न विभागों के अधिकारीगण उपस्थित थे।

धान खरीदी के लिए शेष दिनों में करे कड़ी निगरानी : कलेक्टर अग्रवाल

गरियाबंद(विश्व परिवार)। कलेक्टर दीपक अग्रवाल ने आज जिले में चल रहे धान खरीदी के संबंध में अधिकारियों की समीक्षा बैठक ली। उन्होंने धान खरीदी पर जरूरी निगरानी रखते हुए वास्तविक किसानों से ही धान खरीदी करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि यदि किसी धान खरीदी केंद्र में अनियमितता पाई जाती है, तो नोडल अधिकारी सहित संबंधितों के खिलाफ कार्यवाही की जाएगी। उन्होंने कहा कि धान खरीदी के लिए केवल 7 कार्य दिवस शेष है। जिले के लगभग 90 प्रतिशत किसानों ने अपना धान विक्रय कर लिया है। उन्होंने कहा कि आखिरी दिनों में अवैध धान बिक्री की आशंका को रोकने सख्ती से निगरानी करें। साथ ही रकबा समर्पण एवं भौतिक सत्यापन भी सुनिश्चित करे। कलेक्टर अग्रवाल ने शून्य रकबा समर्पण वाले उपार्जन केन्द्रों में अधिकतम धान खरीदी की रिपोर्ट पर नाराजगी जताई। उन्होंने संबंधित उपार्जन केन्द्रो की कड़ाई से जांच करने हेतु सर्व संबंधितों को निर्देशित किया। साथ ही सहकारिता, खाद्य एवं बैंक नोडल के फील्ड अधिकारियों को सभी उपार्जन केन्द्रों का सतत निरीक्षण करने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने कम रकबा समर्पण एवं अनियंत्रित धान खरीदी पर डीएमओ, सहकारी बैंक के नोडल, एआरसीएस, खाद्य निरीक्षक, सहकारिता विस्तार अधिकारी को नोटिस जारी करने के निर्देश दिये।

कलेक्टर ने पंचायत और नगरीय निकाय चुनाव की तैयारियों का लिया जायज़ा

बेमेतरा(विश्व परिवार)। त्रि-स्तरीय पंचायत चुनाव और नगरीय निकाय चुनाव की तैयारियों को लेकर जिले में नामांकन प्रक्रिया तेज हो गई है। इस सिलसिले में कलेक्टर व जिला निर्वाचन अधिकारी रणबीर शर्मा ने आज तहसील कार्यालय में चल रही नाम निर्देशन पत्र भरने की प्रक्रिया का निरीक्षण किया। कलेक्टर ने बेमेतरा एसडीएम कार्यालय परिसर में जाकर जनप्रतिनिधियों द्वारा भरे जा रहे नाम निर्देशन पत्रों की जांच की और समस्त चुनावी प्रक्रियाओं की समुचित व्यवस्था का गहन जायजा लिया। कलेक्टर रणबीर शर्मा ने इस अवसर पर चुनाव प्रक्रिया में शामिल अधिकारियों से बातचीत करते हुए उन्हें निर्देश दिए कि नामांकन प्रक्रिया को सुचारू और पारदर्शी तरीके से संपन्न किया जाए। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि उम्मीदवारों को नामांकन भरने में किसी प्रकार की समस्या का सामना न करना पड़े और इसके लिए हर संभव उपाय किए जाएं। उन्होंने यह सुनिश्चित करने की बात कही कि चुनावी प्रक्रिया के दौरान किसी प्रकार की अव्यवस्था या कानून-व्यवस्था की समस्या उत्पन्न न हो। शर्मा ने बताया कि चुनाव के सभी चरणों के लिए प्रशासन पूरी तरह से तैयार है। उन्होंने कहा कि त्रि-स्तरीय पंचायत चुनाव और नगरीय निकाय चुनाव दोनों के लिए सभी आवश्यक व्यवस्थाएं कर ली गई हैं और प्रशासन का लक्ष्य है कि चुनाव निष्पक्ष, पारदर्शी और शांतिपूर्ण तरीके से संपन्न हों। इस दौरान एसडीएम कार्यालय के अधिकारियों सहित विभिन्न प्रशासनिक अधिकारी उपस्थित थे, जिन्होंने नाम निर्देशन पत्र भरने की प्रक्रिया को सही ढंग से संपन्न कराने और किसी भी बाधा से बचने के लिए आवश्यक व्यवस्थाओं पर चर्चा कि 7 इस अवसर पर एसडीएम दिव्या पोटाई सहित अधिकारी कर्मचारी उपस्थित थे।

जनता की शिकायतों का त्वरित निराकरण करें : एसपी

एसपी ने किया बिलाईगढ़ थाने का वार्षिक निरीक्षण

सारंगढ़-बिलाईगढ़(विश्व परिवार)। पुलिस अधीक्षक पुष्कर शर्मा ने 21 जनवरी को बिलाईगढ़ थाने का वार्षिक निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने पुलिस अधिकारियों और कर्मचारियों की समस्याएं सुनीं और उनका समाधान किया। साथ ही अपराध नियंत्रण, शांति-सुरक्षा, और कानून-व्यवस्था को लेकर मार्गदर्शन भी दिया। निरीक्षण के दौरान पुलिस अधीक्षक ने सबसे पहले परेड का अवलोकन किया, जहां थाना प्रभारी प्रमोद यादव ने उन्हें सलामी दी। परेड में उत्कृष्ट प्रदर्शन और साफ-सुथरी वर्दी के लिए पुलिस कर्मचारियों की

प्रशंसा करते हुए उन्हें पुरस्कृत किया गया। पुलिस अधीक्षक ने थाना भवन और आवासीय क्षेत्रों का निरीक्षण करते हुए रिकॉर्ड संधारण और साफ-सफाई के लिए निर्देश दिए। इस दौरान उन्होंने कर्मचारियों से ड्यूटी और पारिवारिक जिम्मेदारियों के बीच संतुलन बनाए रखने को लेकर खुलकर चर्चा की। पुलिस कर्मियों ने अपनी समस्याएं रखीं, जिनका मौके पर निराकरण किया गया। उन्होंने अपराध नियंत्रण, प्रभावी गश्त, और नशे के खिलाफ कार्रवाई पर जोर दिया। एसपी शर्मा ने निरीक्षण के दौरान स्टाफ को नियमित परेड करने, प्रार्थियों की शिकायतों का त्वरित निराकरण करने और अपराधों के नियंत्रण के लिए प्रभावी गश्त करने के निर्देश दिए। उन्होंने विशेष रूप से अपराधों के नियंत्रण, नशे के खिलाफ कार्रवाई, महिलाओं और बच्चों के खिलाफ अपराधों को रोकने और सामुदायिक पुलिसिंग पर जोर दिया।उन्होंने कहा कि सामुदायिक पुलिसिंग के तहत जनता से नजदीकियां बढ़ाने लगातार पहल करें। पुलिस अधिकारियों, कर्मचारियों ने पुलिस अधीक्षक की मंशा के अनुरूप पुलिस की गतिविधियां संचालित करने आश्वस्त किया। एसपी शर्मा ने बिलाईगढ़ थाना की व्यवस्था पर प्रसन्नता जाहिर की। उन्होंने अधिकारियों और कर्मचारियों को उनकी जिम्मेदारियों के कुशल निर्वहन के लिए प्रोत्साहित किया और भविष्य में भी इसी तत्परता से कार्य करने की उम्मीद जताई।

कलेक्टर ने एसडीएम कार्यालय गुरूर में नाम निर्देशन पत्र की कार्यवाही का लिया जायजा

बालोद(विश्व परिवार)। कलेक्टर श्री इन्द्रजीत सिंह चन्द्रवाल ने आज नगरीय निकाय निर्वाचन 2025 के अंतर्गत जिले के गुरूर अनुविभागीय अधिकारी राजस्व कार्यालय का आकस्मिक निरीक्षण कर नाम निर्देशन पत्र की कार्यवाही का जायजा लिया। कलेक्टर ने कार्यालय में नगरीय निकाय निर्वाचन हेतु अध्यक्ष एवं पार्षद पद हेतु नाम निर्देशन पत्र प्राप्त करने हेतु की गई व्यवस्थाओं का अवलोकन किया। श्री चन्द्रवाल ने वहाँ बनाए गए विभिन्न काउंटर का अवलोकन कर संबंधित अधिकारियों से विस्तृत जानकारी ली। कलेक्टर ने अधिकारी-कर्मचारियों से कहा कि वे नगरीय निकाय निर्वाचन अंतर्गत नाम निर्देशन पत्र प्राप्त करने की कार्यवाही को नियमानुसार गंभीरतापूर्वक संपादित करें, निर्वाचन कार्य में किसी प्रकार की त्रुटि न होने दें। इस दौरान अनुविभागीय अधिकारी राजस्व गुरूर श्रीमती प्राची ठाकुर एवं अन्य अधिकारी-कर्मचारी मौजूद थे।

व्यापार समाचार

सैमसंग ने सैमसंग हेल्थ ऐप में जोड़ा हेल्थ रिकॉर्ड्स फीचर

गुरुग्राम: भारत के सबसे बड़े कंज्यूमर इलेक्ट्रॉनिक्स ब्रांड सैमसंग ने अपने सैमसंग हेल्थ ऐप में एक नया हेल्थ रिकॉर्ड्स फीचर जोड़ा है। इस फीचर की मदद से यूजर्स अब अपने स्वास्थ्य का बेहतर और व्यापक प्रबंधन कर सकेंगे। हेल्थ रिकॉर्ड्स फीचर के जरिए यूजर्स अपने आयुष्मान भारत हेल्थ अकाउंट (ABHA) को सीधे सैमसंग हेल्थ मोबाइल ऐप से बना और एक्सेस कर सकते हैं। यह फीचर यूजर्स को उनके स्वास्थ्य से जुड़े डेटा को प्रबंधित करने में मदद करेगा, जो भारत में विभिन्न स्वास्थ्य प्रदाताओं द्वारा जनरेट किया जाता है। इस पहल के जरिए लोग अपने स्वास्थ्य रिकॉर्ड्स को सुरक्षित और व्यवस्थित तरीके से मैनेज कर सकेंगे। सैमसंग की यह नई पहल भारत में डिजिटल स्वास्थ्य को बढ़ावा देने और उपयोगकर्ताओं को सशक्त बनाने की दिशा में एक बड़ा कदम है। यह फीचर भारत सरकार के आयुष्मान भारत डिजिटल मिशन (ABDM) के अनुरूप तैयार किया गया है। यह न केवल डिजिटल स्वास्थ्य के क्षेत्र में सुधार लाएगा, बल्कि सुरक्षित और सुगम स्वास्थ्य सेवा का अनुभव भी प्रदान करेगा। सैमसंग का यह नया फीचर यूजर्स को उनके स्वास्थ्य का नियंत्रण अपने हाथों में देने के साथ-साथ डिजिटल स्वास्थ्य को सरल और प्रभावी बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। सैमसंग रिसर्च इंस्टीट्यूट, नोएडा के मैनेजिंग डायरेक्टर क्युनग्युन रू ने कहा, सैमसंग हमेशा अपने ग्राहकों की जरूरतों को प्राथमिकता देता है और उनके रोजमर्रा के अनुभवों को बेहतर बनाने के लिए लगातार नए उत्पाद और सेवाएं पेश करता है। सैमसंग हेल्थ ऐप में भारत के लिए हेल्थ रिकॉर्ड्स फीचर जोड़ना, डिजिटल हेल्थ रिकॉर्ड्स को सुलभ और सुविधाजनक बनाने की दिशा में हमारी प्रतिबद्धता को दर्शाता है। यह फीचर उपयोगकर्ताओं को अपनी हेल्थ हिस्ट्री प्रबंधित करने, प्रगति पर नजर रखने और अपनी सेहत पर बेहतर नियंत्रण पाने में सक्षम बनाता है। इसके जरिए किसी भी समय डॉक्टरों या केयरटेकर्स के साथ डेटा साझा करना भी आसान हो जाता है।

एलआईसी म्यूचुअल फंड ने पेश किया मल्टी एसेट एलोकेशन फंड

मुंबई: भारत के सबसे प्रतिष्ठित फंड हाउसों में से एक एलआईसी म्यूचुअल फंड 'एलआईसी एमएफ मल्टी एसेट एलोकेशन फंड' पेश कर रहा है. यह एक ओपन-एंडेड योजना है, जो इक्विटी, डेट और सोने में निवेश करेगी. इसका नया फंड ऑफर (एनएफओ) 24 जनवरी 2025 को खुलेगा और 07 फरवरी 2025 को बंद होगा. योजना का निवेश उद्देश्य इक्विटी और इक्विटी से संबंधित साधनों, डेट और मनी मार्केट के साधनों तथा सोने के एक्सचेंज ट्रेडेड फंड्स (ईटीएफ) की यूनिट में निवेश कर पूंजी में दीर्घकालिक वृद्धि करना है. योजना का बेंचमार्क निफ्टी 500 टीआरआई का 65 फीसदी, निफ्टी कंपोजिट डेट इंडेक्स का 25 फीसदी और घरेलू सोने की कीमत का 10 फीसदी होगा. इस योजना के फंड मैनेजर निखिल रुंगटा, सुमित भटनागर और प्रतीक श्रॉफ होंगे. योजना 18 फरवरी 2025 को लगातार बिक्री और फिर से खरीद के लिए दोबारा खुलेगी. एलआईसी म्यूचुअल फंड एसेट मैनेजमेंट लिमिटेड के प्रबंध निदेशक एवं मुख्य कार्यकारी अधिकारी आर.के. झा ने एनएफओ के बारे में कहा, ''मल्टी-एसेट एलोकेशन फंड आजकल बहुत लोकप्रिय हो रहे हैं क्योंकि ये एक ही जगह पर निवेश के जोखिम को कम करते हैं और परिसंपत्तियों का बेहतर डायवर्सिफिकेशन सुनिश्चित करते हैं. एसोसिएशन ऑफ म्यूचुअल फंड्स इन इंडिया (एम्फी) द्वारा प्रकाशित आंकड़ों के अनुसार, 2024 में हाइब्रिड म्यूचुअल फंडों द्वारा प्रबंधित परिसंपत्ति (एयूएम) में 27 फीसदी की वृद्धि हुई. यह एयूएम जनवरी 2024 में 6.90 लाख करोड़ रुपये था और बढ़कर डिसेंबर 2024 में 8.77 लाख करोड़ रुपये हो गया. ध्यान देने वाली बात यह है कि हाइब्रिड श्रेणी में मल्टी-एसेट एलोकेशन फंडों के एयूएम में महत्वपूर्ण वृद्धि हुई है. यह साफ-साफ निवेशकों की हाइब्रिड फंडों के प्रति झुकाव को दिखाता है. हमारा नया फंड उनकी दिलचस्पियों के हिसाब से आदर्श है.'' एलआईसी म्यूचुअल फंड एसेट मैनेजमेंट लिमिटेड के सह-मुख्य निवेश अधिकारी (इक्विटी) निखिल रुंगटा ने कहा, ''मल्टी-एसेट एलोकेशन फंड एक ऐसा समाधान है, जो इक्विटी की वृद्धि की ताकत, डेट की आय उत्पन्न करने की क्षमता और कमोडिटीज के लचीलेपन को एक साथ लाता है. यह उतार-चढ़ाव के समय में अवसर बढ़ाने का एक संतुलित तरीका है. जो निवेशक एक साथ तीनों परिसंपत्ति वर्गों में निवेश करना चाहते हैं। और पूरी तरह से इक्विटी की योजनाओं की तुलना में कम अस्थिरता वाले उत्पाद पसंद करते हैं, वे इसमें निवेश कर सकते हैं. बाजार का दीर्घकालिक दृष्टिकोण तेजी का है और नया फंड सभी निवेशकों को इस तेजी की लहर पर सवार होने का अवसर प्रदान कर रहा है.''

मेनू पर वापसी: कलर्स 'लाफ्टर शेफ्स अनलिमिटेड एंटरटेनमेंट' का नया सीज़न लेकर आया है

नईदिल्ली। कलर्स फिर से परोस रहा है एंटरटेनमेंट का स्वाद, आपके चहेते शो के साथ! हंसी और खाने के परफेक्ट फ्यूज़न की भूख को देखते हुए, कलर्स ने पिछले साल 'लाफ्टर शेफ्स अनलिमिटेड एंटरटेनमेंट' के साथ डिनर-टेनमेंट शो पेश किया, जो एक अनोखा कुलिनरी-कॉमेडी क्रॉसओवर था। 21.1 करोड़ से ज़्यादा दर्शकों और कलर्स व जियो सिनेमा पर 92.5 अरब व्यूइंग मिनट के साथ, इस शो ने तहलका मचा दिया, और 9 अरब इंप्रेशन, 3 अरब रीच और 2 अरब व्यू के साथ सोशल मीडिया पर ट्रेंड किया। इतनी शानदार सफल शुरुआत के बाद, चैनल एक शानदार नया सीज़न पेश करने के लिए तैयार है, जिसमें नए ट्विस्ट, नए चेहरे और और भी ज़्यादा मज़ा आने वाला है! एक बार फिर, दर्शकों का पसंदीदा टेलीविज़न किचन एक मनोरंजक बैटलग्राउंड में बदल जाएगा, जहां भारत के प्रिय सेलिब्रिटी शेफ हैट पहनेंगे और मेनू में एक स्वादिष्ट दावत पेश करेंगे, जिससे हंसी के ठहाके लगेंगे। हंसी के डोज़ को बढ़ाने के लिए तैयार, इस आगामी सीज़न में पुराने पसंदीदा और नए चेहरों का एक शानदार मिश्रण है - विक्की जैन - अंकिता लोखंडे, कृष्णा अभिषेक - कश्मीरा शाह, राहुल वैद्य - रुबीना दिलैक, अब्दु रोज़िक - एल्विश यादव, अभिषेक कुमार - समर्थ जुरेल और सुदेश लहरी - मन्नारा चोपड़ा।

क्या जोकोविच 25 की अपनी खोज जारी रख पाएंगे

मेलबर्न(एजेंसी)। अलेक्जेंडर ज्वेरेव और नोवाक जोकोविच चौथी बार किसी मेजर में आमने-सामने होंगे। पीटर स्टेपल्स/एटीपी टूर में अलेक्जेंडर ज्वेरेव और नोवाक जोकोविच चौथी बार किसी मेजर में आमने-सामने होंगे। नोवाक जोकोविच ने मंगलवार को ऑस्ट्रेलियन ओपन में दर्द के बावजूद कार्लोस अल्काराज़ को मात दी और रिकॉर्ड 25वीं बार मेजर जीतने की अपनी उम्मीदों को ज़िंदा रखा। स्पैनियार्ड के खिलाफ़ तीन घंटे, 37 मिनट की लड़ाई के बाद शारीरिक रूप से कमज़ोर, सवाल यह है कि क्या सर्बियाई खिलाड़ी शुक्रवार को अपने 50वें मेजर सेमीफ़ाइनल में अलेक्जेंडर ज्वेरेव से भिड़ने पर उस जीत को दोहरा पाएंगे। मंगलवार को अल्काराज़ के खिलाफ़ चार सेट की जीत के बाद जोकोविच ने कहा, बिना किसी मैच के अतिरिक्त दिन एक अच्छे समय पर आया है।मुझे कल सुबह उठने पर स्थिति का आकलन करना होगा। मैं अपनी रिकवरी टीम, अपने फिजियो के साथ आज, कल, अगले कुछ दिनों में जितना संभव हो सके उतना करने की कोशिश करूंगा। शायद कल ट्रेनिंग छोड़ दूं। मैं देखूंगा कि मैं दो दिन में ट्रेनिंग करूंगा या नहीं। मैं इसे दिन-ब-दिन आगे बढ़ाऊंगा। अब यह वास्तव में रिकवरी के बारे में है। मैं चिंतित हूं । ईमानदारी से कहूं तो मैं शारीरिक रूप से चिंतित हूं। लेकिन अगर मैं किसी तरह शारीरिक रूप से अच्छा होने में कामयाब हो जाता हूं, तो मुझे लगता है कि मानसिक और भावनात्मक रूप से मैं जितना हो सकता हूं उतना प्रेरित हूं। जोकोविच, जिन्होंने अल्काराज़ के खिलाफ़ अपनी जीत के दौरान अपने ऊपरी बाएं पैर पर टेप लगा रखा था, रिकॉर्ड-विस्तार करने वाले 11वें ऑस्ट्रेलियन ओपन खिताब की तलाश में हैं और चोट से निपटने के दौरान 2023 में हार्ड-कोर्ट इवेंट जीता था। जोकोविच के लिए 100वें टूर-लेवल खिताब की राह में अगली चुनौती ज्वेरेव की है, जिन्होंने टॉमी पॉल को चार सेटों में हराकर अपने नौवें मेजर सेमीफाइनल में प्रवेश किया। 2020 के बाद से सिर्फ़ जोकोविच (13) ही दूसरे सीड से ज़्यादा स्लैम सेमीफाइनल में पहुंचे हैं। हालांकि, जर्मन खिलाड़ी अभी भी अपने पहले मेजर खिताब की तलाश में है, लेकिन वह इस मैच में अपेक्षाकृत तरोताज़ा होकर उतरेगा, क्योंकि उसने अंतिम चार में पहुंचने के दौरान सिर्फ़ दो सेट गंवाए हैं। सेमीफ़ाइनल की ओर देखते हुए ज्वेरेव ने कहा, मैं खुद को एक कठिन मुकाबले के लिए तैयार करने जा रहा हूं। मैं खुद को एक बहुत ही गहन और उच्च-स्तरीय मैच के लिए तैयार करने जा रहा हूं। मुझे पता है कि मेरे पास वह स्तर है। मैंने उसे पहले भी हराया है। उम्मीद है कि मैं फिर से ऐसा कर पाऊंगा। एंडी मरे द्वारा प्रशिक्षित जोकोविच, जोड़ी की लेक्सस एटीपी हेड2हेड सीरीज़ में ज्वेरेव से 8-4 से आगे हैं। 2021 के बाद से यह उनकी सिर्फ़ दूसरी मुलाक़ात होगी और मेजर में चौथी मुलाक़ात होगी। जोकोविच ने 2019 में रौलां गैरो में क्वार्टर फाइनल में और 2021 में मेलबर्न में तथा 2021 में यूएस ओपन के सेमीफाइनल में जर्मन खिलाड़ी को हराया था।

मुझे कप्तान और कोच ने खुलकर खेलने की आज़ादी दी : अभिषेक शर्मा

कोलकाता(एजेंसी)। भारत के टी20 सलामी बल्लेबाज़ अभिषेक शर्मा के लिए पिछले एक-दो साल बहुत शानदार रहे हैं और उन्होंने आईपीएल में बेहतरीन प्रदर्शन के बाद भारत की टी20 टीम में अपनी जगह पक्की की है। कोलकाता में इंग्लैंड के ख़िलाफ़ पहले टी20 मैच में भी उन्होंने 34 गेंदों में 79 रनों की पारी खेली, जिसमें पांच चौके और आठ गगनचुंबी छक्के शामिल थे। हालांकि इस दौरान अपने 12 में से आठ टी20 पारियों में वह 20 से कम के स्कोर पर आउट हुए हैं। भारत के पास सलामी बल्लेबाज़ों के कई विकल्प भी है, लेकिन 24-वर्षीय अभिषेक पर जगह खोने का लगातार दबाव भी रहता होगा। हालांकि अभिषेक ने इससे इनकार किया है। उन्होंने बताया कि उनके कोच और कप्तान ने कहा है कि वह कभी भी अपने खेल की शैली को नहीं बदले, जिससे उन्हें खुलकर फ़ीयरलेस क्रिकेट खेलने की आज़ादी मिली है। अभिषेक ने मैच के बाद हुए प्रेस कॉन्फ़्रेंस में कहा, मैं हमेशा से एक टीम प्लेयर हूं और यह भी जानता हूं कि भारत में हमेशा टीम चयन की प्रतिस्पर्धा रहती है। लेकिन जब मेरे कोच और कप्तान ने मुझसे हमेशा अपना इंटेंट बनाए रखने को कहा, वह मेरे लिए एक बड़ा पल था। एक बल्लेबाज़ के रूप में जब आप तीन-चार पारियों में रन नहीं बना पाते हैं तो आपके दिमाग़ में ये बातें चलती हैं।

सीएबी ने ईडन गार्डन्स में एक स्टैंड का नाम दिग्गज तेज गेंदबाज झूलन गोस्वामी के नाम पर रखा

कोलकाता(एजेंसी)। भारत और इंग्लैंड के बीच टी20 सीरीज के पहले मैच के दौरान, क्रिकेट एसोसिएशन ऑफ बंगाल (सीएबी) ने बुधवार को यहां प्रतिष्ठित ईडन गार्डन्स में दिग्गज तेज गेंदबाज झूलन गोस्वामी के नाम पर एक दर्शक स्टैंड का आधिकारिक रूप से अनावरण किया। सीएबी ने कहा कि उसने आयोजन स्थल पर एक और स्टैंड का नाम वीर सैन्य युद्ध नायक कर्नल एन.जे. नायर के नाम पर रखा है, जिसका अनावरण अध्यक्ष स्नेहाशीष गांगुली ने किया। इसके साथ ही झूलन पहली प्रमुख महिला क्रिकेटर बन गई हैं, जिनके नाम पर स्टेडियम में स्टैंड का नाम रखा गया है। उन्होंने मैच शुरू होने से पहले ईडन की पारंपरिक घंटी भी बजाई, जिसे भारत ने सात विकेट से जीता। गांगुली ने सीएबी के बयान में कहा,सीएबी की ओर से, मैं कर्नल एन.जे. नायर और झूलन गोस्वामी स्टैंड का अनावरण करने का अवसर लेता हूं। इस यादगार शाम का हिस्सा बनना मेरे लिए सम्मान की बात है, क्योंकि हम इन दो प्रतिष्ठित हस्तियों की बहादुरी और उपलब्धियों को सलाम करते हैं। पद्मश्री और अर्जुन पुरस्कार विजेता झूलन को अक्सर महिला क्रिकेट खेलने वाली सबसे तेज़ गेंदबाज़ों में से एक माना जाता है। उन्होंने 2002 से 2022 तक 12 टेस्ट, 204 वनडे और 68 टी20 में भारत का प्रतिनिधित्व किया और सभी प्रारूपों में 355 विकेट लिए, जो महिला अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में किसी भी गेंदबाज़ द्वारा लिए गए सबसे ज़्यादा विकेट हैं। उन्होंने 2007 में आईसीसी महिला खिलाड़ी का वर्ष का सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी का पुरस्कार भी जीता और जनवरी 2016 में आईसीसी महिला वनडे गेंदबाजी रैंकिंग में नंबर एक पर पहुंच गईं। झूलन 2008 से 2011 तक भारतीय महिला क्रिकेट टीम की कप्तान भी रहीं। वनडे में उन्होंने 255 विकेट लिए, जो महिला अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में एक रिकॉर्ड है।

एलन मस्क और सैम ऑल्टमैन सोशल मीडिया पर भिड़े, स्टारगेट प्रोजेक्ट को लेकर हो रही लड़ाई

सैन फ्रांसिस्को(एजेंसी)। एक्सएआई के मालिक एलन मस्क और ओपनएआई के सीईओ सैम ऑल्टमैन एक्स पर भिड़ गए हैं। ये लड़ाई स्टारगेट प्रोजेक्ट को लेकर हो रही है। समाचार एजेंसी सिन्हुआ के अनुसार, ओपनएआई ने मंगलवार को कहा कि वह सॉफ्टबैंक और ओरेकल के साथ मिलकर अमेरिका में एआई के लिए कई डेटा सेंटर बनाएगी। दोनों कम्पनियों को उम्मीद है कि वे स्टारगेट के लिए शुरू में 100 बिलियन डॉलर का निवेश करेंगी तथा अगले चार वर्षों में इस उद्यम में 500 बिलियन डॉलर का निवेश करेंगी। संयुक्त बयान में कहा गया, सॉफ्टबैंक और ओपनएआई स्टारगेट के प्रमुख भागीदार हैं, सॉफ्टबैंक के पास वित्तीय जिम्मेदारी है और ओपनएआई के पास परिचालन जिम्मेदारी है। मस्क ने मंगलवार को एक्स पर कई पोस्ट में लिखा, वास्तव में उनके पास पैसा नहीं है। सॉफ्टबैंक ने 10 बिलियन डॉलर से कम की रकम सुरक्षित कर ली है। मुझे इस बारे में अच्छे स्रोत से जानकारी मिली है। ऑल्टमैन ने बुधवार को एक एक्स पोस्ट में मस्क पर पलटवार किया। मस्क के इस आरोप पर कि सॉफ्टबैंक के पास पूंजी की कमी है, जवाब देते हुए ऑल्टमैन ने कहा, गलत जानकारी, और आप ये निश्चित रूप से जानते हैं। ऑल्टमैन ने कहा कि स्टारगेट देश के लिए बहुत अच्छा है। मुझे एहसास है कि जो देश के लिए अच्छा है वह हमेशा आपकी कंपनियों की इच्छा के अनुरूप नहीं होता लेकिन आपको जो नई जिम्मेदारी मिली है उससे मुझे उम्मीद है कि आप अमेरिका को सबसे पहले रखेंगे। ओपनएआई की तरह एक्सएआई भी अपने एआई सिस्टम को विकसित करने के लिए बुनियादी ढांचे की तलाश में है। टेकक्रंच की एक रिपोर्ट के अनुसार, अनुमान है कि मस्क की कंपनी ने मेम्फिस में अपने एकल डेटा सेंटर पर 12 अरब डॉलर खर्च किए हैं और सुविधा को अपग्रेड करने में अरबों डॉलर और खर्च कर सकती है। मस्क, जो ओपनएआई के शुरुआती निवेशक और बोर्ड के सदस्य हैं, ने पिछले साल ऑल्टमैन की कंपनी पर मुकदमा दायर किया था, जिसमें आरोप लगाया गया था कि कंपनी ने लाभ कमाने के बजाय सार्वजनिक भलाई के लिए काम करने वाली एक गैर-लाभकारी अनुसंधान प्रयोगशाला के रूप में अपने संस्थापक उद्देश्यों के साथ विश्वासघात किया है।

पोको का एक्स 7 5जी स्मार्टफोन लॉन्च,

नई दिल्ली(एजेंसी)। देश की अग्रणी स्मार्टफोन निर्माता कंपनी पोको ने शुक्रवार को अपना नया स्मार्टफोन पोको एक्स7 5जी लॉन्च कर दिया। यह स्मार्टफोन खासतौर पर उन लोगों के लिए डिजाइन किया गया है, जो टिकाऊ और बेहतरीन प्रदर्शन और मजबूत बिल्ड क्वालिटी चाहते हैं। इस स्मार्टफोन की बैटरी से लेकर तमाम फीचर्स इसे बेहतरीन बनाते हैं। पोको एक्स7 5जी लॉन्च होने के बाद से ही फ्लिपकार्ट पर उपलब्ध है। इसकी शुरुआती कीमत 19,999 रुपए है। इस स्मार्टफोन को खरीदने के लिए पहले दिन 2,000 रुपए का डिस्काउंट कूपन भी मिल रहा है। इसके साथ ही यूजर्स को इसे खरीदने के लिए 9 महीने की नो-कॉस्ट ईएमआई विकल्प भी उपलब्ध है, जिससे यह एक बेहतरीन डील बन जाती है। इसमें 1.5के एएमओएलईडी 3डी कर्व्ड डिस्प्ले है। यह डिस्प्ले यूजर्स को बेहतरीन अनुभव देता है। डिस्प्ले को 3000 निट्स पीक ब्राइटनेस और कॉर्निंग गोरिल्ला ग्लास विक्टस 2 की सुरक्षा दी गई है। यह स्मार्टफोन आईपी66, आईपी68 और आईपी69 रेटिंग के साथ पानी, धूल और रोजाना के खतरों से निपटने के लिए तैयार किया गया है। पोको एक्स7 5जी में मीडियाटेक डाइमेंशन 7300 अल्ट्रा चिपसेट दिया गया है। यह चिपसेट स्मार्टफोन को तेज और बेहतरीन बनाता है। इससे यूजर्स को अलग ही अनुभव मिलता है। इस स्मार्टफोन में 5500 एमएएच की बैटरी है, जो 45 वॉट हाइपरचार्ज के साथ दिनभर की बैटरी लाइफ देती है।

कोकिलाबेन धीरूभाई अंबानी हॉस्पिटल, नवी मुंबई ने लायी आधुनिक स्वदेशी रोबोटिक सर्जरी प्रणाली

नवी मुंबई: कोकिलाबेन धीरूभाई अंबानी हॉस्पिटल, नवी मुंबई ने भारत की पहली स्वदेशी रोबोटिक सर्जरी प्रणाली, एसएसआई मंत्र को लाकर स्वास्थ्य सेवा में एक और मानक स्थापित किया है। यह स्वदेशी रोबोटिक सर्जरी प्रणाली प्रोस्टेट, मूत्राशय और किडनी, गर्भाशय, गर्भाशय ग्रीवा, हृदय, पेट और ईएनटी की सबसे जटिल सर्जरी के लिए उन्नत समाधान प्रदान करेगी। मरीज़-केंद्रित देखभाल के लिए जाना जाने वाला यह अस्पताल जुलाई 2018 में शुरू हुआ और तब से लेकर आज तक अपने मरीज़ों को असाधारण परिणाम दिलाने के लिए अभिनव समाधानों को प्रस्तुत करने में सबसे आगे रहा है। कोकिलाबेन धीरूभाई अंबानी हॉस्पिटल मुंबई देश का पहला अस्पताल है जिसने प्रोस्टेट, किडनी और मूत्राशय के कैंसर के मरीज़ों के इलाज के लिए 2600 से अधिक रोबोटिक सर्जरी को पूरा करने का महत्वपूर्ण पड़ाव पार किया है। इस अस्पताल ने मरीज़ों और सर्जनों के लिए न्यूनतम इनवेसिव सर्जरी की सीमाओं की नयी परिभाषा रची है, उन्नत रोबोटिक सर्जिकल सिस्टम के साथ पारंपरिक सर्जरी की सीमाओं को पार किया है, जिससे इस क्षेत्र में समर्पित प्रशिक्षित विशेषज्ञ तैयार हुए हैं। अब, नवी मुंबई में एसएसआई मंत्र के लॉन्च के साथ, इस संस्थान ने सुलभ और सटीक सर्जिकल विकल्प प्रदान करने वाले, रोबोटिक सर्जरी में अग्रणी के रूप में अपनी स्थिति को और मज़बूत किया है। एसएस इनोवेशन द्वारा विकसित, एसएसआई मंत्र रोबोटिक सर्जरी सिस्टम को केंद्रीय औषधि मानक नियंत्रण संगठन (सीडीएससीओ) द्वारा अनुमोदित किया गया है, और यह अत्याधुनिक तकनीक सर्जिकल प्रिसिजन को नया अर्थ प्रदान करने का वादा करती है। एसएसआई मंत्र बहुमुखी है और टेलीसर्जरी और टेलीप्रॉक्टरिंग जैसी उन्नत सुविधाओं को एकीकृत करते हुए कई विशेषताओं का समर्थन करता है। 40 से ज़्यादा रोबोटिक एंडो-सर्जिकल उपकरणों के साथ, सर्जन यूरोलॉजी, गायनोकोलॉजी, कार्डियोलॉजी और सामान्य सर्जरी में जटिल मामलों को संबोधित कर सकते हैं। न्यूनतम इनवेसिव प्रक्रियाओं को सक्षम करके, यह सिस्टम रिकवरी के समय को कम करता है, इलाज तेज़ी से हो पाते हैं, दर्द और सर्जरी के निशान कम होते हैं और संक्रमण का खतरा कम होता है। इसका मॉड्यूलर मल्टी-आर्म सिस्टम, 32-इंच 3ष्ठ 4य मॉनिटर और एर्गोनोमिक डिज़ाइन सटीकता, नियंत्रण और सुरक्षा सुनिश्चित करता है। कोकिलाबेन धीरूभाई अंबानी हॉस्पिटल नवी मुंबई, अपने विशेष विभागों के साथ पूरे मेडिकल स्पेक्ट्रम को कवर करता है। यह एक टॉप टर्शियरी केयर फैसिलिटी है, जो अंतरराष्ट्रीय सर्वोत्तम प्रथाओं के बराबर चिकित्सा देखभाल प्रदान करती है। उन्नत चिकित्सा तकनीकों को अपनाने में अग्रणी के रूप में पहचाने जाने वाले इस अस्पताल ने नवी मुंबई और आसपास के क्षेत्रों में सर्वश्रेष्ठ स्वास्थ्य सेवा प्रदान करने के लिए सीमाओं को लगातार आगे बढ़ाया है।

होंडा मोटरसाइकल एण्ड स्कूटर इंडिया ने नई 2025 लिवो लॉन्च की

रायपुर: होंडा मोटरसाइकिल एंड स्कूटर इंडिया (एचएमएसआई) ने शहरी युवाओं के लिए OBD2B मानकों के अनुरूप नई लिवो बाइक लॉन्च की है। यह नई लिवो बोल्ड डिजाइन और आधुनिक तकनीक का बेहतरीन संयोजन है, जो राइडिंग को और भी शानदार अनुभव बनाती है। 2025 होंडा लिवो की शुरुआती कीमत एक्स-शोरूम दिल्ली में Rs. 83,080 रुपये रखी गई है। इस लॉन्च के अवसर पर होंडा मोटरसाइकिल एंड स्कूटर इंडिया के मैनेजिंग डायरेक्टर, प्रेसिडेंट और सीईओ श्री सुतसुमु ओटानी ने कहा, हम नई 2025 लिवो को पेश करते हुए बेहद उत्साहित हैं। होंडा का उद्देश्य हमेशा से कम्यूटर बाइक सेगमेंट में नए मानक स्थापित करना रहा है। 2025 लिवो न केवल अपने शानदार स्टाइल बल्कि उन्नत फीचर्स के साथ ग्राहकों को एक बेहतरीन अनुभव प्रदान करेगी। हमें भरोसा है कि यह बाइक भारतीय राइडर्स की विविध जरूरतों को पूरी तरह से संतुष्ट करेगी। इस लॉन्च के अवसर पर होंडा मोटरसाइकिल एंड स्कूटर इंडिया के सेल्स और मार्केटिंग डायरेक्टर श्री योगेश माथुर ने कहा,होंडा लिवो हमेशा से हमारे ग्राहकों की पसंदीदा बाइक रही है। 2025 मॉडल के जरिए हमारा लक्ष्य इसकी बाजार में स्थिति को और मजबूत करना है। नई लिवो में तकनीक और डिजाइन का ऐसा तालमेल है जो होंडा की गुणवत्ता और नवीनता के प्रति प्रतिबद्धता को दर्शाता है। यह बाइक न केवल आधुनिक फीचर्स से लैस है, बल्कि व्यावहारिकता और स्टाइल का बेहतरीन संयोजन भी पेश करती है। हमें विश्वास है कि यह भारत के राइडर्स के लिए लिव लाइफ लिवो स्टाइल का एक भरोसेमंद साथी साबित होगी।

दैनिक
विश्व परिवार
महानगर

www.dainikvishwapariwar.com
vishwapariwarraipur@gmail.com

रायपुर, शनिवार 25 जनवरी 2025

छग विधानसभा बजट सत्र-2025 : 24 फरवरी से 21 मार्च तक

रायपुर (विसं)। छत्तीसगढ़ के विष्णुदेव साय सरकार का दूसरा विधानसभा बजट सत्र को लेकर अधिसूचना जारी कर दी गई है। यह बजट सत्र 24 फरवरी से 21 मार्च तक चलेगा। इस सत्र में कुल 17 बैठकें होगी। राज्यपाल रामेन डेका के भाषण के साथ सत्र की शुरुआत होगी। 24 फरवरी से 21 मार्च तक चलने वाली इस बजट सत्र के दौरान ही वित्तीय वर्ष 2025-26 का बजट पेश किया जाएगा।

संक्षिप्त समाचार

समाजसेवी अर्जुनदास वासवानी ने भगवतीचरण वार्ड क्रमांक 57 से पार्षद के लिए पेश की अपनी दावेदारी

रायपुर (विश्व परिवार)। सामाजिक कार्यकर्ता अर्जुन दास वासवानी ने भगवतीचरण वार्ड 57 में अपनी दावेदारी पेश की टिकट

की दावेदारी मामले में चरण दास महंत, दीपक बैज से मिल चुके है। उन्होंने आगे बताया कि अन्य पार्टी ने भ्रष्ट नेता को टिकट दिया और चुनाव विधान सभा में हार का सामना करना पड़ा ऐसे में एक सक्रिय जुझारू सभी समाज में सम्मान पाने वाले व्यक्ति को ही भगवतीचरण वार्ड 57 में टिकट दिया जाए। अर्जुन दास ने विधान सभा में भी टिकट की दावेदारी पेश की थी लेकिन विरोधी नेताओं के चलते उन्हें टिकट नहीं पाई अब बारी है है एक अच्छे नेता की जो पार्षद चुनाव में सफल हो सके। सिंधी समाज के अकादमी का सबसे वरिष्ठ डायरेक्ट है समाज के अनेक संस्थाओं से जूझे हुवे है। उड़िया समाज सिंधी समाज सिख समाज ओबीसी समाज में सक्रियता रखने वाले अर्जुन दास वासवानी विकसित वार्ड विकसित शहर दुबई के तर्ज पर होगा सच्चा विकास ऐसा कहना है उनका अब देखने वाली बात यह होती है कि टिकट मिलने पर जीत पक्की होगी कि नहीं।

जैन संस्कार विधि से वर्षगांठ पूजन

रायपुर (विश्व परिवार)। अखिल भारतीय तेरापंथ युवक परिषद् का मानव सेवा हेतु महत्वपूर्ण उपक्रम आचार्य तुलसी डायग्नोस्टिक सेंटर जिसका रायपुर में संचालन स्थानीय तेरापंथ युवक परिषद्, रायपुर द्वारा विगत 9 वर्षों से किया जा रहा है, जो आज दिनांक 24/01/2025 को अपनी स्थापना के 9 वर्षों का सफलतम सफर पूर्ण कर 10 वर्ष में प्रवेश कर गया। इसी उपलक्ष्य में वर्षगांठ पूजन का आयोजन जन-जन की विधि बनने की ओर अग्रसर जैन संस्कार विधि से संस्कार श्री अनिल दुगड़ व श्री सूर्य प्रकाश बैद द्वारा संपूर्ण मंत्रोच्चार करते हुए महत्व को उपस्थित सकल जैन समाज के सदस्यों का परिभाषित करते हुए कराया गया। पूजन में विशेष रूप से गौतम गोलछा, नवरतन डागा, प्रकाश सिंघी, अनूप भटेरा, महावीर कोचर, विकास धाड़ीवाल, अतुल कात्रेला, अभय गोलछा, कमल बेंगानी, सुमित जैन, अनिल बरडिया, निकुंज साचला, अमर बरलोटा, अमित मूणोत, वीरेंद्र डागा, गौरव दुगड़, विकास बरलोटा, निर्मल बेंगानी, मनीष दुगड़, महेश गोलछा उपस्थित रहे।

राष्ट्रीय मतदाता दिवस का आयोजन आज, निर्वाचन कार्यों में उत्कृष्ट योगदान देने वाले अधिकारी-कर्मचारी होंगे सम्मानित

रायपुर (विश्व परिवार)। राष्ट्रीय मतदाता दिवस के अवसर पर इंदिरा गांधी कृषि विश्वविद्यालय रायपुर के विवेकानंद सभागार में 25 जनवरी को प्रातः 11 बजे से राज्य निर्वाचन आयुक्त श्री अजय सिंह के मुख्य आतिथ्य में राष्ट्रीय मतदाता दिवस कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। कार्यक्रम में निर्वाचन कार्यों में उल्लेखनीय योगदान देने वाले अधिकारियों-कर्मचारियों को सम्मानित किया जाएगा।

मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी श्रीमती रीना बाबासाहेब कंगाले ने जानकारी दी कि रायगढ़ कलेक्टर श्री कार्तिकेय गोयल को प्रदेश में लोकसभा निर्वाचन 2024 में सर्वाधिक 81.66 प्रतिशत मतदान कराए जाने, दुर्ग कलेक्टर सुश्री ऋचा प्रकाश चौधरी को शहरी क्षेत्र होने के बावजूद विगत लोकसभा चुनाव की तुलना में वर्ष 2024 में लोकसभा निर्वाचन में मतदान प्रतिशत में 2.48 प्रतिशत वृद्धि, दंतेवाड़ा कलेक्टर श्री मयंक चतुर्वेदी को धुर नक्सल प्रभावित क्षेत्र होते हुए भी विगत लोकसभा निर्वाचन की तुलना में लोकसभा निर्वाचन 2024 में 10.39 प्रतिशत वृद्धि के लिए उत्कृष्ट जिला निर्वाचन अधिकारी के रूप में सम्मानित किया जाएगा। रायपुर कलेक्टर श्री गौरव कुमार सिंह को लोकसभा निर्वाचन 2024 के दौरान मतदान दलों का प्रशिक्षण कार्य उत्कृष्ट तरीके से संपन्न कराने, राजनांदगांव जिले की मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी सुश्री सुरुचि सिंह को गुणवत्ता पूर्ण स्वीप गतिविधियां आयोजित करने और मुंगेली जिले के जिला पंचायत मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्री प्रभाकर पांडे को प्रवासी मजदूरों को मतदान के लिए प्रेरित करने संबंधी स्वीप गतिविधियों के लिए स्पेशल अवार्ड से सम्मानित किया जाएगा।

कलेक्टोरेट के अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने ली मतदाता शपथ

जिला पंचायत सीईओ ने दिलाई शपथ

रायपुर (विश्व परिवार)। जिले में मतदाता दिवस के अवसर पर आज कलेक्टोरेट में अधिकारी कर्मचारियों द्वारा मतदाता शपथ ली गई। जिला निर्वाचन अधिकारी डॉ गौरव सिंह के निर्देश में जिला पंचायत सीईओ श्री विश्वदीप ने कलेक्टोरेट के अधिकारी कर्मचारियों को मतदाता शपथ दिलाई। शपथ में कहा गया कि 'हम, भारत के नागरिक, लोकतंत्र में अपनी पूर्ण आस्था रखते हुए यह शपथ लेते हैं कि हम अपने देश की लोकतांत्रिक परम्पराओं की मर्यादा को बनाए रखेंगे। स्वतंत्र, निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण निर्वाचन की गरिमा को अक्षुण्ण रखते हुए, निर्भीक होकर, धर्म, वर्ग, जाति, समुदाय, भाषा अथवा अन्य किसी भी प्रलोभन से प्रभावित हुए बिना सभी निर्वाचनों में अपने मताधिकार का प्रयोग करने कि शपथ दिलाई गई।

उत्तराखंड में होने वाले 38वीं नेशनल गेम्स में छत्तीसगढ़ के शूटर्स का चयन

रायपुर (विश्व परिवार)। उत्तराखंड में होने वाले राष्ट्रीय खेल के लिए छत्तीसगढ़ से 10 शूटर्स का चयन छत्तीसगढ़ प्रदेश राइफल एसोसिएशन द्वारा किया गया हैं जिसमे सभी खिलाड़ियों का चयन लास्ट चैंपियनशिप में श्रेष्ठ प्रदर्शन के आधार पर किया गया हैं जो की उत्तराखंड के देहरादून के मैदान में अपना अपना निशाना साधेंगे जिसका आयोजन 28 जनवरी से शुरू हो जायेगा खिलाड़ियों में परमपाल सिंह स्कीट मेन, कुंवर कार्तिक सिंह-50 मीटर 3p मेन, दिव्यांशु देवांगन 10 मीटर एयर राइफल men प्रान्जुश्री 10 मीटर एयर राइफल वीमेन, शेषांक मसीह 10 मीटर एयर पिस्टल मेन, मानस कनोजे 10 मीटर एयर राइफल मेन, श्रुति यादव 24 मीटर स्पोर्ट्स पिस्टल वीमेन, चांदनी पैकरा 10 मीटर पिस्टल वीमेन, खुशी सक्सेना 10 मीटर एयर राइफल, सौम्या बैनर्जी 50 मीटर 3श्र वीमेन कोच दुर्गेश एवं मैनेजर श्रुति यादव की टीम रवाना होंगे।

टीम की पूरी तैयारी छत्तीसगढ़ प्रदेश राइफल एसोसिएशन एवं छत्तीसगढ़ ओलिंपिक एसोसिएशन द्वारा की जा रही हैं जिसमे खिलाड़ियों के आने जाने से लेकर उनके रहने एवं किट वितरण का कार्य किया जा रहा हैं। राष्ट्रीय खेल में चयनित खिलाडी काफी उत्साहित हैं एवं इसके तैयारी के लिए बहुत से खिलाडी पहले से अलग अलग राज्यों में अपनी प्रैक्टिस भी कर रहे हैं।

इम्मा बिलासपुर द्वारा एसईसीएल में हरित माईनिंग पर कार्यशाला का आयोजन सम्पन्न

बिलासपुर (विश्व परिवार)। इम्मा (इंडियन माईन मैनेजर्स एसोसिएशन) बिलासपुर चैप्टर और एसईसीएल के संयुक्त तत्वावधान में हरित-माइनिंग (हम) ङ्क 21 दिन अभिनव कार्यशाला का शुभारंभ दिनांक 22 जनवरी को सीएमडी एसईसीएल डॉ. प्रेम सागर मिश्रा के करकमलों से हुआ।

उसके उपरांत हरित - रथ सभी वांछित संसाधनों से लैश एसईसीएल के क्षेत्रों में संदेश संबहन और जमीनी स्तर पर सेंसेटाइज करनेवाले तथ्यों को समझाने व उनके प्रचार प्रसार के लिए सीएमडी एसईसीएल डॉ प्रेम सागर मिश्रा,निदेशक (वित्त) श्री डी सुनील कुमार और मुख्य सतर्कता अधिकारी एसईसीएल श्री हिमांशु जैन, क्षेत्रीय महाप्रबन्धकों, इम्मा बिलासपुर चैप्टर के अध्यक्ष श्री रमेश कुमार सिंह,(महाप्रबंधक औद्योगिक अभियांत्रिकी विभाग)-विभागाध्यक्ष, इम्मा धनबाद से श्री आर के शर्मा एवं सभी सहभागियों की उपस्थिति में झंडे दिखाकर रवाना हुआ। अभियान के तहत एसईसीएल के 13 क्षेत्रों और तीन केंद्रीय यूनिट के सभी कार्यस्थलों पर पहुंचकर हम -21 दिन के मौलिक सोच को पहुंचाते हुए जमीनी स्तर पर कोयला के गुणवत्ता सुनिश्चित करने हेतु निर्धारित जिम्मेदारी की जानकारी और अन्य उपायों का आख्यान का प्रचार करेगा। मस्तिष्क उद्वेलन से पर्यावरण हितैषी और कोयले की गुणवत्ता सुनिश्चित करने वाले अपने चुनिंदा क्रियाकलापों के लगातार 21 दिनों के अभ्यास से आदतों में शुमार करने के उपरांत राष्ट्रीय उत्पादन उत्पादकता दिवस पर उत्पादकता शपथ लेते हुए सुस्थापित कार्यों द्वारा निर्धारित लक्ष्य सहज रूप से हासिल हो।

एनआईटी रायपुर में कैपेसिटी बिल्डिंग प्रोग्राम ऑन आउटकम बेस्ड एजुकेशन विषय पर आधारित कार्यशाला का हुआ समापन

रायपुर (विश्व परिवार)। राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी संस्थान (एनआईटी) रायपुर ने राष्ट्रीय तकनीकी शिक्षक प्रशिक्षण एवं अनुसंधान संस्थान (एनआईटीटीटीआर), भोपाल के सहयोग से 24 जनवरी, 2025 को कैपेसिटी बिल्डिंग प्रोग्राम ऑन आउटकम बेस्ड एजुकेशन विषय पर आधारित कार्यशाला का समापन समारोह आयोजित किया 7 22 से 24 जनवरी तक आयोजित कार्यशाला का उद्देश्य शिक्षकों के बीच परिणाम-आधारित शिक्षा प्रैक्टिसेस की समझ और कार्यान्वयन को बढावा देना था। समापन सत्र में मुख्य अतिथि के रूप में डीन (अकादमिक) डॉ. श्रीश वर्मा, संरक्षक के रूप में डीन (एफ डब्ल्यू) डॉ. देबाशीष सान्याल और मैकेनिकल इंजीनियरिंग विभाग के प्रोफेसर डॉ. शुभाशीष सान्याल भी शामिल हुए। एनआईटीटीटीआर, भोपाल के डॉ. बद्रीलाल गुप्ता और डॉ. हुसैन जीवाखान ने विशेष अतिथि और एक्सपर्ट लेक्चर के रूप में शिरकत की। इस कार्यक्रम में डॉ. लता एस. बी. उपाध्याय और डॉ. मृदु साहू एसोसिएट डीन (एफडब्ल्यू) भी उपस्थित रही।

यह कार्यक्रम डीन फैकल्टी वेलफेयर ऑफिस द्वारा प्रथम वर्ष के पाठ्यक्रमों के लिए शिक्षकों के विकास के लिए आयोजित की गई। इस तीन दिवसीय कार्यशाला में एनईपी 2020 और एनबीए दिशानिर्देशों पर आधारित चर्चाएँ की गई। इस दौरान एनआईटीटीटीआर के विशेषज्ञों ने ई-परिक्षण- अ आउटकम बेस्ड लर्निंग प्लेटफार्म के बारे में भी जानकारी दी।

डॉ. एस. सान्याल ने कार्यशाला के आयोजन में वरिष्ठ संकाय सदस्यों के प्रयासों की सराहना की। उन्होंने प्रभावी शिक्षण सीखने और मूल्यांकन प्रथाओं के महत्व पर प्रकाश डाला, जो तीन दिवसीय यात्रा का मुख्य हिस्सा थे। एनआईटीटीटीआर सदस्यों द्वारा प्रदान की गई जानकारी की सराहना करते हुए उन्होंने विशेषज्ञों के लिए आभार व्यक्त किया। डॉ. डी. सान्याल ने व्यावहारिक अनुभव साझा किए और शिक्षकों को मार्गदर्शन प्रदान किया। उन्होंने व्यक्तिगत और पेशेवर जीवन के बीच स्पष्ट अंतर बनाए रखने और संगठित रिकॉर्ड रखने की आवश्यकता पर जोर दिया।

डॉ. वर्मा ने पिछले चार वर्षों में शैक्षणिक प्रथाओं में परिवर्तनकारी बदलावों पर प्रकाश डाला, तथा सीखने और नवाचार को प्रेरित करने के लिए परिणाम-आधारित शिक्षण पर जोर दिया। उन्होंने आपसी जुड़ाव बढ़ाने के लिए चैटबॉट इंटरैक्शन जैसे अभिनव तरीकों पर चर्चा की और अकादमिक बैंक ऑफ क्रेडिट (एबीसी) और नेशनल क्रेडिट फ्रेमवर्क (एनसीआरएफ) पर ध्यान केंद्रित करते हुए राष्ट्रीय शिक्षा नीति (एनईपी) को लागू करने की वकालत की।

इस कार्यशाला में एनआईटी रायपुर और बीआईटी रायपुर से कुल 37 प्रतिभागियों ने भाग लिया। इसके बाद प्रतिभागियों ने प्रतिक्रियाएं दी और प्रभावशाली शिक्षण अनुभव देने के लिए आयोजन टीम की सराहना की। कार्यशाला का समापन राष्ट्रगान के साथ हुआ।

कैट सीजी चैप्टर के प्रदेश कार्यालय में 76वॉ गणतंत्र दिवस मनाया जायेगा

रायपुर (विश्व परिवार)। कन्फेडरेशन ऑफ ऑल इंडिया ट्रेडर्स (कैट) के राष्ट्रीय वरिष्ठ उपाध्यक्ष अमर पारवानी, चेयरमेन मगेलाल मालू, अमर गिदवानी, प्रदेश अध्यक्ष जितेन्द्र दोशी, कार्यकारी अध्यक्ष विक्रम सिंहदेव, परमानन्द जैन, वाशु माखीजा, महामंत्री सुरिन्द्रर सिंह, कार्यकारी महामंत्री भरत जैन एवं कोषाध्यक्ष अजय अग्रवाल ने बताया कि देश के सबसे बडे व्यापारिक संगठन कन्फेडरेशन ऑफ ऑल इंडिया ट्रेडर्स (कैट) सी.जी. चैप्टर के प्रदेश कार्यालय में 76वॉ गणतंत्र दिवस मनाया जायेगा। 76वॉ गणतंत्र दिवस कार्यक्रम के मुख्य अथिति कैट के राष्ट्रीय वरिष्ठ उपाध्यक्ष श्री अमर पारवानी जी रहेगें। राष्ट्रीय ध्वजारोहण कार्यक्रम सुबह 8:45 में कैट के प्रदेश कार्यालय, मकान नम्बर सी -01, ई.ए.सी. कालोनी, आक्सीजोन गार्डन के पास कैनाल लिकिंग रोड, रायपुर में होगा। कैट ने आग्रह किया है कि वे समय पर ध्वजारोहण कार्यक्रम में अवश्य ही उपस्थित होवें।

पर+इच्छा=परीक्षा को बनाये मन की इच्छा, परिणाम इच्छानुसार मिलेंगे : विजय चोपड़ा

स्कूली विद्यार्थियों के लिए मेरी परीक्षा-तनाव मुक्त परीक्षा कैसे बने पर जैन संवेदना ट्रस्ट की कार्यशाला

सैकड़ों बच्चों ने मोबाईल दुरुपयोग फास्टिंग की ली शपथ

रायपुर (विश्व परिवार)। जैन संवेदना ट्रस्ट द्वारा बच्चों से बच्चों की बात कार्यशाला का आयोजन श्री आदिश्वर जैन माध्यमिक शाला, महावीर भवन में किया गया। ट्रस्ट के अध्यक्ष महेन्द्र कोचर ने बताया कि बच्चों के मन में वार्षिक परीक्षा के डर को दूर करने व परीक्षा में सफलता के लक्ष्य निर्धारण हेतु मोटिवेशनल कार्यशाला आयोजित की जा रही है। आज की कार्यशाला में प्रसिद्ध शिक्षाविद विजय चोपड़ा ने मेरी परीक्षा मेरी तैयारी विषय पर बच्चों को मोटिवेशनल स्पीच देते हुए कहा कि परीक्षा में अच्छे परिणाम के लिए सही प्लानिंग, व्यवस्थित प्रिपरेशन व कड़ा परिश्रम बहुत जरूरी है। चोपड़ा ने अच्छे परिणाम के लिये प्लानिंग, प्रिपरेशन व परिश्रम को विस्तारित करते हुए कहा कि प्रिपरेशन के पूर्व अच्छी प्लानिंग करें। कुल विषयों को परीक्षा के बचे दिन से भाग देकर प्रत्येक विषय के लिये दिन निर्धारित करें। प्रत्येक विषय को तीन श्रेणी में बांट लें। वस्तुनिष्ठ प्रश्न, मन पसंद सरल प्रश्न व कठिन प्रश्न। तैयारी करते समय सरल प्रश्न से आरम्भ कर आगे बढ़ेंगे तो आत्मविश्वास भी बढ़ेगा। कठिन प्रश्नों की तैयारी के लिए प्रातः काल का समय बेहतर होगा। इस तरह के प्रयास अच्छे परिणाम देंगे। परीक्षा की तैयारी को स्वयं की इच्छा बनाएं फिर सफलता सौ प्रतिशत तय है। परीक्षा को बोझ या हव्वा न मानें बल्कि परीक्षा पर हावी होकर तैयारी में जुट जाएं। लगन, मेहनत, अनुशासन व आत्मविश्वास से ही पूर्ण सफलता प्राप्त होती है। इसे मूलमंत्र बनाएं, पूर्ण मनोभावों से किये परिश्रम से ही अच्छे परिणाम सामने आते हैं। अभी परीक्षा में एक माह का समय शेष है, एक बात तय है कि सफलता का कोई शॉर्टकट नही होता सो विषयों के अनुसार टाईम टेबल सेट करें, ऊँचा लक्ष्य निर्धारित करें अपनी क्षमता पर विश्वास करें व प्लानिंग से तैयारी आरम्भ कर देवें। मोटिवेशनल स्पीकर चोपड़ा ने छात्राओं की हौसलाअफजाई करते हुए बताया कि परीक्षा की तैयारी के बीच बीच में ब्रेक भी जरूरी है, प्रतिदिन की संतुलित निद्रा व आहार भी सफलता के आधार हैं। चोपड़ा ने छात्राओं को परीक्षा की समयबद्ध तैयारी के मध्य की अड़चन को इंगित करते हुए मोबाईल के उपयोग व दुरुपयोग पर विस्तृत चर्चा की, एक सिक्के के दो पहलू होते हैं। मोबाईल पर समय के दुरुपयोग से दूर रहकर उसके सही उपयोग को क्रियान्वित करें। कठिन प्रश्नों के उत्तर अपनी आवाज में रिकॉर्ड करें उसे बार बार सुनकर मस्तिष्क पटल पर बैठाएं, इस प्रकार हमारे जीवन में रचे बसे मोबाईल का परीक्षा के लिए सदुपयोग का संकल्प छात्राओं ने लिया। अंत में अनेक छात्राओं ने अपने डाऊट बताए जिसका विजय चोपड़ा ने विस्तार पूर्वक समाधान देकर बच्चों का उत्साहवर्धन किया। श्री आदिश्वर जैन कन्या पाठशाला के अध्यक्ष कमल भंसाली व सचिव गुलाब दस्सानी ने मोटिवेशनल कार्यशाला के लिए आभार प्रकट किया। कार्यक्रम में महेन्द्र कोचर, कमल भंसाली, गुलाब दस्सानी, योगिता शर्मा, दीपाली बर्वे, सोनल चौहान, मोनिका मिश्रा, मोनिका बड़वाईक, साक्षी तम्बोली, तरुणा सिंह बिसेन, अंकिता मिश्रा, लक्ष्मी पाठक, प्रीति गुप्ता, निवेदिता मिरे, नित्या गुप्ता ने भाग लिया।

सिपेट रायपुर में एसईसीएल, बिलासपुर सीएसआर योजना के तहत् प्रायोजित कौशल प्रशिक्षण का समापन समारोह

रायपुर (विश्व परिवार)। केन्द्रीय पेट्रोरसायन अभियांत्रिकी एवं प्रौद्योगिकी संस्थान (सिपेट), रायपुर में साऊथ ईस्टर्न कोलफील्ड्स लिमिटेड (स्श्रष्टरु), बिलासपुर द्वारा प्रायोजित छत्तीसगढ़ एवं मध्य प्रदेश राज्य से एसईसीएल खनन प्रभावित क्षेत्रों के युवाओं को कौशल विकास प्रशिक्षण के माध्यम से रोजगार के अवसर प्रदान किये जा रहे है। इसी तारतम्य में सिपेट, रायपुर में 06 माह का मशीन ऑपरेटर-इंजेक्शन मोल्डिंग एवं मशीन ऑपरेटर-प्लास्टिक्स एक्सट्रूज़न पाठ्यक्रम में प्रशिक्षण प्रदान किया गया, जिसका समापन समारोह दिनांक 20.01.2025 को आयोजन एस.ई.सी.एल. के श्री आलोक कुमार श्रीवास्तव, महाप्रबंधक (सिविल/सीएसआर), श्री आशीष कुमार डी. सूर्यवंशी, उपप्रबंधक, श्री अर्बन मंडल, उपप्रबंधक, श्री पीयूष मिश्रा, उपप्रबंधक एस.ई.सी.एल. बिलासपुर एवं डॉ. आलोक साहू, प्रधान निदेशक एवं प्रमुख सिपेट, रायपुर की उपस्थिति में किया गया।

कार्यक्रम के प्रारंभ में श्री नीतेश कुमार जैन, वीटीसी प्रशिक्षण प्रभारी द्वारा सर्वप्रथम उद्बोधन में उपस्थित अतिथियों का स्वागत करते हुए सिपेट में संचालित होने वाली शैक्षणिक, कौशल विकास एवं तकनीकी सेवाओं से संबंधित गतिविधियों से अवगत कराया गया तथा बताया गया कि किस प्रकार सिपेट ने साऊथ ईस्टर्न कोलफील्ड्स लिमिटेड (SECL) के साथ मिलकर छत्तीसगढ़ राज्य के एसईसीएल खनन प्रभावित क्षेत्रों के युवाओं को प्रशिक्षण देते रोजगार की अवसर प्रदान कर रहा है, जिससे छत्तीसगढ़ राज्य के बेरोजगार युवाओं ने 06 माह कौशल कर देश के विभिन्न उद्योगों में नौकरी कर अपना कैरियर संवारने के अवसर प्रदान किये है। साथ ही यह अनुरोध किया गया कि सिपेट में भविष्य में होने वाले प्रशिक्षण कार्यक्रमों में प्रशिक्षणार्थी अधिक से अधिक संख्या में अपने आस-पास के युवा साथियों को जागरूक एवं प्रेरित कर उनके जीवन में रोजगार की अवसर प्रदान करने में सहयोग करें।

मुख्य अतिथि श्री आलोक कुमार श्रीवास्तव, महाप्रबंधक (सिविल/सीएसआर), एस.ई.सी.एल. बिलासपुर द्वारा अपने संबोधन में बताया गया कि भारत के विकास में एवं औद्योगिक तरक्की में कौशल विकास का कितना महत्वपूर्ण योगदान है। साथ ही यह भी कहा गया कि सिपेट जैसे रोजगार देने वाले संस्थान हमारे राज्य में होने का गर्व किया तथा प्रशिक्षणार्थियों को अग्रणी एवं सक्रिय भूमिका निभाने हेतु प्रेरित किया गया। सिपेट द्वारा अनुवरत रूप से प्रदान किये जा रहे प्रशिक्षण तथा एसईसीएल के समाज के विकास में योगदान की भूरी-भूरी प्रशंसा करते हुए शुभकामनाएं प्रेषित की। मुख्य अतिथि द्वारा संबोधित करते हुए प्रशिक्षणार्थियों को उनकी सफलता एवं नियोजन पर बधाई देते हुए उज्जवल भविष्य हेतु शुभकामनाएं प्रेषित की।

समारोह के अंत में अतिथियों के कर कमलों से प्रशिक्षणार्थियों को प्रशिक्षण प्रमाण पत्र के साथ-साथ मेसर्स शिवालिक इंजीनियरिंग इंडस्ट्रीज लिमिटेड, भिलाई, म्यूच्यूअल ऑटो मोटिवे लिमिटेड, पुणे, सिंटेक्स इंडस्ट्रीज प्राइवेट लिमिटेड, रायपुर, सिद्धार्थ पालीटुइबेस, महासमुंद, सतीश इन्जेक्तो प्लास्ट प्राइवेट लिमिटेड, पुणे, अजय कारपोरेशन लिमिटेड एवं पुणे रिज्बोक पाइप्स प्राइवेट लिमिटेड, दुर्ग में नियोजन के प्रस्ताव पत्र प्रदान किये गये।

कार्यक्रम में सिपेट, रायपुर से श्री नीतेश जैन, प्रशिक्षण प्रभारी एवं प्रशासनिक अधिकारी, श्री एन. रविन्द्र रेड्डी, प्रबंधक (तकनीकी), सुश्री सस्मिता मिश्रा, तकनीकी अधिकारी, श्री बी. श्रीनिवास राव, श्री नीरज सार्वा तथा श्री विनय कुमार पाठ्यक्रम प्रभारी श्री प्रीतम चक्रधारी सहित सिपेट के सभी कार्मिकगण उपस्थित रहे।

प्रकाशक, मुद्रक, स्वामी प्रियेश कुमार जैन द्वारा आसमां पब्लिसर्स इंडिया प्रा.लि. पंजाब नेशनल बैंक के सामने, जयस्तंभ चौक, रायपुर से मुद्रित एवं ओलंपस जिम के पीछे, सेक्टर-1, शंकर नगर रायपुर (छ.ग.) से प्रकाशित। संपादक : प्रदीप कुमार जैन, फोन नं. : 0771- 4017966, मो.- 9981924252 RNI.NO.CHHHIN/2013/50354